हिन्दी सांध्य दैनिक

# प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन


RNI:UPHIN/2016/68754 www.prakharpurvanchal.com Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्ष: 7, अंक: 335, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 29 मई, 2023 दिन सोमवार गाजीपुर/वाराणसी

## संसद का यह भवन नए भारत के सृजन का आधार बनेगा : मोदी

### प्रधानमंत्री बोले– भारत एक लोकतांत्रिक राष्ट्र नहीं, बल्कि लोकतंत्र की जननी भी है



नई दिल्ली। देश को नया संसद भवन मिल चुका है। पीएम मोदी ने पूरे विधि-विधान से इसका उद्घाटन किया। नए भवन में लोकसभा में 888 और राज्यसभा में 384 सदस्यों के बैठने की व्यवस्था है। नई संसद के पहले दिन पीएम मोदी ने मौजूद गणमान्य लोगों को संबोधित किया। पीएम मोदी ने कहा कि हर देश की विकास यात्रा में कुछ पल ऐसे आते हैं, जो हमेशा के लिए अमर हो जाते हैं। कुछ तारीखें समय के ललाट पर इतिहास का अमिट हस्ताक्षर बन जाती हैं।

आज 28 मई 2023 का यह दिन ऐसा ही शुभ अवसर है। देश आजादी के 75 वर्ष होने पर अमृत महोत्सव मना रहा है। इस महोत्सव में भारत के लोगों ने अपने लोकतंत्र को संसद के इस नए भवन का उपहार दिया है। उन्होंने कहा कि साथियों ये सिर्फ एक भवन नहीं है। एक राष्ट्र के रूप में हम सभी के लिए 140 करोड़ का संकल्प ही इस संसद की प्राण प्रतिष्ठा है। यहां होने वाला हर निर्णय ही, आने वाले समय को संवारने वाला है। संसद की हर दीवार, इसका कण-कण गरीब के कल्याण के लिए समर्पित है। उन्होंने आगे कहा कि संसद का यह नया भवन, भारत के सृजन का आधार बनेगा। संसद की इस नई इमारत में सेंगोल की स्थापना को लेकर पीएम मोदी ने कहा कि महान चोल साम्राज्य में सेंगोल को कर्तव्य पथ का, सेवा पथ का, राष्ट्रपथ का प्रतीक माना जाता था। राजाजी और आदिनम के संतों के मार्गदर्शन में यही सेंगोल सत्ता के हस्तांतरण का प्रतीक बना था। मोदी ने कहा कि मुझे तमिलनाडु से विशेष तौर पर आए हुए आदिनम के संत ने आशीर्वाद दिया। मैं उन्हें पुनः नमन करता हूं। नरेंद्र मोदी ने नई संसद में कहा कि जब भी इस संसद भवन में कार्यवाही शुरू होगी। यह सेंगोल हम सभी को प्रेरणा देता रहेगा। भारत एक लोकतांत्रिक राष्ट्र नहीं, बल्कि लोकतंत्र की जननी भी है। मदर ऑफ डेमोक्रेसी भी है। भारत आज वैश्विक लोकतंत्र का बहुत बड़ा आधार है।

लोकतंत्र हमारे लिए सिर्फ एक व्यवस्था ही नहीं, एक संस्कार है, एक विचार है, एक परंपरा है। उन्होंने कहा कि कोई भी एक्सपर्ट अगर पिछले नौ वर्षों का आकलन करे तो पाएगा कि यह नौ वर्ष गरीबों के कल्याण के लिए रहे हैं। मुझे पिछले नौ साल में गरीबों के लिए चार करोड़ घर बनने का संतोष है। हम जब इस भव्य इमारत को देखकर अपना सिर ऊंचा कर रहे हैं, तो हम नौ साल में बने 11 करोड़ शौचालय को देखकर गर्व कर रहे हैं। चार लाख किमी से ज्यादा सड़कों का निर्माण किया। हमने चार साल में अमृत सरोवरों का निर्माण किया। हमने 30000 से ज्यादा पंचायत भवन भी बनाए हैं। यानी पंचायत भवन से लेकर संसद भवन तक हमारी निष्ठा एक ही है।

हमारी प्रेरणा एक रही है। देश का विकास, देश के लोगों का विकास। पीएम मोदी ने पुरानी संसद में आने वाली परेशानियों पर भी बात की। उन्होंने कहा कि साथियों संसद के पुराने भवन में सभी के लिए अपने कार्यों को पूरा करना मुश्किल हो रहा था, यह हम सभी जानते हैं। तकनीक, बैठने की जगह से जुड़ी चुनौतियां थीं। हमें यह भी देखना था कि आने वाले समय में सीटों की संख्या बढ़ेगी, सांसदों की संख्या बढ़ेगी तो वे कहां बैठेंगे। इसलिए यह समय की जरूरत थी कि संसद के नए भवन का निर्माण किया जाए। उन्होंने कहा कि नया संसद भवन नए सुविधाओं से लैस है। आप देख सकते हैं कि इस वक्त भी सूर्य का प्रकाश सीधे आ रहा है। इसमें तकनीक का पूरा ध्यान रखा गया है।

## सत्येंद्र जैन से अस्पताल में मिले अरविंद केजरीवाल, एलएनजेपी पहुंचकर जाना हाल



नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रविवार को लोकनायक जयप्रकाश नारायण अस्तपताल (एलएनजेपी) अस्पताल में भर्ती दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन से मुलाकात की। अरविंद केजरीवाल ने लोकनायक जयप्रकाश नारायण अस्तपताल पहुंचते ही सत्येंद्र जैन को गले लगा लिया। इस दौरान सीएम केजरीवाल ने सत्येंद्र जैने से उनका हाल जाना। मुलाकात के बाद ट्वीट करते हुए अरविंद केजरीवाल ने अपने पूर्व मंत्री के बारे में लिखा है- 'आज मैं एक बहादुर शख्स से मिला जो आज के दौर का हीरो है'। सत्येंद्र जैन बुधवार को तिहाड़ जेल के बाथरूम में गिर गए थे। चक्कर आने के कारण वह गिरे थे। इसके बाद जेल प्रशासन ने उन्हें पंडित दीनदयाल उपाध्याय अस्पताल में भर्ती कराया था। हालत बिगड़ने पर एलएनजेपी ले जाया गया था। बता दें कि दो दिन पहले सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें 6 सप्ताह यानी 42 दिनों के लिए जमानत पर छोड़ा है।

## उद्घाटन समारोह में शामिल धर्मगुरुओं का बड़ा संदेश, कहा- धर्म गुरु से पहले हम भारतीय



नई दिल्ली। देश को आज अपना नया संसद भवन मिल गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सत्ता हस्तांतरण के प्रतीक, 'सेंगोल' को नए संसद भवन में स्थापित किया। 'सेंगोल' को लोकसभा स्पीकर के आसन के पास लगाया गया है। नए संसद भवन के उद्घाटन के बाद पीएम ने निर्माण में काम करने वाले श्रमिकों को सम्मानित किया। पीएम मोदी ने इस अवसर पर 75 रुपये का एक खास सिक्का भी जारी किया। नई दिल्ली में बना नया संसद भवन पुरानी इमारत के ठीक बगल में बना है। वहीं, इस मौके पर तमिलनाडु के अलग-अलग मठों से आए अधीनम ने हवन-पूजन किया। उद्घाटन के बाद नई संसद में सर्वधर्म सभा आयोजित हुई। इस सर्वधर्म सभा में बौद्ध, जैन, पारसी, सिख समेत कई धर्मों के धर्मगुरु ने अपनी-अपनी प्रार्थनाएं कीं। उद्घाटन के बाद धर्मगुरुओं ने भारतीयों को एकजुट रहने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि आज का दिन भारतीयों के लिए एक ऐतिहासिक दिन है। नए संसद भवन के उद्घाटन के अवसर पर बहु-विश्वास प्रार्थना में भाग लेने वाले यहूदी रब्बी एजेकील इसहाक मालेकर ने कहा कि आज हमने विविधता में एकता का संदेश दिया है। हम धर्म गुरु है, लेकिन हम संदेश देना चाहते हैं कि हम पहले भारतीय नागरिक के तौर पर उपस्थित रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत यहूदियों के लिए एक ऐसा देश है, जहां वे दो वर्षों से रहे हैं। उन्हें कभी छल कपट का सामना नहीं, करना पड़ा। इसलिए मैं कहता हूं कि भारत हमारी मात्र भूमि है। इसलिए इसका सम्मान करना चाहिए। धर्म और राजनीति को अलग रखना चाहिए। हम राजनीति पर कुछ बोले वो हमारे लिए सही नहीं है। वहीं, सिख गुरु बलबीर सिंह ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि मैं राजनीति से खुद को दूर रखता हूं। इसलिए मैं केवल इतना कह सकता हूं कि देश के विकास के लिए सभी को एकजुट होकर काम करना चाहिए। उद्घाटन समारोह के दौरान आयोजित बहु-विश्वास प्रार्थना सभा में जैन आचार्य डॉ. लोकेश मुनि भी शामिल हुए थे। उन्होंने कहा कि'आज नई संसद में जब 'धर्म दंड' स्थापित किया गया तो हमने एक ऐतिहासिक क्षण देखा। उन्होंने कहा कि मैंने संपूर्ण जैन धर्म की तरफ से मोदी का आभार व्यक्त किया क्योंकि पीएम ने धर्म दंड को बड़े आदर के साथ स्थापित किया। इस मौके पर सभी धर्म की प्राथनाएं हुईं। नए संसद भवन के उद्घाटन के अवसर पर बहु-विश्वास प्रार्थना में भाग लेने वालीं जसबीर कौर ने कहा कि नया संसद भवन परिवर्तन का प्रतिनिधित्व करता है और यह हमारे लिए एक ऐतिहासिक क्षण है। हर भारतीय को एकजुट रहना चाहिए।

## कांग्रेस के दावे के उलट शशि थरूर ने किया ट्वीट, बोले- लोकतंत्र और संप्रभुता का प्रतीक है सेंगोल



नई दिल्ली। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि थरूर ने आज नए लोकसभा कक्ष में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा स्थापित किए गए ऐतिहासिक राजदंड 'सेंगोल' को लेकर हुए भारी विवाद खड़ा कर दिया है। दरअसल, थरूर ने अपनी पार्टी के विपक्ष जाकर बयान दिया है। तिरुवनंतपुरम से कांग्रेस सांसद शशि थरूर की टिप्पणी उनकी पार्टी द्वारा राजदंड के इतिहास पर सरकार के दावों को फर्जी करार दिए जाने के बाद आई है। शशि थरूर ने एक ट्वीट करते हुए लिखा, "सेंगोल विवाद पर मेरे नजरिये से दोनों पक्षों के पास अच्छे तर्क हैं।

सरकार का यह तर्क उचित है कि राज-दंड पवित्र संप्रभुता और धर्म के शासन को मूर्त रूप देते हुए परंपरा का चलता रहना दिखाता है। विपक्ष का यह तर्क उचित है कि संविधान देशवासियों के नाम पर बना है और संप्रभुता देशवासियों की संसद में देशवासियों के प्रतिनिधित्व में मौजूद है और संविधान किसी राजा को राजसी विशेषाधिकार से मिलने वाला कोई दैवीय अधिकार नहीं है।

" शशि थरूर ने लिखा, " सत्ता और विपक्ष के इन तर्कों में सामंजस्य बैठ सकता है यदि माउंटबेटन द्वारा नेहरू को राज-दंड सत्ता के हस्तांतरण के रूप में दिए जाने वाली विवादास्पद और ध्यान भटकाने वाली कहानी, जिसका कोई प्रमाण नहीं है, को हटा दिया जाए। हमें सीधा कहना चाहिए कि राजदंड सेंगोल शक्ति और प्रभुत्व का पारंपरिक चिन्ह है, जिसे लोकसभा में स्थापित करते हुए, भारत यह निश्चित कर रहा है कि संप्रभुता वहां लोकसभा में रहती है, न कि किसी राजा के पास।" उन्होंने कहा, "वर्तमान के मूल्यों की पुष्टि के लिए बीते कल के इस प्रतीक को हमें सम्मान देना चाहिए।" सरकार ने कहा है कि अंग्रेजों से भारतीयों को सत्ता के हस्तांतरण को चिह्नित करने के लिए 14 अगस्त, 1947 को भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू को 'सेंगोल' सौंप दिया गया था।

## सीएम योगी ने दिए निर्देश, बोले- तत्परता से काम करें अधिकारी, प्रभावितों की मदद करें



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विभिन्न जनपदों में हुई बारिश और आंधी के द्दष्टिगत अधिकारियों को पूरी तत्परता से राहत कार्य संचालित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि अधिकारी क्षेत्र का भ्रमण कर राहत कार्य पर नजर रखें और प्रभावित लोगों को मदद प्रदान करें। उन्होंने आपदा से हुई जनहानि में प्रत्येक प्रभावित परिवार को 4 लाख रुपये की अनुमन्य राहत राशि अविलम्ब प्रदान किए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि जिन लोगों के घरों को नुकसान पहुंचा अथवा पशु हानि हुई, ऐसे प्रभावितों को तत्काल अनुमन्य वित्तीय सहायता प्रदान की जाए। मुख्यमंत्री ने यह निर्देश भी दिए हैं कि फसलों को हुए नुकसान का आकलन कर शासन को आख्या उपलब्ध कराई जाए, ताकि इस सम्बन्ध में अग्रेतर कार्रवाई की जा सके। उन्होंने घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर जिला प्रशासन के अधिकारियों को उनके समुचित उपचार की व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए हैं।

## दुस्साहस: बरात में आई दो बालिकाओं से दुष्कर्म, गांव के बाहर रोती मिलीं बच्चियां, आरोपियों की धरपकड़ शुरू



बिजनौर। बिजनौर जनपद के शेरकोट थाना क्षेत्र के गांव वाजीदपुर में शनिवार की देर रात एक बारात में दो बालिकाओं के साथ आरोपियों ने दुष्कर्म कर डाला। इसका पता तब लगा जब दोनों बालिकाएं बदहवास हालत में गांव के बाहर रोती चिल्लाती मिली ।घटना का पता लगते ही घर आती हो और बारातियों में हड़कंप मच गया। पीड़िता के परिजनों की ओर से पुलिस में अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट कायम कराई गई है। पुलिस इस मामले में कई लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर रही है। बताया गया कि शेरकोट थाने के गांव वाजीदपुर में बलराम सिंह पाल की बेटी की नहटौर थाना क्षेत्र के गांव बसावन पुर से बारात आई थी। बारात में घराती और बाराती खाना खा कर डांस कर रहे थे। इस दौरान पांच और छह साल की दो बालिकाएं कार्यक्रम से रहस्यमयी ढंग से गायब हो गईं। पता लगने पर उन्हें काफी तलाश किया गया। लेकिन उनका काफी देर तक पता नहीं लग सका। कुछ देर के बाद दोनों बालिकाएं गांव से कुछ दूरी पर बदहवास हालत में रोती-चिल्लाती मिलीं। दोनों बच्चियों के बदन पर कपड़े नहीं थे। घटना का पता लगते ही बारात में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस घटना का पता लगते ही रात में ही मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू कर दी। पुलिस ने सात आठ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। उधर अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी धामपुर धर्म सिंह का कहना है कि घटना के संज्ञान में आते ही पुलिस की दो टीमें गठित कर दी गई है। कई लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। डॉग स्क्वायड से जांच कराई जा रही है। फॉरेंसिंग टीम भी मौके पर पहुंचकर घटना की जांच कर रही है। अपर पुलिस अधीक्षक का कहना है कि जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा। दोनों बालिकाओं का मेडिकल परीक्षण कराया जा रहा है। गौरतलब है कि इनमें से एक बालिका स्योहारा थाना क्षेत्र के एक गांव की निवासी है। जबकि एक पीड़िता गांव के ही संबंधित परिवार की है।

## पहलवानों पर की गई पुलिस की कार्रवाई को प्रियंका गांधी ने ठहराया गलत, केंद्र सरकार पर बोला हमला



नई दिल्ली। दिल्ली के जंतर-मंतर पर लगभग 35 दिनों से धरने पर बैठे पहलवानों ने रविवार को नए संसद भवन के उद्घाटन के मौके पर महिला महापंचायत का एलान किया था। सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए पुलिस ने सभी प्रदर्शनकारियों को हिरासत में ले लिया है।

नई संसद की ओर मार्च कर रहे पहलवानों को दिल्ली पुलिस बसों में भरकर अलग स्थान पर ले जा रही है। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने पहलवानों पर की गई पुलिस की कार्रवाई को लेकर केंद्र सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने कहा, "खिलाड़ियों की छाती पर लगे मेडल हमारे देश की शान होते हैं। उन मेडलों से और खिलाड़ियों की मेहनत से देश का मान बढ़ता है। भाजपा सरकार का अहंकार इतना बढ़ गया है कि सरकार हमारी महिला खिलाड़ियों की आवाजों को निर्ममता के साथ बूटों तले रौंद रही है। ये एकदम गलत है। पूरा देश सरकार के अहंकार और इस अन्याय को देख रहा है।"

## शौचालय के टैंक की सफाई करते समय बड़ा हादसा, पिता-पुत्र समेत चार की मौत, एक गंभीर घायल



प्रखर कुशीनगर। उत्तर प्रदेश के कुशीनगर जिले में बड़ा हादसा हुआ है। शौचालय के टैंक की सफाई के दौरान दर्दनाक हादसा हुआ है। यहां शौचालय के टैंक की सफाई करते हुए पांच लोग हादसे का शिकार हो गए। एक ही परिवार के पांचों में चार लोगों की मौत हो गई। जबकि की हालत गंभीर है। जानकारी के अनुसार, नेबुआ नौरंगिया थाना इलाके के बहोरा रामनगर गांव के खपरधिक्का टोला में रविवार की सुबह सेफ्टी टैंक की सफाई के दौरान पिता-पुत्र गैस की चपेट में आने से गिर गए। उन्हें बचाने गए पट्टीदारी के तीन लोग भी सेफ्टी टैंक में गिर गए। इसकी जानकारी होने पर अफरा तफरी मच गई। टैंक साफ करने वाली मशीन मंगाकर सफाई कराई गई। उसके बाद पांचों लोगों को कोटवा सीएचसी ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने पिता-पुत्र समेत चार को मृत घोषित कर दिया, जबकि पांचवें को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहां उसका इलाज कराया जा रहा है। सूचना मिलने पर डीएम-एसपी समेत कई अधिकारी मौके पर पहुंचे और घटना का जायजा लिया। बताया गया है कि नन्द कुशवाहा (45) के घर के सेफ्टी टैंक के ओवरफ्लो होने के कारण वह सुबह करीब दस बजे अपने बेटे नितेश (25) के साथ ढक्कन खोलकर सफाई करने उतरे, लेकिन गैस की चपेट में आने के कारण टैंक में ही रह गए। घरवालों ने इसकी सूचना पट्टीदारी के लोगों को दी तो आनन्द कुशवाहा (26), दिनेश कुशवाहा (38) और राजकुमार भी पहुंचे। वे भी टैंक में उतरे, लेकिन उसी में रह गए। इसके बाद अफरा तफरी मच गई। घटनास्थल पर भीड़ जुट गई। सेफ्टी टैंक साफ करने वाली मशीन मंगाई गई। उससे टैंक साफ कराकर पांचों को बाहर निकाला गया। उन्हें लोग नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र की कोटवा स्थित सीएचसी पर ले गए, जहां डॉक्टर ने नन्द कुशवाहा, उनके पुत्र नितेश कुशवाहा, आनन्द और दिनेश को मृत घोषित कर दिया, जबकि राजकुमार (28) को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहां राजकुमार का इलाज चल रहा है। सूचना मिलने पर डीएम रमेश रंजन, एसपी धवल जायसवाल, एएसपी रितेश सिंह, एसडीएम सदर महात्मा सिंह सहित अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे और घटना के बारे में जानकारी ली। मृतकों के घर में चीख पुकार मची है।

## डिप्टी सीएम केशव के बेटे का विवादित बयान : पुलिस अब आजम की भैंस नहीं पकड़ती, अतीक को गोली मारने का काम करती है



कौशांबी। सोशल मीडिया में डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य के बेटे योगेश मौर्य का एक बयान सुर्खियां में है। योगेश ने शनिवार को भरवारी में आयोजित नव निर्वाचित नगर पालिका अध्यक्ष कविता सरोज के शपथ ग्रहण समारोह में मंच से विवादित बयान दिया। इसमें उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की पुलिस अब आजम खां की भैंस नहीं खोजती, बल्कि अतीक को गोली मारने का काम करती है। इसके बाद वह यहीं पर नहीं रुके। मीडिया से मुखातिब होते हुए योगेश ने सिराथू व चायल के सपा विधायकों के बारे में भी टिप्पणी की। कहा कि दोनों विधायक अपने-अपने क्षेत्र में घुसने की हिम्मत नहीं जुटा पा रही हैं। इसके लिए उन्होंने भाजपा के विकास को जिम्मेदार बताया। समारोह में डीएम सुजीत कुमार, एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव, बारा (प्रयागराज) विधायक वाचस्पति व चायल के पूर्व विधायक संजय गुप्ता, भाजपा जिलाध्यक्ष अनीता त्रिपाठी समेत तमाम भाजपाई मौजूद थे। कार्यक्रम में डिप्टी सीएम केशव मौर्या के बेटे योगेश मौर्या बतौर विशिष्ट अतिथि शिरकत करने आए थे। अपने संबोधन में वह भाजपा सरकार के विकास कार्यों को गिनाते हुए एक ऐसा बयान दे बैठे, जो सोशल मीडिया की सुर्खियां बना गया। योगेश ने मंच से कहा कि अंत में वह सिर्फ इतना कहना चाहते हैं कि डीएम साहब की पुलिस अब आजम खां की भैंस पकड़ने का काम नहीं करती, वह अतीक को गोली मारने का काम करती है। इसके बाद वह मंच छोड़ अपनी कुर्सी की ओर बढ़े तो मंचासीन अफसर और नेता मुस्कुराने लगे।

## संपादकीय

# निर्वाचित सरकारों के ऊपर राज्यपाल और उप राज्यपालों का नियंत्रण?

बड़े आश्चर्य का विषय यह है, जनसंघ और भारतीय जनता पार्टी लंबे समय तक विपक्ष में रही है। विपक्ष में रहते हुए जिन बातों का वह विरोध करती थी।सत्ता में आने के बाद वह उनका समर्थन करते हुए निर्णय ले रही है।यह विरोधाभास सभी को आश्चर्य में डालता है।दिल्ली सरकार को लेकर, भारतीय जनता पार्टी कि केंद्र सरकार ने 2015 में केंद्रीय गृह मंत्रालय से एक अधिसूचना के माध्यम से,कई सेवाओं का नियंत्रण मुख्यमंत्री से छीनकर उपराज्यपाल के अधीन कर दिया था। यह एक कार्यकारी आदेश था। इस कार्यकारी आदेश में निर्वाचित मुख्यमंत्री को उनके अधिकारों से वंचित करते हुए, उपराज्यपाल को गृह मंत्रालय ने अधिकार दिए थे। आम आदमी पार्टी की सरकार ने इसका विरोध किया। यह मामला हाई कोर्ट से होते हुए सुप्रीम कोर्ट की संवैधानिक पीठ तक पहुंचा। 11 मई 2023 को अदालत ने एक ऐतिहासिक फैसला दिया। जिनमें निर्वाचित सरकारों के अधिकारों को बेहतर तरीके से परिभाषित किया गया। वहीं राज्यपाल और उपराज्यपाल की भूमिका को भी सुप्रीम कोर्ट ने आम आदमी पार्टी की याचिका तथा महाराष्ट्र में दल बदल के माध्यम से उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली जो सरकार गिराई थी।उस याचिका में जो निर्णय सुप्रीम कोर्ट ने दिया है। उसमें राज्यपालों और उपराज्यपाल की भूमिका और उनके अधिकारों को लेकर स्थिति साफ कर दी है। यह दोनों निर्णय संवैधानिक पीठ के थे। निर्वाचित सरकार की मंत्री परिषद के परामर्श से ही राज्यपाल और उपराज्यपाल को काम करना चाहिए।यह परंपरा हमेशा से रही है।दिल्ली सरकार के बारे में भी जब तक केंद्रीय गृह मंत्रालय ने कार्यकारी अधिसूचना जारी नहीं की थी। 1993 से लेकर 2015 तक दिल्ली के निर्वाचित मुख्यमंत्री को ही 3 मामलों को छोड़कर शेष सभी में ट्रांसफर पोस्टिंग के अधिकार थे। भारतीय जनता पार्टी और केंद्र की सरकार बार-बार कहती है, कि हमने कोई अधिकार कम नहीं किए। 1993 से जो अधिकार थे।वही अधिकार वर्तमान केजरीवाल सरकार के भी हैं। अरविंद केजरीवाल जानबूझकर,केंद्र के साथ टकराव करते हैं। यह केजरीवाल और आम आदमी पार्टी की इमेज बना दी गई है।सही मायने में केंद्रीय गृह मंत्रालय ने बिना अधिकारिता के जो अधिसूचना जारी की थी। उसके कारण यह विवाद सामने आया। जो 2015 से लेकर आज तक चल रहा है। इसका उल्लेख भाजपा नहीं करती है। केंद्र सरकार द्वारा हाल ही में जो अध्यादेश जारी किया गया है। उस अध्यादेश ने दिल्ली सरकार के साथ-साथ अन्य राज्यों की सरकारों को भी आसन्न खतरे से अवगत करा दिया है। पश्चिम बंगाल,महाराष्ट्र, तेलंगाना, पंजाब, छत्तीसगढ़ सहित लगभग आधा दर्जन उन राज्यों में जहां भाजपा की सरकारें नहीं है। वहां पर पिछले वर्षों में राज्यपाल की भूमिका को लेकर,राज्य सरकारों और राज्यपाल के बीच टकराव बना रहा। सभी गैर भाजपाई दल इस अध्यादेश के विरोध में एकजुट हो रहे हैं।जो केंद्र शासन ने जारी किया है। यह अध्यादेश दोनों सदनों में पास हो जाएगा, तो कानून बन जाएगा, एक भी सदस्य पास नहीं हुआ तो यह अध्यादेश निरस्त हो जाएगा। लोकसभा में यह अध्यादेश आसानी से पास हो जाएगा। राज्यसभा में पक्ष और विपक्ष के बीच मे टकराव होगा। विपक्षी एकता के लिए यह अध्यादेश, सत्ता पक्ष के लिए भी एक चुनौती बन गया है। सबसे बड़े आश्चर्य की बात यह है, कि जो जनसंघ और भाजपा हमेशा से राज्यपालों की भूमिका और निर्वाचित प्रतिनिधियों के अधिकारों के संरक्षण को लेकर बात करती रही है। वही भाजपा अब सत्ता में आने के बाद उन्हीं बातों का समर्थन करते हुए कांग्रेस से भी कई कदम आगे निकल गई है। कांग्रेस ने दल बदल कराकर अथवा धारा 356 में कम सरकारें गिराई होगी। उससे ज्यादा वर्तमान केंद्र सरकार ने गिरा दी। इसको लेकर विपक्षी दलों के बीच आश्चर्य व्यक्त किया जा रहा है। 1967-1977- 1989-1996 से लेकर 2004 तक केंद्र एवं राज्यों में जनसंघ और उसके बाद भाजपा ने विपक्षी दलों के साथ सरकारें चलाने का अनुभव, जनसंघ और भाजपा के पास था।

## हो गया पर काम !



हाय तौबा खूब मची ।
हो गया पर काम ।।
बढ़ी बात आगे है ।
लाख मचा कोहराम ।।
देखते विरोध का ।
मिलता कितना फल ।।
हर पल लेकिन बेवजह ।
है लगाना बल ।।
कम ना हुई तल्खी ।
बढ़ रही दरार ।।
काम ना आया फिर भी ।
किया जो प्रचार ।।
ऐतिहासिक बेला है ।
हुए तत्पर सारे ।।
ना समझना गलत ।
हम भी तो दुलारे ।।

–कृष्णेन्द्र राय

# इतिहास रचते भारत के स्टार जेवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा




2021 में टोक्यो ओलंपिक में भारत को एथलेटिक्स में सोना दिलाने का इतिहास रचने के बाद भारत के स्टार जेवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा ने एक बार फिर नया इतिहास रच दिया है। टोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाले वह भारत के इकलौते खिलाड़ी थे और ओलंपिक खेलों के इतिहास में एथलेटिक्स में स्वर्ण पदक जीतने वाले भी वह भारत के पहले एथलीट थे। अब नीरज महान एथलीट एंडरसन पीटर्स को पीछे छोड़ते हुए अपने कैरियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग हासिल कर पुरुषों की विश्व रैंकिंग में नए नंबर-1 एथलीट बन गए हैं और इस रैंकिंग के साथ नीरज का नाम इतिहास के पन्नों में सदा के लिए दर्ज हो गया है। यह रैंकिंग हासिल करने वाले वह भारत के पहले एथलीट बने हैं। नीरज ने 5 मई को दोहा में हुए डायमंड लीग में 88.67 मीटर की दूरी पर भाला फैंककर स्पर्धा जीती थी और उसी बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत ही उन्हें अब विश्व रैंकिंग में पहला स्थान मिला है। टोक्यो ओलंपिक के रजत पदक विजेता जाकूब वादलेच दोहा डायमंड लीग में भी दूसरे स्थान पर रहे, जिन्होंने 88.63 मीटर की दूरी पर भाला फैंका जबकि विश्व चैम्पियन एंडरसन पीटर्स 85.88 मीटर की दूरी पर भाला फैंककर तीसरे स्थान पर रहे।

मौजूदा विश्व रैंकिंग में नीरज 1455 अंकों के साथ अब शीर्ष पर हैं जबकि ग्रेनेडा के एंडरसन पीटर्स 1433 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर पिछड़ गए हैं। तीसरे स्थान पर 1416 अंकों के साथ चेक रिपब्लिक के जाकूब वादलेच हैं। चौथे नंबर पर जर्मनी के जूलियन वीबर और पांचवें स्थान पर पाकिस्तान के अरशद नदीम हैं। अगस्त 2022 से अब तक नीरज विश्व रैंकिंग में दूसरे स्थान पर थे जबकि विगत 8 महीनों से एंडरसन पीटर्स नंबर 1 पर विराजमान थे लेकिन दोहा डायमंड लीग के मैच में शानदार प्रदर्शन कर पीटर्स को पीछे छोड़ते हुए नीरज अब दुनिया के नंबर वन जेवलिन थ्रोअर बन गए हैं। वैसे नीरज टोक्यो ओलंपिक में इतिहास रचने के बाद से ही विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय स्पधाओं में कमाल का प्रदर्शन कर रहे हैं। पिछले साल अमेरिका के ओरेगन में आयोजित विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में रजत पदक जीतकर नीरज विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में रजत पदक जीतने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बने थे। विश्व चैंपियनशिप में भारत अब तक केवल दो पदक ही जीत सका है। पहली बार 2003 की विश्व चैंपियनशिप में लांग जंपर अंजू बॉबी जॉर्ज ने पेरिस में कांस्य पदक जीता था। उसके बाद 19 वर्षों से भारत विश्व चैंपियनशिप में पदक के लिए तरस रहा था और उस लंबे इंतजार को अपने स्वर्णिम प्रदर्शन से खत्म किया था नीरज चोपड़ा ने, जिन्होंने ओरेगन विश्व चैंपियनशिप में क्वालिफिकेशन में 88.39 मीटर के साथ फाइनल में जगह बनाई और पदक राउंड में 88.13 मीटर का सर्वश्रेष्ठ थ्रो करके रजत पदक जीतकर इतिहास रच डाला था। विश्व चैंपियनशिप के इतिहास में भारत का वह पहला रजत पदक था। उस चैंपियनशिप के फाइनल में तीन बार 90 मीटर के मार्क को पार करते हुए 90.54 मीटर की दूरी के साथ एंडरसन पीटर्स स्वर्ण पदक जीतकर विश्व चैंपियन बने थे।

नीरज ने जुलाई 2022 में विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में रजत पदक जीतने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी होने का तमगा हासिल करने के बाद 89.08 मीटर के अपने पहले ही थ्रो के साथ लुसाने डायमंड लीग 2022 भी जीती थी और तब डायमंड लीग जीतने वाले पहले भारतीय एथलीट बने थे। उसके बाद ज्यूरिख में डायमंड लीग में उन्होंने 89.63 मीटर की दूरी पर भाला फैंककर स्वर्ण पदक अपने नाम किया था, जो उनका अब तक का सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत स्कोर भी है। लगातार ऐसी ही सफलताएं हासिल करने के कारण ही उन्हें अब भारतीय एथलेटिक्स की अभूतपूर्व सफलता का अग्रदूत कहा जाने लगा है। अब नीरज का लक्ष्य अपने भाले से 90 मीटर की दूरी को छूना है। वैसे 24 दिसम्बर 1997 को हरियाणा के पानीपत जिले के खांद्रा गांव में एक छोटे से किसान के घर पर जन्मे नीरज चोपड़ा टोक्यो ओलम्पिक में इतिहास रचने से पहले भी कई बड़ी-बड़ी चैंपियनशिप जीत चुके हैं। भारतीय सेना में कार्यरत नीरज ओलंपिक में बेमिसाल जीत दर्ज कराने से पहले कुछ बड़े मेगा स्पोर्ट्स इवेंट में स्वर्ण पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का परिचय पहले ही दे चुके हैं। नीरज एशियाई खेलों, राष्ट्रमंडल खेलों, एशियन चैंपियनशिप, साउथ एशियन गेम्स और विश्व जूनियर चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक अपने नाम कर चुके हैं। एशियाई खेलों के इतिहास में अब तक भालाफैंक में भारत को दो ही पदक मिले हैं और नीरज पहले ऐसे भारतीय एथलीट हैं, जिन्होंने एशियन खेलों में स्वर्ण पदक जीता। उनसे पहले वर्ष 1982 में गुरतेज सिंह को कांस्य पदक मिला था।

बहरहाल, टोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतकर ओलंपिक खेलों में भारत के खाते में स्वर्णिम इतिहास दर्ज कराने वाले नीरज चोपड़ा को पद्मश्री से सम्मानित किया जा चुका है। 2021 में वह राष्ट्रीय खेल रत्न पुरस्कार, वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप में रजत पदक के अलावा कुछ अन्य स्पधाओं में भी स्वर्ण और रजत पदक अपने नाम कर चुके हैं। इस वर्ष नीरज से कई आगामी टूनामेंटों में भी शानदार प्रदर्शन की उम्मीद की जा रही है। 27 जून को वह गोल्डन स्पाइक ऑस्ट्रावॉ, 30 जून को लुसाने डायमंड लीग, 21 जुलाई को मोनाको डायमंड लीग, 19-27 अगस्त को विश्व एथलेटिक्स चैम्पियनशिप हंगरी, 31 अगस्त को ज्यूरिख डायमंड लीग, 16-17 सितंबर को युनिज डायमंड लीग फाइनल और 23 से 8 अक्तूबर के बीच होने वाले एशियाई खेलों में भाग लेंगे। नीरज चोपड़ा का कहना है कि अब उनका लक्ष्य 2024 के पेरिस ओलंपिक में इसी निरंतरता को बरकरार रखना है। उन्हें उम्मीद है कि अगली स्पधाओं में भी वह नंबर-1 ही रहेंगे और इस सीजन में निरंतर बेहतर प्रदर्शन करेंगे। बहरहाल, उम्मीद की जानी चाहिए कि आने वाली विभिन्न स्पधाओं में भी नीरज अपने ऐसे ही स्वर्णिम प्रदर्शन से भारत को गौरवान्वित करते रहेंगे।

# घर की शोभा ही नहीं, सृजन की प्रचण्ड शक्ति है बेटियां



पिछले कुछ वर्षों में देश हर क्षेत्र में बेटियों ने अपनी भागीदारी की शुरूआत की है, उसने सिद्ध कर दिया है कि हम कितने पिछड़े थे, जब इन बेटियों के गुण से वाकिफ नहीं थे अथवा जानकर भी उसे उजागर नहीं करना चाहते थे और कहते थे बेटियां घर की शोभा होती हैं, इसलिए उसे परदे में रहना चाहिए।

**बहादुर बेटियों ने आसमान से जमीन तक नेतृत्व किया–** एयर इंडिया की चार महिला पायलटों ने नॉर्थ पोल से उड़ान भरकर सोलह हजार किलोमीटर की दूरी तय करके इतिहास रच दिया। जोया अग्रवाल के साथ-साथ कैप्टन तनमई पपागिरी, कैप्टन आकांक्षा सोनावाने तथा कैप्टन शिवानी मन्हास थीं। टीम का नेतृत्व करके जोया अग्रवाल विश्व की सबसे युवा पायलट बनी थीं। उन बेटियों का उल्लेख यहां न करना नाइंसाफी होगी, ये वही हैं जिन्होंने देश को गौरवान्वित किया, और हर पिता का सीना गर्व से ऊंचा किया और सलाम उन माता-पिताओं को, जिन्होंने अपनी बेटियों की परवरिश में कोई कसर नहीं छोड़ी। ये बेटियां हैं- बेल्लूर की स्नेहा, ओडिशा की अनुप्रिया, लेखिका नासिरा शर्मा, लेफ्टिनेंट शिवांगी, भारतीय सेना की पहली महिला न्यायाधीश कर्नल ज्योति शर्मा, क्रिकेट बोर्ड की पहली अध्यक्ष रूपा गुरुनाथ, महालेखा नियंत्रक सोमा राय वर्मन, हिमा दास,सिंधु, वृंदा राठी, आरोही, अंजलि सिंह, पहली महिला डिफेंस अटैच ले. भावना कस्तूरी, दुती चंद, चंद्रिमा शाह, गगनदीप कंग, मानसी जोशी, और न जाने कितने।

अब आज के खेल के दौर को देखते हैं, जिनमें बेटियों ने भारत के लिए विजय का झंडा अंतर्राष्ट्रीय मंच पर गाड़कर भारतीय तिरंगा का परचम लहराया। उनमें महिला पहलवानों का उल्लेख करना आवश्यक है। हरियाणा के महावीर फोगाट ने अपनी दो बेटियों को कुश्ती के लिए प्रेरित किया और अपनी प्राकृतिक प्रतिभा को कठोर प्रशिक्षण के साथ जोड़कर, उन्हें खुद को काफी कम उम्र में ही पहले राष्ट्रीय, फिर अंतर्राष्ट्रीय पहलवानों के रूप में स्थापित कर दिया। गीता फोगाट और बबिता फोगाट ने 2009 राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप में अपना पहला अंतर्राष्ट्रीय पदक जीता। गीता ने 55 किग्रा में और बबीता ने 51 किग्रा में स्वर्ण पदक जीता। 2010 में गीता फोगाट ने राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण विजेता पहली महिला भारतीय पहलवान के समान इतिहास रच दिया, जबकि बबीता फोगाट रजत जीतकर अपनी बहन के साथ शामिल होने से बस एक कदम दूर रह गईं।

**बबीता फोगाट ने 2014 में अपना राष्ट्रमंडल खेलों का स्वर्ण जीता–** गीता फोगाट ने लंदन 2012 में अपना ओलंपिक पदार्पण किया और ओलंपिक पदक विजेता पहली महिला भारतीय पहलवान बनने से काफी पीछे रह गईं, वह टित्याना लाजेरेवा के खिलाफ उग्र होने के कारण हार गईं। हालांकि, इसी वर्ष सफलता का दौर भी चला, जब गीता ने अपना पहला विश्व चैंपियनशिप पदक जीता। 2012 में स्ट्रैथकोना काउंटी में कनाडा में महिला कुश्ती विश्व चैंपियनशिप में गीता ने कांस्य पदक जीता, जबकि उनकी बहन बबीता फोगाट ने भी कांस्य पदक जीता। बबीता फोगाट ने 2014 में अपना राष्ट्रमंडल खेलों का स्वर्ण जीता और रियो 2016 में अपना ओलंपिक धनुष बनाया, जहां वह पहले दौर में हार गईं।

इन बेटी महिला पहलवानों का भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष भाजपा के सांसद बृजभूषण शरण सिंह पर आरोप है कि उन्होंने उनका यौन शौषण किया। अब लगभग एक महीने से बैठी इन बेटियों पर तरह-तरह के जुल्म करके बाहुबली सांसद द्वारा मामले को खत्म कराने का प्रयास किया जा रहा है। इन बेटियों ने देश का मान-सम्मान विश्व के पटल पर बढ़ाया और आज उन्हें तरह-तरह से अपमानित किया जा रहा है। अब चूंकि सर्वोच्च न्यायालय ने इस मामले में हस्तक्षेप किया है, जिसके कारण हो सकता है कि इन महिला पहलवान बेटियों को न्याय मिल जाए और कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष पर लगाए गए आरोप सही पाए जाने पर कानूनी कार्रवाई से गुजरना पड़े। लेकिन, इन बेटियों की मेहनत को अनदेखा नहीं किया जा सकता। दुनिया की सबसे ऊंची और बफीर्ली बैटलफील्ड सियाचिन का नाम सुनकर ही सिहरन होती है। हालांकि, वीर प्रसूता मां भारती की कोख से जन्मे वीर सैनिक यहां भी देशप्रेम की मिसाल कायम करते हैं। ऐसी ही वीरांगना हैं कैप्टन शिवा चौहान। फायर एंड फ्यूरी कॉर्प्स अधिकारी कैप्टन शिवा चौहान सियाचिन ग्लेशियर के सबसे ऊंचे युद्धक्षेत्र में तैनात होने वाली पहली महिला अधिकारी बनकर इतिहास रचा है। उनकी इस उपलब्धि की चर्चा पूरे देश में हो रही है। कैप्टन शिवा को लोग बेटियों के लिए मिसाल के तौर पर देख रहे हैं। भारतीय सेना के फायर एंड फ्यूरी कॉर्प्स ने अपने आधिकारिक ट्विटर अकाउंट से कैप्टन शिवा चौहान की इस सफलता के बारे में खुद जानकारी दी है। ट्वीट में लिखा गया है कि फायर एंड फ्यूरी सैपर्स की कैप्टन शिवा चौहान दुनिया के सबसे ऊंचे युद्धक्षेत्र कुमार पोस्ट में ऑपरेशनल रूप से तैनात होने वाली पहली महिला अधिकारी बन गई हैं।

संभवतः आज शायद कोई भी ऐसा क्षेत्र अछूता नहीं रह गया हो, जहां बेटियों का अहम योगदान न हो। लेकिन, हां आज भी हमारे देश में ऐसा होता है, जहां बेटियां उपेक्षित हैं, जिन्हें उनके माता-पिता शिक्षित नहीं करना चाहते। देश के कई भागों बिटिया के जन्म को अशुभ माना जाता है, उस महिला को हिकारत भरी नजरों से देखा जाता है, उन्हें तरह-तरह के उलाहना दिए जाते हैं, अपमानित किया जाता है। इस सब के बावजूद यदि बड़ी होकर अपने पैरों पर खड़ा होना भी चाहें, तो उसे रोक दिया जाता है। इसलिए यदि लड़कियों को बीच में ही पढ़ाई छोड़ने की स्थिति देखेंगे, तो आंखें फटी रह जाएंगी। आंकड़ों के अनुसार 2010 में महिला साक्षरता दर 80.35% थी। अंततः समय के साथ दर में वृद्धि हुई है। 2010-2021 के बीच, भारत में महिला साक्षरता दर में 14.4% की वृद्धि हुई है। 2021 में यह दर 91.95% थी। लड़कियों की शिक्षा का समर्थन करके, समुदायों, राष्ट्रों और दुनिया को बदल दिया जाता है। शिक्षा प्राप्त करने वाली लड़कियों के स्वस्थ, जीवित रहने की संभावना अधिक होती है और उनकी जल्दी शादी करने की संभावना कम होती है। वे अपने और अपने परिवार के लिए बेहतर भविष्य बनाते हैं, और उन फैसलों में हिस्सा लेते हैं, जो उन्हें सीधे तौर पर प्रभावित करते हैं। लड़कियों की शिक्षा उद्योगों को बढ़ावा देती है और हमेशा काम करती है।

# माहवारी स्वच्छता दिवस बदल रही है सोच पीरियड अब नहीं रहा बोझ

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। मासिक धर्म (माहवारी) स्वच्छता दिवस को मनाने की शुरूआत वर्ष 2014 में हुई इसके लिए मई का महीना चुनने के पीछे भी एक खास वजह है मई वर्ष का पांचवा महीना है और महिलाएं हर महीने मासिक धर्म के दौरान औसतन पांच दिन ब्लीड करती हैं मासिक धर्म पर शिक्षा बहुत जरूरी हिस्सा है जब लड़कियों और महिलाओं में मासिक धर्म स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ही नहीं है वे नुकसान जानती ही नहीं है तो स्थिति में बदलाव की उम्मीद कैसे कर सकते हैं जिस तरीके से हमारी संस्था सेवन डेज फाउंडेशन काम कर रही है उससे महिलाओं में बदलाव तो आया है लेकिन अभी और भी बहुत काम करने की जरूरत है ग्रामीण औरतों के समूह बनाकर उन्हें जानकारी देकर हम महिलाओं में जागरूकता फैलाने का पूरा प्रयास कर रहे है जिससे लड़कियों को कम से कम यह तो पता लगे कि यह एक प्राकृतिक प्रक्रिया है शर्मनाक नहीं शिक्षा से ही अंधेरा दूर होगा,सूचना से ही जागरूकता आएगी` हमारी संस्था सेवन डेज फाउंडेशन गांव में जाकर एक समूह बनाकर ग्रामीण महिलाओं को पैड्स यूज करने और सेनेटरी पैड डिस्पोज करने के तरीके भी बताती हैं 28 दिन की अवधि तय करने के पीछे भी यही कारण था कि सम्मानित महिलाओं का पीरियड साइकिल 28 दिन का होता है अभियान सफल होने और दुनिया के सभी कोणों से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिलने के बाद वास यूनाइटेड ने मासिक धर्म के लिए एक वैश्विक जागरूकता दिवस मनाने का निर्णय लिया इसलिए 2014 के 28 मई से मासिक धर्म स्वच्छता दिवस पर मनाया जाने लगा महिलाओं के लिए सेनेटरी पैड की खोज मैरी बीट्राइस केनर ने किया था`

संस्था की सदस्य संस्कृति जी ने बताया कि किसी देश का विकास महिलाओं के विकास के समानुपाती होता है।महिलाओं की शिक्षा व स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता देश के विकास के पैमाने होते हैं (सदस्य) ने बताया कि हमारी संस्था महिलाएं, लड़कियों के विकास के लिए काम करती है परिवर्तन की यह यात्रा तीन साल पहले 20 अक्टूबर को शुरू हुई थी उसी दिशा में शहरी महिलाओं की मदद से ग्रामीण महिलाओं के उत्थान के लिए एक टीम बनाकर जागरुकता अभियान शुरू किया गया`

महिलाओं को मासिक धर्म के बारे में शिक्षित करना और उनके मासिक धर्म स्वच्छता के महत्व के बारे में शिक्षित करना शुरू किया समय के साथ कुछ सोच को हमने बदला है हमारे समाज ने कई चीजें अपनाई हैं तो कुछ चीजें छोड़ना भी पड़ेगा। हमारी संस्था के प्रयास से हमारी गांव में लोग हमसे जुड़ रहे हैं पहले तो हमसे बात भी करना पसंद नहीं करते थे बदलाव तो आया है लेकिन अभी बहुत कुछ बदलना बाकी है मेंट्रुअल हाइजीन को लेकर हम प्रतिदिन उन्हें जागरुक करते हैं`

मासिक धर्म एक घटना है जो लड़कियों के लिए आदित्य है। मासिक धर्म चक्र प्रजनन चक्र का प्राकर्तिक हिस्सा है जिसमें गर्भाशय से रक्त योनि से निकलता है जी एक प्राकृतिक प्रक्रिया है जो आमतौर पर 11 से 14 वर्ष की आयु से लड़कियों के बीच शुरू होती है उनमें से युवावस्था की शुरूआत के संकेतों में से एक है`

मासिक धर्म एक ऐसी प्रक्रिया है जिससे हर एक स्त्री अपने जीवन काल भी गुजरती है और यही उसके मातृत्व के परिचायक गुणों में प्रमुख एवं अनिवार्य है संगीत जी ने बताया कि हमारा समाज स्त्री और पुरुष दो मजबूत व्यक्तित्व से बना है दोनों ही वर्ग में समानता कायम करने के जिम्मेदारी स्त्री और पुरुष दोनों की है मासिक धर्म से जुड़ी रुढ़िवादी सोच को पूरी तरह से समाप्त करने का सपना तभी साकार किया जा सकता है जब दोनों ही वर्ग रुढ़िवादी समस्या को जड़ से मिटाने की जिम्मेदारी ले`

संस्था की अध्यक्ष कोमल गुप्ता जी ने बताया कि माहवारी स्वच्छता दिवस पर हम कई तरीकों से लोगों को जागरूक कर सकते हैं सोशल मीडिया अभियानों के माध्यम से मनाया जा सकता है ऐसे कई तरीके जैसे हम समारोह का हिस्सा बनकर बन सकते हैं आप मासिक धर्म के बारे में फोटो वीडियो जानकारी या अपने विचार पोस्ट करने के लिए अपने सोशल मीडिया हैंडल का उपयोग कर सकते हैं इसके अलावा आप लोगों को टैबू तोड़ने और इस मुद्दे पर खुलकर बात करने के लिए प्रेरित करने संबंधी कहानियां भी शेयर कर सकते हैं।

## 10 पारिवारिक विवादों में 4 परिवारों की हुई विदाई



प्रकार ब्यूरो गाजीपुर। परिवार परामर्श केंद्र गाजीपुर द्वारा पुलिस लाइन्स गाजीपुर के प्रांगण में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण बलवन्त कुमार चौधरी के कुशल निर्देशन मे कुल 10 परिवारिक विवाद प्रस्तुत हुये। इनमे नन्दनी पत्नी छोटू निवासी गायघाट थाना जमानिया की शिकायत थी कि उसके पति पडोसी की सुनकर उसके साथ हमेशा मार पीट करते है, इस पर पति को समझाकर विदाई करवाई गई। अंजली वर्मा पत्नी विकास वर्मा की शिकायत थी कि पूर्व मे उसके पति प्रेम विवाह किये थे जिस कारण दोनो के आचार विचार एक थे, लेकिन अब माता पिता के प्रेरित करने पर उसके पति मार पीट करते रहते है, इस पर पति और सास ससुर को समझाकर विदाई करवाई गई। बिन्दु पत्नी गोविन्द राम निवासी मुबारकपुर जुगुनू थाना बरेसर गाजीपुर की शिकायत थी कि उसके पति व ससुराल पक्ष के लोग दहेज के लिये उसके साथ मार पीट करते रहते है, इस पर दोनो पक्षो को समझाकर विदाई करवाई गई। तारा देवी पत्नी रामधारी यादव निवासी कोठिया बिसुनपुरा थाना नोनहरा गाजीपुर की शिकायत थी कि उसके पति शराब पीकर हमेशा उसके साथ मार पीट करते रहते है, इस पर पति को समझाकर विदाई करवाई गई। दो परिवारिक विवाद मे दोनो पक्ष अनुपस्थित थे। कुशलता के बाद तीन परिवारिक विवाद के प्रकरण को बन्द कर दिया गया एक परिवारिक विवाद को विधिक कार्यवाही का सुझाव देते हुये बन्द कर दिया गया। इन सभी प्रकरण के निस्तारण में विक्रमादित्य मिश्र, वीरेंद्र नाथराम, सरिता गुप्ता, शिवशंकर तिवारी, महिला सहायता प्रकोष्ठ प्रभारी उपनिरीक्षक रेनू यादव, महिला आरक्षी सुनीता देवी, आरक्षी आलेश कुमार, महिला आरक्षी रोली सिंह, होमगार्ड उर्मिला गिरी आदि लोग उपस्थित रहे।

## कासिमाबाद चौराहे पर मूर्ति स्थापना को लेकर राजनीतिक सियासत हुई तेज

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। तहसील कासिमाबाद चौराहे पर आए दिन जाम की समस्या को देखते हुए शासन द्वारा चौराहे पर गोलंबर, सुंदरीकरण एवं मार्ग चौड़ीकरण कार्य हेतु भूमि पूजन किया गया था। भूमि पूजन होते ही चौराहा पर मूर्ति लगाने के लेकर विभिन्न दलों एवं संस्थाओं ने सियासत तेज कर दी है। भीम आर्मी भारत एकता मिशन के जिला अध्यक्ष मनोज कुमार अपने समर्थकों के साथ कसमाबाद चौराहे का नाम संविधान के निमार्ता भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर चौक और उनकी मूर्ति स्थापना की मांग को बुलंद करते हुए जिला अधिकारी को संबोधित पत्रक कासिमाबाद उप जिला अधिकारी अश्वनी पांडे को सौंपा। मालूम हो कि इससे पहले छतरी महासभा ने महाराणा प्रताप की मूर्ति लगवाने और भाजपा नेताओं ने सम्राट अशोक की प्रतिमा स्थापित करने की मांग उठाई थी ऐसे में इस चौराहे पर मूर्ति स्थापना को लेकर विवाद गहराता जा रहा है भीम आर्मी भारत एकता मिशन के जिला अध्यक्ष मनोज कुमार ने पत्रक सौपते हुए कासिमाबाद चौराहे पर शासन द्वारा गोलंबर निर्माण कार्य हेतु बाबा भीमराव अंबेडकर की मूर्ति स्थापित करने और चौराहे का नाम भी उनके नाम पर करने की मांग की है।

# भदोही की हैंडनॉटेड कालीन बढ़ाएगी नए संसद भवन की खूबसूरती

## प्रधानमंत्री के 'वोकल फॉर लोकल' नारे में भदोही की कालीन भी शामिल, योगी सरकार की एक जनपद, एक उत्पाद योजना में शामिल है कालीन





प्रखर भदोही। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को सेंगोल की स्थापना के साथ नयी सांसद भवन का लोकार्पण कर दिया। भारतीय संसदीय इतिहास का यह गौरवशाली क्षण रहा। उत्तर प्रदेश के लिए भी यह गर्व की बात है कि दुनिया की सबसे खूसूरत बेल-बुटेदार कालीन भदोही में बनती है, जिसे सेंट्रल विस्टा में बिछाया गया है।योगी सरकार की महत्वपूर्ण योजना एक जनपद, एक उत्पाद योजना में भदोही की कालीन भी शामिल है। भदोही वैश्विक पटल पर कालीन उत्पादन के लिए मशहूर है। भदोही की ओबीटी कम्पनी ने ऑर्डर पर करीब 300 पीस कालीनें तैयार कराकर नए संसद भवन की सेंट्रल विस्टा में लगने के लिए भेजी गयीं हैं। संसद के अंदर कालीन को भदोही के ही कुशल श्रमिकों ने ही बिछाया है।रविवार को उद्घाटन के दौरान देश-दुनिया भदोही जिले के बुनाई कला में पारंगत बुनकरों के जादुई उंगलियों से बनी सतरंगी और मखमली कालीनों की खूबसूरती व चमक को निहारेगी। भदोही के गोपीगंज स्थित ओबीटी कार्पेट कम्पनी को अक्टूबर 2021 में ही ऑर्डर दिया गया था। कम्पनी को सेंट्रल विस्टा में कुल 5282 स्क्वॉयर यार्ड एरिया कवर करने के लिए (11. 8 फिट) के कुल 282 पीस हैंड नॉटेड कार्पेट बनाने थे। जिसकी आपूर्ति मई 2022 में ही कम्पनी ने कर दिया था। कालीन बनाने में करीब 1400 कारीगर यानी बुनकर लगे थे। वहीं अब 30 से अधिक दक्ष श्रमिकों को भेजकर संसद भवन में कालीनों की फीडिंग करायी गयी है। जानकारी के मुताबिक राज्यसभा में करीब 151 पीस, तो लोकसभा में करीब 131 पीस कार्पेट गोल आकार में लगनी थी।

**हाथ से बनी कालीन से बढ़ेगी संसद की खूबसूरती**- कम्पनी के प्रेसिडेंट आईबी सिंह ने बताया है कि संसद भवन के लिये भेजी गई कालीनों में भदोही की बनी उच्च क्वालिटी के हैंड नॉटेड कार्पेट (हाथ से निर्मित) के साथ ही साथ कश्मीर के पारंपरिक हस्तनिर्मित कालीनों को उसमें शामिल किया गया है। जिसमें काश्मीरी 'कानी' शाल की डिजाइनों को कालीन पर उकेरा गया है। जो नए संसद भवन की शान बढ़ाएंगे। इन कालीनों को वहीं पर वाल-टू-वाल फीडिंग करने के लिए भदोही से 30 से 35 दक्ष कारीगर भेजें गए थे। यह कालीन सतरंगी के साथ ही साथ मखमली है?। जिसमें बनाने में काफी महगें ऊल व सिल्क का भी प्रयोग किया गया है। हस्तनिर्मित कालीन कच्चे माल से लेकर बुनाई तक बुनकरों द्वारा हाथों से ही तैयार की जाती है। जो करीब 100 साल से अधिक समय तक चलनी चाहिए।

**भदोही में दुनिया की 40 फीसदी कालीन का निर्माण**- देश में 40 से 50 फीसदी गलीचे का उत्पादन भदोही अकेले करता है। वहीं अब देश के नए सर्वोच्च सदन के भवन की शान में भदोही की चमकदार कालीन खूबसूरती बिखेरने को बेताब है। वहीं एक बड़ा तबका कालीन बुनकरों व कर्मचारियों का भी है। जिनकी रोजी रोटी और आजीविका इसी के भरोसे चल रही है।उसके बाद देश में निर्मित कालीन उत्पाद को घरेलू बाजार में भी पसंद किया जाने लगा है। घरेलू बाजार में कालीन उत्पाद की खपत को बढ़ाने के लिए सीईपीसी द्वारा मेट्रो सिटी में डोमेस्टिक फेयर का आयोजन किया जाता है। संसद भवन में हैंड नॉटेड कालीन के लगाएं जाने से इस उत्पाद का बाजार और मजबूत होगा।

**हैंडनॉटेड कालीन का बाजार होगा मजबूत**- कालीन निर्यात संवर्धन परिषद (सीईपीसी) के प्रशासनिक समिति के सदस्य इम्तियाज अहमद ने बताया कि नए संसद भवन सेंट्रल विस्टा में भदोही के हैंडनॉटेड कालीन को बिछाया जाना औद्योगिक कालीन नगरी भदोही के लिए काफी गर्व की बात है। हस्तनिर्मित कालीन भदोही का सिर्फ उद्योग ही नहीं बल्कि यह यहां की परंपरा और संस्कृतिक विरासत है। भारतीय अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने व आत्मनिर्भरता के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वोकल फॉर लोकल का संदेश संपूर्ण भारत को दिया है। प्रथम संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भदोही के कालीनों की तारीफ भी की है। जिसकी वजह से हर भदोहीवासी अपने को गौरवान्वित महसूस कर रहा है।

## पीजी कॉलेज में हुआ पूर्व शोध प्रबन्ध संगोष्ठी सम्पन्न

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। आज पी. जी. कॉलेज, गाजीपुर में पूर्व शोध प्रबंध संगोष्ठी का आयोजन किया गया। यह संगोष्ठी महाविद्यालय के शोध अनुसंधान एवं विकास प्रकोष्ठ तथा विभागीय शोध समिति के समक्ष महाविद्यालय के सेमिनार हाल में सम्पन्न हुई, जिसमें महाविद्यालय के प्राध्यापक, शोधार्थी व छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। उक्त संगोष्ठी में हिंदी विषय की शोध छात्रा नीतू यादव ने अपने शोध प्रबंध की विषय वस्तु को प्रस्तुत किया प्रस्तुति के उपरांत शोध समिति के सदस्यों एवं प्राध्यापकों द्वारा शोध पर विभिन्न प्रकार के प्रश्न किया गया, जिसमें नीतू यादव ने सभी प्रश्नों का उत्तर दिया शोध प्रबन्ध पूर्व संगोष्ठी निराला जी के विद्रोही विचारों के मूल्यांकन पर किया गया। नीतू यादव ने बताया कि निराला जी एक विद्रोही चेतना के कवि तथा लेखक थे। इस विद्रोह का प्रभाव उनके सम्पूर्ण साहित्य पर पड़ा। समाज में वर्ग संघर्ष तथा कुप्रथाओं को देखकर उनके अन्दर क्रांति का उद्वेलन हुआ। समाज मे कमजोर वर्ग के प्रति उनके हृदय में अपार प्रेम समाया हुआ था। उन्होनें शोषक वर्ग के प्रति विद्रोह किया। निराला एक प्रकार से कबीर की परम्परा के कवि हैं। निराला जी के अन्दर सामाजिक असमानता ने विद्रोही स्वर भर दिया।



महाविद्यालय के अनुसंधान एवं विकास प्रकोष्ठ के संयोजक प्रोफे० डॉ० जी० सिंह, मुख्य नियंता डॉ दिनेश कुमार सिंह प्रोफे०डॉ० रविशंकर सिंह, डॉ० मनोज कुमार मिश्र, डॉ० रुचि मूर्ति सिंह, डॉ० रविशेखर सिंह, डॉ० हरेंद्र सिंह, डॉ० अमित सिंह आदि महाविद्यालय के प्राध्यापक गण उपस्थित रहे। हिन्दी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफे० डॉ० विनय कुमार दुबे ने सबका आभार व्यक्त किया। अंत में प्राचार्य प्रोफे० डॉ०राघवेन्द्र कुमार पाण्डेय द्वारा शोधार्थी को शोध प्रबंध जमा करने की संस्तुति प्रदान की गयी।

## सत्संग के सुख का पलड़ा दुनिया के सभी सुखों से भारी: जोनल इंचार्ज

प्रखर सुईथाकला जौनपुर। संत निरंकारी मिशन जोन नंबर 63 जौनपुर अंतर्गत पट्टी नरेंद्रपुर में रविवार को साप्ताहिक सत्संग का आयोजन हुआ.सत्संग की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए जोनल इंचार्ज महात्मा मानिक चंद तिवारी ने बताया कि सत्संग ही मनुष्य के सच्चे सुख का सर्वोत्तम स्थान है. उन्होंने कहा कि दुनिया के हर सुख की तुलना में सत्संग का पलड़ा सबसे भारी होता है इसका उद्घोष समस्त वेद- शास्त्र करते हैं. जोनल इंचार्ज ने अपने वक्तव्य में कहा कि सद्गुरु के दरबार में जाति- पाँति, अमीरी- गरीबी, ऊंच-नीच, भेदभाव का कोई स्थान नहीं होता. मनुष्य यदि वास्तविक सुख की चाह करता है तो उसे प्रभु परमात्मा की शरण में३ आना पड़ेगा . परमात्मा की प्राप्ति बिना ब्रह्मवेत्ता सतगरु की शरण में आए नहीं हो सकती.शास्त्र और इतिहास गवाह है कि चाहे कोई भी हो बिना सतगुरु के मोक्ष किसी युग में भी नहीं मिला है. महात्मा राजित राम ने कहा संसार भगवान को मान रहा है लेकिन जान नहीं रहा है. बिना ईश्वर को जाने भक्ति करने से मुक्ति नहीं मिल सकती.मन अत्यंत चंचल होता है जो सत्संग में ही आकर शांत हो सकता है. राम और रावण वाली प्रवृत्ति हमारे मन में ही होती है जो ब्रह्मज्ञान से ही सकारात्मक दिशा में कार्य कर सकता है. तिलक स्मारक इंटर कॉलेज ईसापुर के पूर्व प्रधानाचार्य आरपी सिंह ने कहा कि संतो का संग ही वास्तविक संग होता है. जीवन में परिवर्तन खुद की बुराई को अपने अंदर झांकने से ही संभव है. महात्मा वीरेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि सभी धर्म ग्रंथों का सार यही है कि मानव जीवन बड़े भाग्य से मिलता है और ईश्वर की प्राप्ति हमारे जीवन का चरम लक्ष्य है. महात्मा बाबूराम प्रजापति ने कहा कि जीवन में निखार सत्संग के बिना असंभव है परमात्मा से एकाकार होने पर ही एकता की भावना उत्पन्न हो सकती है. विद्यावती, विमला, डा. शैल कुमार प्रजापति, कमलेश आदि लोगों ने भी अपने विचार प्रकट किए. संचालन रामबचन ने किया. इस अवसर पर अनंता देवी, रमापति प्रजापति, कमलेश तिवारी, राम प्रकाश ,राम नाथ प्रजापति, अरुण यादव ,रामधनी प्रजापति आदि उपस्थित रहे।

## नई संसद भवन का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कर कमलों द्वारा किया जाना देशवासियों के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि है- संजय चोपड़ा

प्रखर पूर्वान्चल हरिद्वार। देश के सबसे बड़े लोकतांत्रिक मंदिर नई संसद भवन के उद्घाटन व लोकर्पण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किए जाने से उत्साहित सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने पूर्व मंडी अध्यक्ष, भाजपा के वरिष्ठ नेता संजय चोपड़ा द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को संयुक्त रूप से ई-मेल द्वारा शुभकामना संदेश देकर आभार प्रकट किया` इस अवसर पर पूर्व मंडी अध्यक्ष, भाजपा नेता संजय चोपड़ा ने कहा देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कर कमलों द्वारा भारत के सबसे बड़े लोकतांत्रिक मंदिर नई संसद भवन का उद्घाटन किया जाना देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था पर बहुत बड़ी उपलब्धि है उन्होंने कहा विपक्षी पार्टियों द्वारा देश के अंकुरनीय विकास में रूडी मानसिकता का त्याग करना चाहिए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जो कहते हैं वह करते हैं सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास जैसे लक्ष्य देश दुनिया के सामने जग जाहिर होकर सूर्य की किरणों की भांति प्रकाशित हो रहे हैं उन्होंने कहा सिंगल राजदंड की जिस प्रकार से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा खोज करके विश्व भर के सामने देश की परंपरा देश की पौराणिक के साथ देश की अखंडता के साथ-साथ आने वाली नई पीढ़ी को देश के इतिहास के बारे में अनुसरण कराता रहेगा




उन्होंने यह भी कहा प्रधानमंत्री के रूप में जब से नरेंद्र मोदी ने कमान संभाली है हमारे देश के क्रांतिकारी नेता सुभाष चंद्र बोस, सरदार भगत सिंह, सुखदेव राजगुरु, वीर सावरकर, सरदार वल्लभभाई पटेल, बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर जैसे योद्धाओं की नई संसद भवन में मूर्तियों के अनावरण किए जाने एक रचनात्मक कार्यशैली को दशार्ता है नई संसद भवन के उद्घाटन के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपने शुभकामना संदेश देते सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों में व्यापारी नेता राजेश खुराना, किसान नेता अनिल शर्मा, सामाजिक कार्यकर्ता चंद्र प्रकाश शर्मा, राधेश्याम रतूड़ी, मनोज मंडल, कुंवर सिंह मंडवाल, संजय बंसल, तेज प्रकाश साहू, पंडित मनीष शर्मा, ओमप्रकाश भाटिया आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे।

## महिलाओं के आत्मनिर्भरता के लिए महिला दर्जी व एफएलसी आरपी का प्रशिक्षण संपन्न

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। यूनियन ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान में छह दिवसीय एफएलसीआरपी तथा 30 दिवसीय महिला दर्जी का प्रशिक्षण संपन्न हुआ। समापन कार्यक्रम में यूनियन बैंक के एजीएम केडी गुप्ता आरसेटी के निदेशक अजीत प्रसाद, संकाय मुकेश श्रीवास्तव, लक्ष्मीकांत तिवारी, अभिषेक सिंह एवं एनआरएलएम के बीएमएम मिथिलेश यादव ने प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किया। इस अवसर पर समारोह के मुख्य अतिथि केडी गुप्ता ने सभी प्रतिभागियों से प्रशिक्षण संबंधी पूरी जानकारी लेते हुए और रोजगार स्थापित करने के लिए मुद्रा लोन की जानकारी दी। बैंक से संबंधित किसी भी समस्या का निराकरण करने का आश्वासन दिया। निदेशक अजीत प्रसाद के द्वारा प्रशिक्षकों को प्रशिक्षण कार्यक्रम संबंधित विधिवत जानकारी दी गई। कार्यक्रम का संचालन निदेशक अजीत प्रसाद ने किया कार्यक्रम के दौरान 55 महिलाएं उपस्थित रही।

## एसपी ने शहर में किया रूट मार्च सुरक्षा बंदोबस्त का लिया जाएगा

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने गतरात शनिवार को शहर कोतवाली क्षेत्र में भारी फोर्स के साथ पैदल रूट मार्च किया। यह रूट मार्च कोतवाली परिसर से शुरू कर मिश्रबाजार चौराहा होते हुए महुआबाग आकर समाप्त हुआ। इस दौरान संदिग्ध व्यक्तियों, वस्तुओं तथा वाहनों की सघन चेकिंग की गई। पैदल गश्त के दौरान एसपी ने आमजन व व्यापारियों से संवाद कर सुरक्षा का अहसास कराया। पुलिस अधीक्षक ने चाक चौबंद सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था तथा महिला सुरक्षा को लेकर शहर कोतवाली के थाना अध्यक्ष, चौकी प्रभारी और पुलिस बल के साथ सतर्क दृष्टि बनाए रखते हुए पैदल रूट मार्च किया। पैदल मार्च के दौरान प्रमुख मार्गो, चौराहों, बाजारो व भीड़भाड़ वाले स्थान पर संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु व वाहनों की सघनता से चेकिंग की गई।



पैदल गश्त के दौरान आम जन को अहसास कराया जा रहा था कि जनपद पुलिस शांति सौहार्द एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए कटिबंध है। पुलिस अफसरो के मुताबिक इस तरह की पैदल रूट मार्च व गस्त आगे भी जारी रहेगी। जिससे अपराध और अपराधियों पर अंकुश लगाया जा सके । उन्होंने यह भी बताया कि संगीन मामलों के वंचितों की तलाश भी की जा रही है।

## अरे विपक्षियों मोदी के किसी काम की तूने कब सराहना किया है ?- रीता सिंह

प्रखर पूर्वान्चल नई दिल्ली। रीता सिंह प्रवक्ता भारतीय जनता पार्टी केंद्रीय लघु उद्योग मंत्रालय हिंदी भाषी निर्वाचित सदस्य ने कहा की 370 श्री राम मंदिर निर्माण, सीएए , बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना, स्वच्छ भारत योजना, किसान सम्मान निधि, जनधन, 22 एम्स,7 आईआईटी, 8 आईआईएम, 72 एयरपोर्ट, लाखों किलोमीटर सड़कें, तीन खाद कारखाना, सैकड़ों बड़े बड़े पूल, फ्री में राशन वो भी तीन सालों से लगातार, सुकन्या समृद्धि योजना, अटल पेंशन, 3.75 करोड़ लोगों को प्रधानमंत्री आवास..!! लिखते -लिखते हाथ दर्द करने लगेगा मेरा, अब रहने देते तुम लोगों ने सबका विरोध किया है, आश्चर्य मुझे नीतीश जी पर होता है कि भ्रष्टाचार से कभी समझौता नहीं करने वाला इंसान आज भ्रष्ट पार्टियों के साथ सिर्फ मोदी विरोध में खड़ा हो गया भ्रष्टाचारी का साथ देने वाले भी भ्रष्ट कहलाते हैं..!! 2010 के बाद ये काफी बदल गए , इनको लगा कि अकेले बिहार में शासन कर लेंगे,





लेकिन ऐसा कभी नहीं हुआ, सिद्धांतों से समझौता इनकी फितरत बन गई है..!! जब जवाहर सिंह हत्या में ये मकेर हाईस्कूल में भाषण दे रहे थे प्रभू नाथ सिंह जी के साथ तो मैं वहीं था, तब लगा था ये नेता लिक से हटकर चलेगा, लेकिन.. खैर छोड़िए

28 मई को वीर सावरकर के जन्मदिन पर नये संसद भवन की उद्घाटन पर 19 विरोधी दलों ने बहिष्कार का फैसला किया है कांग्रेस 1300 करोड़ रुपए की योजना को हमेशा 20 हजार करोड़ रुपए बताया है शिलान्यास का विरोध किया, फिर शेर के चित्र पर, आपत्ति किया, फिर सुप्रीम कोर्ट से रूकवाने का प्रयास किया, वहां भी झटका लगा....!!

कोरोना काल में शुरू हुआ काम रिकार्ड समय में पूरा किया गया है...!!

मोदी जब उद्घाटन करने वाले हैं तो इनके पेट में दर्द होने लगा, राष्ट्रपति से उद्घाटन कराने की जिद में ये भारतीय लोकतंत्र का अपमान करने पर तुले हुए हैं...!! आपके घर में जब छत टपकने लगता है गिरने लगता है तो हम सब भी नये घर का निर्माण करते हैं यही हाल पुराने संसद भवन का था अंग्रेजी सरकार की निशानी को मिटाया जा रहा है तो इस पर हर भारतीय को गर्व करना चाहिए, भारत का नया संसद भवन, भारतीय द्वारा, भारत की संस्कृति के अनुसार बनाया गया फिर इतना दर्द क्यों?`

महामहिम राष्ट्रपति जी जो महिला आदिवासी हैं उनके खिलाफ तुने प्रत्याशी खड़ा किया, राष्ट्रपति बनने के बाद कांग्रेस के बड़े नेता अधीर रंजन चौधरी ने राष्ट्रपति जी को राष्ट्रपत्नी कहा तब उनकी इज्जत का ख्याल नहीं आया, एक नेता तो बंदर भी कहा था...!!

19 विरोधी दलों के नेताओं से कहना चाहता हूं कि आप लोग भी अपने अपने राज्यों में विकास कार्यों का शिलान्यास और उद्घाटन राज्यों के राज्यपाल से करायें है हिम्मत कर सकते हैं ऐसे ? कभी नहीं करोगे...!!

असल मुद्दा ये है कि इनको मोदी का विरोध करना है, भले भारत का विरोध हो जाए ...।

## स्वावलम्बी युवतियों को काशी अन्नपूर्णा ट्रस्ट देगा निःशुल्क सिलाई मशीन

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। अन्नपूर्णा मठ मंदिर द्वारा संचालित अन्नक्षेत्र ट्रस्ट निःशुल्क सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का सत्र पूरा होने पर प्रशिक्षण लेने वाली लगभग 120 संख्या महिलाओं को प्रमाण पत्र एवं सिलाई मशीन प्रदान करेगा` सिलाई मशीन और लेपटॉप वितरण समारोह चेतगंज स्थित आर्य महिला पीजी कॉलेज के सभागार में संपन्न होगा` अन्नपूर्णा मंदिर के महंत शंकर पूरी ने पत्रकार वार्ता के दौरान कहा कि अन्नक्षेत्र ट्रस्ट महिलाओं को सशक्त बनाने के साथ स्वावलम्बी भी बना रहा है साथ ही ये भी बताया की जो सत्र 2020 -21 मे हुआ था उसमे लाकडाउन होने के कारण मशीन नहीं मिला पाया था इस वर्ष उन सभी 104 महिलाओ और छात्राओं को सिलाई मशीन मिलेगा। उन्होंने कहा कि समाज में महिलाओं को आत्मनिर्भर के साथ ट्रस्ट अनोको सामाजिक कार्य करता आ रहा है और आगे भी करता रहेगा उन्होंने कहा संस्था द्वारा संचालित निःशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण केंद्र सत्र पूर्ण होने पर कंप्यूटर प्रशिक्षण डीसीए कोर्स में टैली कोर्स में प्रथम स्थान पाने वाले क्षेत्रों को लैपटॉप भी दिया जायेगा।

## संक्षिप्त खबरें

### सात महीने से नहीं मिल रहा कमीशन कोटेदार करेंगे वितरण ठप : गिरीश तिवारी

प्रखर वाराणसी। आल इंडिया फेयर प्राइज शाप डीलर्स फेडरेशन उत्तर प्रदेश के कार्यकारी अध्यक्ष गिरीश तिवारी ने बताया कि प्रदेश के राशन डीलरो का सात महीने से कमीशन नहीं मिल रहा है। तथा प्रदेश के कोटेदार से शासन द्वारा नवम्बर 2022मे खाद्यान्न का पूरा पैसा जमा कराया गया और उसे निशुल्क खाद्यान्न वितरण कराया गया।उसका पैसा आज तक कोटेदारों को वापस नहीं किया गया।जिससे प्रदेश के कोटेदार आर्थिक तंगी झेल रहे हैं।जिससे उनमें काफी रोष व्याप्त है। प्रदेश अध्यक्ष द्वारा लखनऊ में खाद्य आयुक्त को पत्रक के माध्यम से अवगत भी करा दिया गया है।और कहा गया है कि अगर 31म ईतक प्रदेश के कोटेदारों का भुगतान नहीं किया गया तों माह जून के खाद्यान्न का वितरण नहीं करेंगे।जिसकी सारी जिम्मेदारी शासन की होगी। कार्यक्रम में प्रदेश सचिव अजय जायसवाल जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मी पाण्डेय ब्लाक अध्यक्ष सेवापुरी प्रभु नारायण पाण्डेय ब्लाक अध्यक्ष देवबलि सिंह हरिशंकर यादव ब्लाक अध्यक्ष चिर ईगाव जिला सचिव अशोक कुमार ब्लाक अध्यक्ष बड़ागांव दिवाकर दूबे ब्लाक अध्यक्ष पिंडरा रोशन मिश्रा आराजी लाइन अध्यक्ष अरूण जायसवाल ब्लाक अध्यक्ष चोलापुर दिलीप गिरिजिला उपाध्यक्ष राजकुमार केसरी रमेश जायसवाल जिला सचिव हरिनारायण तिवारी पारस मिश्रा रामनारायण यादव राजकुमार सिंह आलोक दूबे आनन्द जायसवाल आदि लोग उपस्थित थे।

### बीजेपी कार्यकर्ताओं ने मोदी के मन की बात सुनी



प्रखर कछवाँरोड वाराणसी। मिजार्मुराद थाना क्षेत्र में आज दिनांक 28/05/2023 को विधानसभा सेवापुरी राजातालाब मण्डल के शक्ति केन्द्र ग्राम सभा बहेडवाँ के अषाढ़ में बुथ न० 246 पर 101 वा मा. प्रधानमंत्री जी के मन की बात कार्यक्रम में मण्डल प्रभारी श्रीमती सुनीता सिंह,मण्डल अध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार बिन्द,शक्ति केन्द्र संयोजक संतोष कुमार मिश्रा,जिला कार्यसमिति सदस्य सुरेन्द्र मिश्रा,मण्डल उपाध्यक्ष/शक्ति केन्द्र प्रभारी मनोज सिंह,मण्डल मंत्री सतीश विश्वकर्मा,पूर्व मण्डल अध्यक्ष निहाला मिश्रा, बूथ अध्यक्ष संजय मिश्रा आदि पदाधिकारी व महिलाओं सहित भारी संख्या में बीजेपी कार्यकताओं ने मोदी जी के मन की बात सुनी ।

### पीजी कॉलेज में हुआ पूर्व शोध प्रबन्ध संगोष्ठी सम्पन्न



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। आज पी. जी. कॉलेज, गाजीपुर में पूर्व शोध प्रबंध संगोष्ठी का आयोजन किया गया। यह संगोष्ठी महाविद्यालय के शोध अनुसंधान एवं विकास प्रकोष्ठ तथा विभागीय शोध समिति के समक्ष महाविद्यालय के सेमिनार हाल में सम्पन्न हुई, जिसमें महाविद्यालय के प्राध्यापक, शोधार्थी व छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। उक्त संगोष्ठी में हिंदी विषय की शोध छात्रा नीतू यादव ने अपने शोध प्रबंध की विषय वस्तु को प्रस्तुत किया प्रस्तुति के उपरांत शोध समिति के सदस्यों एवं प्राध्यापकों द्वारा शोध पर विभिन्न प्रकार के प्रश्न किया गया, जिसमें नीतू यादव ने सभी प्रश्नों का उत्तर दिया शोध प्रबन्ध पूर्व संगोष्ठी निराला जी के विद्रोही विचारों के मूल्यांकन पर किया गया। नीतू यादव ने बताया कि निराला जी एक विद्रोही चेतना के कवि तथा लेखक थे। इस विद्रोह का प्रभाव उनके सम्पूर्ण साहित्य पर पड़ा। समाज में वर्ग संघर्ष तथा कुप्रथाओं को देखकर उनके अन्दर क्रांति का उद्वेलन हुआ। समाज मे कमजोर वर्ग के प्रति उनके हृदय में अपार प्रेम समाया हुआ था। उन्होनें शोषक वर्ग के प्रति विद्रोह किया। निराला एक प्रकार से कबीर की परम्परा के कवि हैं। निराला जी के अन्दर सामाजिक असमानता ने विद्रोही स्वर भर दिया। महाविद्यालय के अनुसंधान एवं विकास प्रकोष्ठ के संयोजक प्रोफे० डॉ० जी० सिंह, मुख्य नियंता डॉ दिनेश कुमार सिंह प्रोफे०डॉ० रविशंकर सिंह, डॉ० मनोज कुमार मिश्र, डॉ० रुचि मूर्ति सिंह, डॉ० रविशेखर सिंह, डॉ० हरेंद्र सिंह, डॉ० अमित सिंह आदि महाविद्यालय के प्राध्यापक गण उपस्थित रहे। हिन्दी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफे० डॉ० विनय कुमार दुबे ने सबका आभार व्यक्त किया। अंत में प्राचार्य प्रोफे० डॉ०राघवेन्द्र कुमार पाण्डेय द्वारा शोधार्थी को शोध प्रबंध जमा करने की संस्तुति प्रदान की गयी।


### बोलेरो की टक्कर से बाइक सवार की मौत

प्रखर जौनपुर। सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के जौनपुर मल्हनी मार्ग पर जेठपुरा गांव के समीप बीती रात बोलेरो और बाइक की टक्कर हो गई,जिसमें बाइक सवार छोटे लाल यादव 35 वर्ष की मृत्यु हो गई,घटना के बाद चालक बोलेरो सहित फरार हो गया। मल्हनी निवासी छोटेलाल पुत्र स्वर्गी लालता प्रसाद यादव अपनी बाइक से अपने दोस्त फैजान के साथ बीती रात 12 जौनपुर से अपने घर मल्हनी आ रहा था तभी विपरीत दिशा से जा रही बोलेरो जेठपुरा गांव के समीप जोरदार टक्कर मार दी, जिससे छोटे लाल यादव की अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई,घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है परिवार के लोगों ने बोलेरो सवार चालक के विरुद्ध थाने में एफ आई आर दर्ज कराया है। मृतक छोटे लाल यादव के दो नाबालिक बच्चे ज्ञानेश और दिव्यांशु तथा पत्नी गीता यादव का रो-रो कर बेहाल है। छोटेलाल की मृत्यु से गांव में तथा परिवार में कोहराम मचा है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दिया है।

### करंट की चपेट में आने से वृद्ध की मौत, मचा कोहराम

प्रखर जौनपुर। सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के मीरापुर गांव के एक 55 वर्षीय वृद्ध की करंट की चपेट में आने से मौत हो गई, सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई में जुट गई है। मीरापुर गांव के निवासी तेज बहादुर प्रजापति 55 वर्ष रविवार दोपहर किसी काम से अपने खेत को जा रहे थे। परिजनों की माने तो तेज बहादुर जाते समय अपने हाथ में एक हरे बांस का डंडा भी लिया था। जब वो खेत के समीप पहुंचा तो उसके हाथ का डंडा खेत के ऊपर से गुजर रहे हाईटेंशन तार के संपर्क आ गया। और वह गंभीर रूप से झुलस गया जब तक लोग समझ पाते तब तक तेज बहादुर ने दम तोड़ दिया था मौत की खबर लगते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक तेज बहादुर के 3 पुत्र तथा दो पुत्री है। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश कुमार मिश्रा ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

बॉलीवुड



## बेस्ट एक्टर फीमेल अवॉर्ड
# राधिका मदान

यूके एशियन फिल्म फेस्टिवल में सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार जीतने के साथ, राधिका मदान को सना के लिए न्यूयॉर्क इंडियन फिल्म फेस्टिवल में स्टैंडिंग ओवेशन भी मिला। 25वें यूके एशियन फिल्म फेस्टिवल में, राधिका ने सर्वश्रेष्ठ अभिनेता महिला का पुरस्कार जीता है। राधिका मदान ने साझा किया, यह अविस्मरणीय एहसास है। फिल्म के लिए जबरदस्त प्रतिक्रिया वास्तव में संतुष्टिदायक रही और पुरस्कार जीतना मेरी सबसे खास व्यक्तिगत जीतों में से है। यह ऐसी कहानी है जिसे सुनने और सुनाने की जरूरत है। मुझे खुशी है कि फिल्म दुनिया भर के दर्शकों को पसंद आ रही है। फिल्म 'सना' ने यूके एशियन फिल्म फेस्टिवल की शुरुआत की, 'सना' जिद्दी और महत्वाकांक्षी महिला (मदन) की कहानी है, जो अनहेल्दी ट्रॉमा में निहित आंतरिक लड़ाई के खिलाफ गुस्से में है। फिल्म में सोहम शाह, शिखा तलसानिया और पूजा भट्ट भी हैं। कुत्ते, सास बहू और फ्लेमिंगो और कच्चे लिम्बु के अलावा, राधिका के पास इस साल फिल्मों की दिलचस्प लाइन अप है, जिसमें अक्षय कुमार अभिनीत सोरारई पोटरू का रीमेक प्रोडक्शन नंबर 27, मैडॉक एंटरटेनमेंट की हैप्पी टीचर्स डे और रूमी की शराफत शामिल हैं।

## सनी सिंह ने पिता को समर्पित किया



सनी सिंह ने 'प्यार का पंचनामा 2', 'सोनू के टीटू की स्वीटी', 'उजड़ा चमन' और 'जय मम्मी दी' जैसी फिल्मों में रोमांटिक-कॉमेडी शैली में अपनी अलग पहचान बना ली है। अब, 'आदिपुरुष' में पौराणिक नायक के लिए तैयार है। प्रभास और कृति सेनन अभिनीत फिल्म में सनी सिंह, शेष का किरदार निभाते नजर आएंगे। यह फिल्म ओम राउत द्वारा निर्देशित रामायण की महाकाव्य कहानी पर आधारित है और यह भारत में बनी अब तक की सबसे महंगी फिल्मों में से है। सनी कहते हैं, मैं बहुत उत्साहित हूं साथ ही थोड़ा नर्वस भी हूं। सफर बहुत अच्छा रहा है। सेट पर हर दिन कुछ नया होता था, जिसे देख रोंगटे खड़े हो जाते थे। हम काफी भावनात्मक रूप से जुड़े हुए हैं। सनी कहते हैं, आदिपुरुष उनके लिए बहुत ही खास है क्योंकि उन्हें इसमें एक्शन में भी हाथ आजमाने का मौका मिला और उनके पिता स्वयं एक्शन निर्देशक हैं। उन्होंने बताया, यह मेरी पहली फिल्म है, जहां मुझे बहुत सारे एक्शन सीक्वेंस करने को मिले। मैं इसे अपने पिता को समर्पित करता हूं, जिन्होंने एक्शन निर्देशक के रूप में 40 साल तक काम किया है। अभिनेता के पिता जय सिंह निज्जर प्रतिष्ठित एक्शन डायरेक्टर हैं, जिन्होंने शिवाय, गोलमाल 3, सिंघम, चेन्नई एक्सप्रेस, बोल बच्चन आदि फिल्मों में काम किया है। मां को याद कर सनी काफी भावुक हो गए।

उन्होंने साझा किया, यह मेरे लिए भावनात्मक अनुभव भी है क्योंकि मैंने 6-7 महीने पहले अपनी मां को खोया है। वह मुझसे कहती थी, जब तू शूट के लिए जाएगा, तो तू अपना 200% देना। वर्क फ्रंट की बात करें तो सनी आदिपुरुष के आलावा लव रंजन की 'वाइल्ड वाइल्ड पंजाब', हार्दिक गज्जर की 'अमर प्रेम', निचकेत सामंत की 'सिंगल सलमा', दीपक मुकुट की 'द वर्जिन ट्री' और इशरत खान की 'लव की अरेंज मैरिज' में भी नजर आएंगे।

## करण और गुनीत की वेब सीरीज

भारत के वीडियो स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म और बहुभाषी कहानीकार, जी5 ने 111 बड़े-टिकट की ओरिजिनल सीरीज और फिल्मों के पावर-पैक कंटेंट के संग्रह का अनावरण किया। प्रोडक्शन हाउस- धर्मेटिक एंटरटेनमेंट और सिख एंटरटेनमेंट की सहभागिता से ओरिजिनल वेब सीरीज, 'ग्यारह ग्यारह' की घोषणा की। ऑस्कर विजेता निर्माता गुनीत मोंगा और अचिन जैन (सिख्या एंटरटेनमेंट) द्वारा संयुक्त रूप से निर्मित और निर्माता करण जौहर और अपूर्व मेहता (धार्मिक एंटरटेनमेंट) द्वारा निर्मित, 'ग्यारह ग्यारह' खोजी काल्पनिक नाटक श्रृंखला है, जिसमें कृतिका कामरा, धैर्य करवा और राघव जुयाल मुख्य भूमिका में हैं। उमेश बिष्ट (पगलैट फेम) द्वारा निर्देशित और पूजा बनर्जी और सुंजॉय शेखर द्वारा सह-लिखित, रहस्यवाद, विज्ञान और रहस्य को मिश्रित करता है।







## गुमशुदा बच्चे और रहस्यों वाली कहानी

गुमशुदा बच्चे के गहराते रहस्य में लिपटे थ्रिलिर में निम्रत कौर, आमिर बशीर, गीतिका विद्या ओहल्युन, सोनाली कुलकर्णी और जितेन्द्र जोशी हैं। सच्ची घटनाओं पर आधारित और बीबीसी स्टूडियोज द्वारा निर्मित स्कूल ऑफ लाइज की रचना ईशानी बैनर्जी और अविनाश अरुण धवरे ने और निर्देशन अविनाश अरुण धवरे ने किया है, इसकी स्ट्रीमिंग 2 जून से डिज्नी+ हॉटस्टार पर होगी। जब 12 साल का शक्ति गुमशुदा हो जाता है, तब हालात काबू से बाहर होने लगते हैं और बोर्डिंग स्कूल की अलमारी में कंकाल मिलते हैं। वारिन रूपाणी, आर्यन सिंह अहलावत, हेमंत खेर, पार्थिव शेट्टी, अदरिजा सिन्हा और आलेख कपूर हैं। निर्देशक एवं रचनाकर अविनाश ने कहा, स्कूल ऑफ लाइज ऐसी कहानी है, जिसे हम सभी ने खबरों में पढ़ा है, स्कूल में विद्यार्थियों के साथ दादागीरी और कई दूसरी समस्याएं। इन चुनौतियों से हर बच्चा कभी न कभी गुजरा है इन की पेचीदगी को गहराई से समझना चाहते हैं। मेरे लिए यह कहानी परीकथा के बुरी हो जाने जैसी है, जब 'एलिस' को लगता है कि 'रैबिट होल' में गिरना, ब्लैक होल में गिरने जैसा है।




## कश्मीरी दुल्हन व वाजवान की कहानी

कोक स्टुडियो इस साल भारत में कोक स्टुडियो भारत और कोक स्टुडियो तमिल के लॉन्च के साथ प्रतिभाशाली एवं उभरते कलाकारों को प्रोत्साहित कर रहा है। देश भर से 50 से अधिक कलाकारों के साथ क्रिएटिव सीजन ला रहा है, जो भारत की जड़ों का जश्न मनाते हुए 10 से अधिक यादगार टैक्स के निर्माण के लिए एकजुट हुए हैं। कोक स्टुडियो भारत ने नए गीत क्या करिए कोरिमोल का जश्न मनाना है। यह कश्मीरी गीत नई दुल्हन और उसके पिता की कहानी है, जो शादी की दावत की तैयारियों में जुटे हैं। गीत में नई दुल्हन की भावनाओं, कश्मीरी शादी के जश्नों, परम्पराओं, तहजीब, प्यार के विशेष क्षण- वाजवान, भोजन, परिवार और दोस्तों आदि सभी पहलुओं पर रोशनी डाली गई है। मोहम्द मुनीम और डिस्कवरी कलाकारों नूर मोहम्मद एवं आशिमा महाजन गीत पेश किया है। गीत में मन को छूने वाली वानवुन कहानियां हैं, जिन्हें शादी के मौके पर पारम्परिक रूप से कोरस में गाया जाता है, दूल्हे के परिवार से आग्रह किया जाता है कि उनकी बेटी को प्यार दें, उसकी देखभाल करें।

टीवी



## तन के खेल से मन का खेल

कलर्स का खतरों के खिलाड़ी 13 स्टंट के साथ तैयार है। न्यारा एम बनर्जी खतरनाक स्टंट के लिए खुद को तैयार कर रही है। न्यारा डर पर जीत हासिल करने और विजेता बनने के लिए दृढ़ है। न्यारा के अनुसार, खतरों के खिलाड़ी तन के खेल जितना ही मन का खेल भी है। दिमाग ठंडा रखने से जीवन में किसी भी कठिन परिस्थिति से निकल सकते हैं। अगर दिमाग सही जगह पर है तो खुद को परेशान कर रही किसी भी स्थिति से बाहर ला सकते हैं। शांत रहकर आप बहुत आगे जा सकते हैं। मैंने कई तंदुरुस्त लोगों को अप्रत्याशित परिस्थितियों में टूटते देखा है क्योंकि खुद में या अपनी परिस्थिति में उनका चित्त शांत नहीं था। मैं एक घंटे तक ध्यान लगाकर खुद का ख्याल रख रही हूं।



## निगेटिव किरदार निभाना आसान नहीं : टेरेंस

सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन का देसी डांस रियलिटी शो, 'इंडियाज बेस्ट डांसर सीजन 3' में 'बेस्ट का इंटरनेशनल टेस्ट' की थीम के साथ, 90 के दशक की देसी धुनों में विदेशी तड़का लगाया। भोपाल के शिवांशु सोनी, जो अपनी कोरियोग्राफर श्वेता वारियर के साथ, ड्रामाटिक 'पासो डोबल' डांस स्टाइल पेश किया। जज टेरेंस लुइस ने कहा, शिवांशु की परफॉर्मेंस स्पैनिश परंपरा से प्रेरित थी और उनकी आज की कोरियोग्राफी शानदार से कम नहीं थी। शिवांशु ने जो हासिल किया है, वो कुछ ही एक्टर्स और कोरियोग्राफर्स कर पाते हैं। आपने हर पहलू में शानदार काम किया। शिवांशु की प्रस्तुति अपने फॉर्म के बहुत करीब थी। इस डांस फॉर्म में पॉश्चर है, जो मस्कुलाइन और विस्तृत है, उस सार को पकड़ना जरूरी है। जब बुल मैदान में होता है जिसके चारों तरफ लोग होते हैं, तब वो निडर होकर अपनी एनर्जी को सामने लाता है। आपने उस भावना को बखूबी पेश किया, शिवांशु। श्वेता, मैटाडोर के रूप में, आप निडर, शाही और भव्य थीं। निगेटिव किरदार को पूरी तरह से बदलना और इसे निभाना आसान नहीं है, जैसा शाहरुख खान ने 'डर' में किया था।



## कियारा के साथ रोहित करना चाहते हैं काम

रोहित सुचंती ने बहुत-सी एक्ट्रेसेस के साथ स्क्रीन स्पेस शेयर किया है लेकिन खूबसूरत एक्ट्रेस हैं, जिनके साथ वे काम करना चाहते हैं। रोहित चाहते हैं कि नेशनल क्रश कियारा आडवाणी के साथ काम करें। रोहित बताते हैं, मुझे लगता है कि मैंने कभी ऐसी एक्ट्रेस नहीं देखी, जो इतने कम समय में इतनी प्रतिभाशाली बन गई हैं। चाहे कोई भी किरदार हो, कियारा ने हमेशा अपनी परफॉर्मेंस में जान फूंकी है और सबका दिल जीता है। वो दिल से अपने रोल्स निभाती हैं और ये बात मुझे बहुत प्रभावित करती है। इसमें कोई दो राय नहीं है कि वो बेहतरीन अदाकारा हैं। यदि मुझे मौका मिला तो किसी दिन कियारा के साथ स्क्रीन स्पेस शेयर करना मेरे लिए बड़े सम्मान की बात होगी।



## रेहना पंडित की वापसी

जी टीवी का 'कुमकुम भाग्य' में ट्विस्ट्स और टर्न्स आ रहे हैं। 4 महीने बाद आलिया की वापसी देखने को मिलेगी। लीप से पहले उनका लुक बड़ा ग्लैमरस था लेकिन अब वह सिंपल पठानी सूट पहनी नजर आएंगी। रेहना पंडित बताती हैं, मैं 4 महीने के बाद वापसी करने को लेकर बेहद उत्साहित हूं। मेरा किरदार आलिया मेरे दिल के बहुत करीब है। मैं धमाकेदार एंट्री करने जा रही हूं। आलिया इस बार तूफान लेकर आने वाली है। मैं बिल्कुल नए अवतार में दोबारा एंट्री कर रही हूं। अब मैं ग्लैमरस आउटफिट्स में नहीं बल्कि सिंपल पठानी सूट पहनी नजर आऊंगी।



## शोएब और रचना ने मनाया जश्न

स्टार भारत के शो 'ना उम्र की सीमा हो' पितृसत्तात्मक समाज के नियम के खिलाफ है। वहीं 'अजूनी' ड्रामा, मनोरंजन और रोमांस के मिश्रण प्रेम कहानी को बयां करता है। दोनों शोज ने अपने 250 एपिसोड पूरे कर लिए है। शोएब इब्राहिम, राजवीर और आयुषी खुराना अपने किरदार को इतनी खूबसूरती से पेश कर रहे हैं कि उनकी भावनाएं पहुंच रही हैं। जिसके चलते वे अपनी बहुमुखी प्रतिभा को निभाने में कामयाब रहे हैं। इनकी टीम ने 250 एपीसोटड पूरे करने का जश्न मनाया।



## प्यार को दूसरा मौका

सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के शो कथा अनकही में पछतावे से जन्मी प्रेम कहानी है। अदनान खान और अदिति देव शर्म विश्वास दिलाने की कोशिश करता है कि उसे बदले में कुछ नहीं चाहिए। अदिति बताती हैं, मां के तौर पर में कथा की स्थिति अच्छी तरह समझती हूं। अपने बेटे आरव की खुशी और सलामती उसकी प्राथमिकता है। वो नहीं चाहती कि आरव यह सोचे कि कोई और उसके पिता की जगह ले रहा है क्योंकि ज्यादातर बच्चे अपने परिवार में किसी तीसरे शख्स की मौजूदगी नहीं चाहते। जहां तक विआन से उसके रिश्तों की बात है तो विआन के कई पहलुओं को समझ चुकी है। वहे देखती है कि विआन खुद को उसके सामने लायक साबित करने की कोशिश कर रहा है लेकिन उसके जज्बातों से वाकिफ होने के बाद सिर्फ दोस्ती तक ही सीमित रहती है।




## संभावना कर रही हैं पीएचडी

जीटीवी का शो 'प्यार का पहला नाम राधामोहन' में मोहन (शबीर अहलूवालिया), राधा (निहारिका रॉय), दामिनी (संभावना मोहंती) और तुलसी (कीर्तिनागपुरे) रियल लाइफ में संभावना पढ़ाई मैनेज करने की जद्दोजहद कर रही हैं। संभावना बताती हैं, मेरी मां उड़िया फिल्म इंडस्ट्री की एक्ट्रेस हैं और पिता म्यूजिक एल्बम डायरेक्टर हैं, फिर भी पढ़ाई में मेरी काफी दिलचस्पी है। अपना ग्रेजुएशन पूरा करने के बाद मैंने कुछ हिंदी और उड़िया टेलीविजन सीरियल्स में काम किया, उसके बाद पढ़ाई जारी रखने का फैसला किया और सोशलॉजी में पीएचडी करने के लिए एनरोल कर लिया। लेकिन एडमिशन लेने के बाद मुझे ऑफर मिला। उम्मीद है कि मैं अच्छे नंबरों से एग्जाम क्लियर कर लूंगी।



## नेहा और आयुध ने जयपुर की सैर की

एण्डटीवी के शो 'दूसरी मां' में नेहा जोशी (यशोदा) और आयुध भानुशाली (कृष्णा) की मां बेटे की जोड़ी लोकप्रिय है। दोनों ने गुलाबी शहर- जयपुर की सैर की, जहां अभी शूटिंग चल रही है। नेहा ने कहा, आयुध मेरे लिए बेटे जैसा है, हम साथ में जो भी वक्त बिताते हैं, वह हमेशा मस्ती से भरपूर होता है। हम एल्बर्ट हॉल म्यूजियम, बापू बाजार, जैसी जगहों पर गए और शहर की मशहूर चोखी ढाणी पर लोकप्रिय पकवानों का स्वाद चखा। मुझे मेरा बचपन याद आ गया। आयुध ने बताया, हम सबसे पुराने और मशहूर रेस्टोरेंट्स गए। झूले में बैठने से लेकर गन शूटिंग और पॉटरी मेकिंग तक।



## शोएब का अवतार

स्टार भारत के शो 'अजूनी' में राजवीर बग्गा का किरदार निभाने वाले अभिनेता शोएब इब्राहिम ने नया अवतार लिया है। वह बॉडीगार्ड पठान के रूप में रौबदार लुक में नजर आने वाले हैं। इब्राहिम बताते है, मैं नए अवतार में नजर आने वाला हूं। जो बॉडीगार्ड का लुक है। राजवीर की भूमिका में नजर आने वाला मेरा किरदार हमेशा परिवार की रक्षा के लिए समर्पित रहा है और वह आगे भी यही करेगा, जिसके लिए इस बार उसने बग्गा परिवार को बचाने की नई तरकीब निकाली है। मैं पठान द बॉडीगार्ड की अद्भुत भूमिका निभाने के लिए वास्तव में बहुत रोमांचित हूं, जहां मैं बहुत टफ नजर आऊंगा। मैंने पहली बार आंखों में लेंस पहना है। बहुत परेशानी हुई लेकिन मैं कमी नहीं छोड़ना चाहता था।



## किरदारों से आकर्षित नकुल

सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर 'बड़े अच्छे लगते हैं' के तीसरे सीजन के साथ राम कपूर और प्रिया की वापसी हो रही है। नकुल मेहता और दिशा परमार अपने पुराने किरदारों में नजर आएंगे। राम महत्वाकांक्षी और व्यवहारिक सोच रखने वाला बिजनेसमैन है, जो ऊंचाइयों पर है। प्रिया विनम्र और आत्मनिर्भर यंग महिला है, पेशे से डेंटिस्ट है। नकुल ने कहा, एक्टर के तौर पर मैं ऐसे किरदारों से आकर्षित होता हूं, जो आपके चेहरों पर मुस्कान ले आए और जिनमें ऐसी कहानियां हों जो सारे दर्शकों से जुड़ जाए। मुझे लगता है कि छोटे-छोटे पलों से ही बड़ी-बड़ी यादें बनती हैं और यही खासियत मेरे लिए राम कपूर को निभाना और दिलचस्प बना देती है।

## शादी के बाद स्वरा ने शूटिंग की




स्वरा भास्कर दिल्ली में फहद अहमद के साथ शादी के बंधन में बंधी। स्वरा ने फिल्म के लिए अपनी नाक भी छिदवाई। स्वरा की अगली फिल्म मिसीज फलानी' 8 अलग-अलग कहानियों पर आधारित है। स्वरा ने कहा, मिसीज फलानी वास्तव में विशेष फिल्म है क्योंकि पहली बार मुझे एक प्रोजेक्ट में कई किरदार निभाने का मौका मिला। 8 अलग-अलग महिला चरित्रों का निर्माण करना वास्तविक चुनौती थी, जो अपनी पहचान में अलग और अद्वितीय थीं। मुझे छत्तीसगढ़ में शूटिंग करने का मौका मिला, जिसकी सुंदरता और विविधता आपके दिल को छू लेती है। स्वरा अन्य राज्यों के अलावा उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान, पंजाब जैसे विभिन्न राज्यों की गृहिणी की भूमिका में नजर आएंगी।

## रेमा का जादू



ग्लोबल सेंसेशन एवं नाइजीरिया के आइकॉन रेमा को सुपरहिट गाने 'काम डाउन' के लिए जाना जाता है। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के कॉमेडी चैट शो 'द कपिल शर्मा शो' में वह मेहमान बनकर पहुंचें। मल्टी-सिटी इंडिया टूर में डेब्यू करने के बाद ऐफ्रोबीट्स सुपरस्टार रेमा ने एंटरटेनर कपिल शर्मा के साथ मजेदार बात की। कपिल के शो के इस सीजन के पहले इंटरनेशनल गेस्ट रेमा कहते हैं, मेरे लिए इंडिया आना बड़ा रोमांचक अनुभव रहा। इस देश से मुझे जो बेशुमार प्यार और फैंस मिले, उन्हें मैं हमेशा याद रखूंगा। देश के सबसे चहेते कॉमेडी शो में आकर मेरी भारत यात्रा पूरी हो गई। मैं कपिल, माय ब्रदर का आभारी हूं। रेमा ने बताया, भारत के लोग वाकई कमाल के हैं। मैं उन सभी लोगों का वाकई शुक्रगुजार हूं, जो ऐफ्रोबीट्स को सपोर्ट करने मेरे कॉन्सर्ट में आए। मेरे लिए, मेरे लोगों और मेरी संस्कृति के लिए बहुत मायने रखती है। यहां हमारे आसपास बहुत प्यार है। यहां के लोग बहुत अच्छे, मददगार और मिलनसार हैं। मैं जहां भी गया, सबने अपना समझकर मेरा स्वागत किया। मुझे यहां वाकई अपने घर जैसा महसूस हुआ। अपनी छवि मजबूत करने वाले रेमा के भारत में बड़ी संख्या में फैंस हैं और वे ऐफ्रोबीट्स जॉनर में सबसे ज्यादा व्यवसायिक सफलता हासिल करने वाले आर्टिस्ट्स में से हैं।

## जान की वापसी



सोनी सब का वंशज पारिवारिक ड्रामा है, जिसमें वंशज महाजन परिवार की मुश्किलों और क्लेश है। महाजन में कई त्रुटियां भी हैं। जान खान कार्तिक का किरदार निभाएंगे। ऋषिकेश के रहने वाला कार्तिक पेशे से फोटोग्राफर है। जान ने कहा, कार्तिक सरल और विनम्र लग सकता है लेकिन वह जो दिखता है उससे कहीं अधिक है। उसके विभिन्न पहलू और भावनाएं उसे बहुमुखी लेकिन निभाने लायक बहुत ही चुनौतीपूर्ण किरदार बनाते हैं।



## सपने के सच होने जैसा : शुभांशी

शेमारू उमंग के शो, 'कुंडली मिलन' में एक और नाम जोड़ दिया। शुभांशी रघुवंशी अंजलि नामक किरदार निभाती नजर आएंगी। शुभांशी ने कहा, मैं बहुत रोमांचित हूं। यह सपने के सच होने जैसा है। कहानी और जटिल रूप से तैयार किए गए पात्रों ने तुरंत मेरा दिल जीत लिया। मुझे इस किरदार की भावनाओं की खोज करने में बहुत मजा आया। यह कहानी अग्रवाल और गर्ग दो पारंपरिक परिवारों और उनके बच्चों यश और ऋचा के इर्द-गिर्द है, जिनका जीवन खास बंधन से जुड़ा हुआ है। यश और ऋचा, बचपन के प्रेमी हैं, जो ऐसे प्यार की तलाश कर रहे हैं जो सभी बाधाओं को पार कर सके। अंकित बाठला बताते हैं, शो मेरे लिए खास है चूंकि जब मुझे यश की भूमिका ऑफर की गई तो यह मेरे लिए किसी सुनहरे मौके से कम नहीं थी। मेरा चरित्र अपने आपमें अद्वितीय और खास है।

## काली ने जीता दिल




क्यू टीवी ने एनिमेशन के साथ 'काली- द सुपरशक्ति' शो सभी शोज से अलग हैं। 'काली' महाशिवरात्रि पर जन्मी युवा लड़की है, जिसे लड़कियों की समस्याओं को हल करने के लिए भगवान शिव से आशीर्वाद के रूप में विशेष शक्तियां मिली हैं। काली अपने माता-पिता और जुड़वां बहन गौरी के साथ रहती है, लेकिन दुर्घटना में गौरी और उसके पिता की मृत्यु हो जाती है। इसके बाद काली के जीवन में मोड़ आता है।

# धूप और गर्मी में स्किन केयर टिप्स

बढ़ते तापमान के साथ, धूप त्वचा को नुकसान पहुंचा सकती है, जिससे रूखापन और ब्रेकआउट हो सकता है इसलिए स्किन को सुरक्षित, स्वस्थ और चमकदार बनाए रखने के लिए गर्मियों में स्किन केयर रूटीन रखना जरूरी है। कलाकार गर्मियों में त्वचा और शरीर की देखभाल के लिए दे रहे हैं नुस्खे...



**आशी सिंह** - गर्मी और पसीने के साथ, त्वचा को रैशेज, सनबर्न, टैनिंग आदि से बचाना जरूरी है। चिलचिलाती धूप में स्कनकेयर बढ़ाने की जरूरत है। अचूक तरीका है रोज कम से कम तीन से चार लीटर पानी पीना। मैं फेस अइल्स और एलोवेरा जेल जैसे प्राकृतिक और अर्गेनिक स्किनकेयर प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करती हूं। ये स्किन को मइश्चराइज और अच्छे हाइड्रेटेड रखने में मदद करती हैं। समर स्किनकेयर रूटीन के लिए होंठों और गर्दन को एक्सफोलिएट करना ना भूलें।



**सना सैयद**- गर्मी में स्किन हेल्थ रखना बहुत जरूरी है। मैं पसीने, अतिरिक्त ऑयल और मॉइश्चराइजर की पूरी तरह से सफाई करती हूं। हाइड्रेशन सबसे कारगर उपाय है इसलिए मैं हानिकारक यूवी किरणों से त्वचा की रक्षा करने के लिए एसपीएफ वाले लाइट, नन-कमेडोजेनिक मॉइश्चराइजर्स इस्तेमाल करती हूं। नियमित एक्सफोलिएशन रोम छिद्रों को खोलने और त्वचा को चमकदार बनाने में मदद करता है। डिहाइड्रेशन या सूरज की किरणों से होने वाले नुकसान से बचने के लिए ताजगी भरे फेस मिस्ट्स और राहत देने वाले मास्क का इस्तेमाल करती हूं। मैं स्किन की नमी बनाए रखने के लिए दिनभर खूब पानी पीती हूं। हाइड्रेशन स्किन का मइश्चर बैलेंस बनाए रखता है और इसे रूखी और सुस्त होने से रोकता है।



**अदिति शर्मा**- मैं हमेशा स्किन की देखभाल करने और इसे स्वस्थ रखने को लेकर सतर्क रही हूं। मैंने ये गुण अपनी मां से पाया है और मेरी त्वचा अच्छी है लेकिन मैं ध्यान रखती हूं क्योंकि मेकअप लगाना मेरी दिनचर्या का हिस्सा है। मैं बिना सनस्क्रीन के घर से बाहर नहीं निकलती, खासकर गर्मियों में। हाइड्रेशन दूसरे नंबर पर आता है, पर्याप्त मात्रा में पानी पीना सबसे जरूरी कामों में से है। घरेलू उपचार जैसे कच्चे दूध की ऊपरी परत, ताजा एलोवेरा जेल, हल्दी और दही का पेस्ट मैं नियमित रूप से लगाती हूं। हर सुबह चेहरे पर आइसिंग करने के बाद पर्याप्त मात्रा में मॉइश्चराइजर और सनस्क्रीन लगाती हूं।



**मुनीरा कुदरती**- यदि आपकी स्किन अच्छी है तो रात में और सुबह अच्छा मॉइश्चराइजर लगाना काफी है। बतौर एक्टर्स, लंबे समय तक, कभी-कभी तो 12-13 घंटे तक मेकअप लगा रहता है, इसलिए देखभाल करना जरूरी हो जाता है। मैं स्किन को मॉइश्चराइज करती हूं। मॉइश्चराइजर और सनस्क्रीन दो ऐसी चीजें हैं, जिन्हें मैं गर्मियों में अपना लेती हूं। त्वचा को हाइड्रेटेड रखने के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी पीना बहुत जरूरी है। चेहरे पर आइसिंग करना बहुत फायदेमंद होता है, यह सूजन वाली त्वचा को राहत देता है और रोम छिद्रों का आकार कम करता है।



**निहारिका राय** - बिजी शेड्यूल के चलते स्किन की देखभाल करना भूल जाते हैं और ऐसे में उचित पोषण के साथ त्वचा की देखभाल करना जरूरी है। त्वचा को स्वस्थ और हाइड्रेटेड रखने का सबसे अच्छा तरीका है घरेलू उपचार और हर्बल प्रोडक्ट्स। मैं दिन की शुरुआत गुनगुना पानी पीकर करती हूं फिर फल और सलाद खाती हूं। दिन में कम से कम 3 से 4 लीटर पानी पीती हूं क्योंकि गर्मियों के दौरान खुद को हाइड्रेटेड रखना बहुत जरूरी है। जब भी मैं शूटिंग से निकलती हूं, मैं स्टीम लेती हूं, चेहरे को स्क्रब करती हूं और घर का बना फेस पैक लगाती हूं। ■

# कर्नाटक में कांग्रेस ने भाजपा से आए नेताओं को नहीं बनाया मंत्री

- कैबिनेट विस्तार में 24 विधायकों ने मंत्री पद की शपथ ली
- वित्त मंत्रालय सीएम सिद्धारमैया ने अपने पास रखा
- जाति-समुदाय, मुस्लिम-क्रिश्चियन को भी साधा

**बेंगलुरु ■ एजेंसी**

कर्नाटक में मुख्यमंत्री सिद्धारमैया की टीम तैयार है। शनिवार को 24 विधायकों ने मंत्री पद की शपथ ली। अब कैबिनेट में सीएम सिद्धारमैया, डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार समेत कुल 34 मंत्री हैं। चुनाव के पहले भाजपा से कांग्रेस में आए सीनियर लीडर जगदीश शेट्टार और लक्ष्मण सावदी को मंत्री नहीं बनाया गया है। मंत्रियों के नाम दिल्ली में तीन दिन चली मैराथन मीटिंग में तय किए गए। इस बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी भी शामिल हुए थे। हर नाम जाति, कम्युनिटी और क्षेत्र के हिसाब से चुना। इसकी वजह 2024 का होने वाला लोकसभा चुनाव है।

कर्नाटक में लोकसभा की 28 सीटों में से कम से कम 20 सीटें जीतने का टारगेट रखा है। अब कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार है। पार्टी ने 135 सीटों के साथ करीब 43 फीसदी वोट शेयर हासिल किया है। कांग्रेस इसका फायदा लोकसभा चुनाव में उठाना चाहती है।2019 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को कर्नाटक में सिर्फ एक सीट मिली थी। तब बेंगलुरु रूरल सीट से डीके शिवकुमार के भाई डीके सुरेश चुनाव जीते थे।



### सिद्धारमैया और डीके दोनों को बैलेंस किया

कर्नाटक सीएम सिद्धारमैया ने कैबिनेट विस्तार में जाति संतुलन का खास ध्यान रखा है। जातियों के अलावा क्षेत्रीय इलाकों को भी कांग्रेस ने साधने का प्रयास किया है। इनमें नौ लोग पहली बार विधायक बने हैं, जबकि एक महिला विधायक भी शामिल हैं। मंत्रिमंडल में सिद्धारमैया और डीके शिवकुमार दोनों गुट को बैलेंस किया गया है। करीब 16 फीसदी आबादी वाली लिंगायत कम्युनिटी से छह मंत्री बनाए हैं। लिंगायतों की डिप्टी सीएम बनाए जाने की मांग पूरी नहीं हुई। ऐसे में कांग्रेस ने लिंगायतों को साधने की कोशिश की है। लिंगायत 20 साल से भाजपा के साथ थे। भाजपा की सरकार में ज्यादातर वक्त लिंगायत कम्युनिटी के येदियुरप्पा ही सीएम रहे।

### 24 विधायक बने मंत्री

कर्नाटक कांग्रेस के 24 विधायकों को शनिवार को मंत्री पद की शपथ दिलाई गई। एचके पाटिल, के वेंकटेश, दिनेश गुंडुराव, शरणबसप्पा दर्शनापुर, कृष्णा बायरे गौड़ा, एन चेलुवरायस्वामी, शिवानंद पाटिल, डॉक्टर एमसी सुधाकर, तिम्मापुर रामप्पा बलप्पा, एसएस मल्लिकार्जुन, तंगदगी शिवराज संगप्पा, डॉक्टर एचसी महादेवप्पा, ईश्वर खंड्रे, क्याथसंद्रा एन राजन्ना, डॉक्टर शरणप्रकाश रुद्रप्पा पाटिल, संतोष एस लाड, एनएस बोस राजू, सुरेश बीएस, मधु बंगारप्पा, मंकल वैद्य, (महिला मंत्री) लक्ष्मी आर हेब्बालकर, रहीम खान, डी सुधाकर और बी नागेंद्र विधायक ने मंत्री पद की शपथ ली।

### डीके को सिंचाई विभाग

शुक्रवार को मंत्रियों का पोर्टफोलियो तय हो गया। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के पास वित्त विभाग रहेगा। वहीं, डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार के पास प्रमुख और मध्यम सिंचाई और बेंगलुरु शहर का विकास विभाग रहेगा। इसके साथ ही कानून और संसदीय मामलों के मंत्री एचके पाटिल को बनाया गया है। वहीं, कर्नाटक के नए स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री दिनेश गुंडू राव होंगे और कृष्णा बेयरे गौड़ा को राजस्व मंत्री (मुजरई को छोड़कर) बनाया गया है।

### एमएलए न होने पर भी बोसराजू बने मंत्री

सिद्धारमैया मंत्रिमंडल में मंत्री के रूप में श्री एनएस बोसराजू को शामिल किए जाने से राजनीतिक हलकों में हलचल बढ़ गई है, क्योंकि वह न तो विधानसभा और न ही विधान परिषद के सदस्य हैं।

## केंद्र से दिल्ली में अध्यादेश वापस लेने बीआरएस की मांग



**हैदराबाद, (एजेंसी)।** भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के अध्यक्ष एवं तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव (केसीआर) ने दिल्ली में अधिकारियों के स्थानांतरण और पदस्थापना के संबंध में केंद्र सरकार की ओर से लाए गए अध्यादेश का विरोध करते हुए शनिवार को मोदी सरकार से इसे वापस लेने की मांग की।

श्री राव ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के साथ यहां प्रगति भवन में संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते आरोप लगाया कि अध्यादेश देश में लोकतांत्रिक व्यवस्था को प्रभावित करेगा। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक तरीके से पूर्ण बहुमत से चुनी गई आप की सरकार को अध्यादेश के जरिए काम नहीं करने देना देश के लिए अच्छा नहीं है।

उन्होंने श्री केजरीवाल को अध्यादेश के खिलाफ अपनी पार्टी की लड़ाई का समर्थन करने का आश्वासन देते हुए कहा कि केंद्र का अध्यादेश दिल्ली के लोगों का अपमान है, जिन्होंने अपनी सरकार चुनी है। श्री राव ने अलोकतांत्रिक तरीकों का सहारा लेने और दिल्ली सरकार के कामकाज को बाधित करने के लिए केंद्र सरकार की निंदा की। उन्होंने लोकतांत्रिक सिद्धांतों के क्षरण पर चिंता व्यक्त करते हुए 1975 में आपातकाल से पहले के दिनों की स्थिति की तुलना की।

## नाइजीरिया की यात्रा पर जाएंगे राजनाथ

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह रविवार को नाइजीरिया की तीन दिन की यात्रा पर जाएंगे। श्री सिंह सोमवार को अबुजा में ईगल स्क्वायर में नाइजीरिया के राष्ट्रपति निर्वाचित बोला अहमद टिंबू की शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे। वह निवर्तमान राष्ट्रपति मोहम्मद बुहारी से भी मिलेंगे। श्री बुहारी रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के सम्मान में एक भोज का आयोजन करेंगे। यह भारत के रक्षा मंत्री की पहली नाइजीरिया यात्रा होगी।

## पालघर में 3.5 और 3.3 की तीव्रता वाले भूकंप दो झटके

**पालघर, (एजेंसी)।** राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के अनुसार, महाराष्ट्र के पालघर में रिक्टर पैमाने पर 3.5 और 3.3 की तीव्रता वाले दो भूकंप के झटके क्रमशः शाम 5.15 बजे और 5.28 बजे आए। 3.3 तीव्रता का पहला झटका शाम पांच बजकर 15 मिनट पर, जबकि 3.5 तीव्रता का दूसरा झटका शाम पांच बजकर 28 मिनट पर महसूस किया गया। उन्होंने बताया कि ये झटके जिले के तलासरी इलाके में क्रमशः आठ किलोमीटर और पांच किलोमीटर की गहराई में महसूस किए गए।

## नॉर्थ कोरिया में 2 साल के बच्चे को उम्रकैद

**नॉर्थ कोरिया, (एजेंसी)।** नॉर्थ कोरिया में एक ईसाई परिवार को सिर्फ अपने धर्म का पालन करने और बाइबिल रखने के आरोप में आजीवन कारावास की सजा दे दी गई। सजा पाने वालों में परिवार का 2 साल का बच्चा भी शामिल है। ये खुलासा अमेरिका के स्टेट डिपार्टमेंट की धार्मिक आजादी को लेकर जारी की गई रिपोर्ट में हुआ है। मामला 2009 का बताया जा रहा है। रिपोर्ट में दावा किया है कि नॉर्थ कोरिया में बाइबिल रखने पर लोगों को आजीवन कारावास से लेकर मौत तक की सजा दी जा रही है। 2022 में नॉर्थ कोरिया ने 70 हजार से ज्यादा ईसाइयों को जेल में डाला दिया था।

## भारत आएंगे नेपाल के पीएम पुष्प कमल प्रचंड

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** नेपाल के पीएम पुष्प कमल दाहाल प्रचंड 31 मई से 3 जून तक भारत के दौरे पर रहेंगे। दिसंबर 2022 में पीएम बनने के बाद प्रचंड की यह पहली द्विपक्षीय विदेश यात्रा होगी। 1 जून को पीएम मोदी के साथ बैठक होगी। उनके साथ उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी आएगा। दिसंबर 2022 में पीएम का पदभार संभालने के बाद प्रचंड की पहली विदेश यात्रा होगी।

### आज का इतिहास

- **1414:** खिज्र खां ने दिल्ली की गद्दी पर कब्जा कर सैय्यद वंश की नींव रखी।
- **1674:** जर्मनी की संसद ने फ्रांस के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।
- **1883:** स्वतंत्रता सेनानी विनायक दामोदर सावरकर का जन्म।
- **1908:** जासूसी उपन्यास जेम्स बॉन्ड के लेखक इयान फ्लेमिंग का जन्म।
- **1918:** अजरबैजान स्वतंत्र हुआ और उसने स्वयं को लोकतांत्रिक गणराज्य घोषित किया।
- **1923:** प्रसिद्ध अभिनेता एवं तेलुगू देशम पार्टी के संस्थापक एन टी रामाराव का जन्म।
- **1940:** द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान बेल्जियम ने जर्मनी से हार मानी।
- **1952:** यूनान में महिलाओं को मताधिकार मिला।
- **1956:** फ्रांस ने अपने सभी भारतीय उपनिवेशों को भारत को सौंपा।

## खड़गे-राहुल ने शांति वन जाकर नेहरू को दी श्रद्धांजलि



नई दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे तथा पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरु की पुण्यतिथि पर शनिवार को शांति वन जाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। श्री खड़गे श्री गांधी ने झमाझम हो रही बारिश की बीच पंडित नेहरू की समाधि शांतिवन जाकर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

## ईडी ने उदयनिधि स्टालिन फाउंडेशन की 36.3 करोड़ की संपत्ति कुर्क की

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** ईडी की टीम ने 36.3 करोड़ की अचल संपत्ति कुर्क की है और तमिलनाडु में उदयनिधि स्टालिन फाउंडेशन के बैंक खातों में पड़े 34.7 लाख जब्त किए हैं। ईडी ने चेन्नई की केंद्रीय अपराध शाखा-वन द्वारा दर्ज एफआईआर पर पीएमएलए जांच शुरू की। एफआईआर में आरोप लगाया था कि शिकायतकर्ता पेटीगो कोमेर्सियो इंटरनेशनल एलडीए के निदेशक गौरव चाचर के साथ कल्लाल ग्रुप और उसके निदेशकों सरवनन पालनियप्पन, विजयकुमारन, अरविंद राज, विजय अनंत और अन्य लक्ष्मी मुथुरमन और प्रीता विजयनंत ने 114.37 करोड़ की धोखाधड़ी की थी।

## महबूबा मुफ्ती ने यासिन मलिक की सजा पर पुनर्विचार करने की अपील की



**श्रीनगर, (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री और पीडीपी की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने अलगाववादी नेता यासिन मलिक की सजा पर पुनर्विचार करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि देश में जब प्रधानमंत्री के हत्यारों की सजा माफ कर दी जा सकती है, तो यासिन मलिक की सजा पर पुनर्विचार क्यों नहीं किया जा सकता। उनका यह बयान तब सामने आया है, जब एनआईए ने अदालत में यासिन मलिक की उम्र कैद की सजा को मौत की सजा में बदलने के लिए अपील करने की बात कही है।

## अभिषेक बनर्जी के काफिले पर हमला, मंत्री का ड्राइवर घायल

**कोलकाता, (एजेंसी)।** बंगाल के झारग्राम जिले के सालबोनी इलाके में शुक्रवार शाम हुए पथराव में टीएमसी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी के काफिले में शामिल कई वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। जिला पुलिस अधिकारियों ने यह जानकारी दी। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक एक जिला पुलिस अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर कहा, 'उपद्रवियों ने न केवल पथराव किया बल्कि टीएमसी कार्यकर्ताओं और पुलिसकर्मियों पर भी हमला किया। दोपहिया वाहनों पर सवार लोगों को पीटा गया। करीब एक दर्जन पुलिसकर्मियों को चोटें आई हैं। मंत्री बीरबाहा हांसदा का वाहन क्षतिग्रस्त हो गया और उनका ड्राइवर घायल हो गया।

## अमेरिका के पास बचा सिर्फ 5 जून तक देश चलाने के लिए पैसा

**वॉशिंगटन, (एजेंसी)।** अमेरिका में कर्ज की सीमा बढ़ाने पर सरकार और विपक्षी पार्टी के बीच कोई डील फाइनल नहीं हो पा रही है। इस बीच ट्रेजरी सेक्रेटरी जेनेट एल येलेन ने कहा है कि अमेरिका 5 जून तक दिवालिया हो सकता है। यानी सरकार के पास केवल 5 जून तक देश को चलाने का पैसा बचा है। पहले ये तारीख 1 जून बताई गई थी। वहीं, अमेरिका का सरकारी खजाना पिछले 6 सालों में सबसे निचले स्तर पर पहुंच चुका है। गुरुवार को अमेरिकी ट्रेजरी का कैश बैलेंस 3 लाख करोड़ रुपए हो गया जो मंगलवार को 4 लाख करोड़ रुपए था।


तस्वीर हाउस ऑफ रिप्रजेंटेटिव्स में बाइडेन की पार्टी के प्रतिनिधि हकीम जैफरीज की है। शुक्रवार को डील के बिना मीटिंग से चले जाने पर हकीम ने रिपब्लिकन पार्टी के सांसदों की आलोचना की। तस्वीर हाउस ऑफ रिप्रजेंटेटिव्स में बाइडेन की पार्टी के प्रतिनिधि हकीम जैफरीज की है। शुक्रवार को डील के बिना मीटिंग से चले जाने पर हकीम ने रिपब्लिकन पार्टी के सांसदों की आलोचना की।

### दिवालिया होने से बच सकता है 1 खरब यूएस डॉलर का सिक्का

अमेरिका में कर्ज सीमा को बढ़ाने पर जून से पहले सहमति नहीं बनी तो अमेरिका डिफॉल्ट कर जाएगा। क्योंकि अमेरिका पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था की धुरी है इसलिए इसका असर वैश्विक अर्थव्यवस्था पर भी पड़ेगा। हाल के दिनों में व्हाइट हाउस और कांग्रेस में रिपब्लिकंस ने संकेत दिए हैं कि बातचीत सकारात्मक दिशा में जा रही है। लेकिन फिर भी लोगों में बेचैनी बनी हुई है। ऐसे में विश्लेषक अंतिम उपाय के रूप में एक खरब अमेरिकी डॉलर की क़ीमत के प्लैटिनम के सिक्के की चर्चा करने लगे हैं, जो देश को डिफॉल्ट होने से बचा सकता है। 1997 में बना एक क़ानून अमेरिका के ट्रेजरी सेक्रेटरी को किसी भी कारण से और कितनी भी क़ीमत के प्लैटिनम सिक्के ढालने की इजाज़त देता है।

## Filmi तड़का

## आ रहा है सालार..





### थिएटर्स में आदिपुरुष के साथ दिखेगा प्रभास की गैंगस्टर फिल्म का टीजर

**नई दिल्ली।** साहो और राधे श्याम की फीकी कामयाबी के बाद, ये साल पैन इंडिया स्टार प्रभास के लिए बहुत बड़ी कामयाबी लेकर आता दिख रहा है। उनकी अगली फिल्म आदिपुरुष का ट्रेलर कुछ समय पहले ही आया था और इसे जनता से जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला। अब फिल्म का इंतजार बेसब्री से किया जा रहा है और बड़ी स्क्रीन पर प्रभास को, प्रभु श्रीराम के अवतार में देखने के लिए दर्शक बहुत एक्साइटेड हैं। आदिपुरुष के साथ ही इसी साल प्रभास का एक और बहुत बड़ा प्रोजेक्ट फाइनली बड़ी स्क्रीन पर पहुंचने वाला है, जिसका इंतजार फैन्स लंबे समय से कर रहे हैं। सितंबर में प्रभास की अगली फिल्म सालार भी थिएटर्स में रिलीज होनी है। केजीएफ फ्रेंचाइज़ी के डायरेक्टर प्रशांत नील ने जब अनाउंस किया कि वो अपनी अगली फिल्म प्रभास के साथ बना रहे हैं, तभी से जनता सालार के लिए एक्साइटेड है। सालार को लेकर रिपोर्ट्स आ रही हैं कि इसका टीजर या फर्स्ट लुक आदिपुरुष फिल्म के साथ अटैच किया जा सकता है। यानी जब आप थिएटर्स में आदिपुरुष देखने पहुंचेंगे तो प्रभास के श्रीराम अवतार के साथ, उनके गैंगस्टर अवतार वाली सालार का टीजर भी देखने को मिलेगा।

## सतीश कौशिक की बेटी संग अनुपम खेर की मस्ती

**मुंबई।** सतीश कौशिक के अचानक निधन के बाद एक्टर अनुपम खेर ने उनकी बच्ची के पालन-पोषण का जिम्मा उठा लिया है। सतीश कौशिक ने 8 मार्च को दुनिया को अलविदा कह दिया था। वो अपने पीछे 10 साल की बेटी वंशिका को छोड़ गए हैं। पिता के बिना वंशिका अकेली हो गई हैं, लेकिन उनके फेवरेट अनुपम अंकल उनका ख्याल अब रख रहे हैं।





वंशिका ने अपनी पहली इंस्टाग्राम रील अनुपम खेर के साथ बनाई थी। इसमें दोनों साथ में डांस करते नजर आए थे। उनके क्यूट अंदाज को काफी पसंद किया गया। अब वंशिका ने एक और प्यारा वीडियो शेयर किया है। इसमें नन्ही वंशिका, अपने अनुपम अंकल संग लंच एन्जॉय करती नजर आ रही हैं। उन्होंने बताया कि पहले उनके पिता उन्हें लंच पर लेकर जाते थे, लेकिन अब अनुपम खेर इस भूमिका को निभा रहे हैं। वंशिका कौशिक अपने वीडियो को शेयर करते हुए लिखती हैं, पापा और मैं मैरिएट में नाश्ते और लंच के लिए आया करते थे। मेरे फेवरेट अनुपम अंकल के साथ ये रूटीन रिपीट करना काफी बढ़िया रहा और ऐसा कैसे हो सकता है कि हम साथ हों और रील ना बनाएं तो ये रही आपके लिए वीडियो अनुपम खेर के साथ। इसके बाद अनुपम खेर फनी रिएक्शन देते हैं। एक्टर राज बब्बर की बेटी जूही बब्बर ने भी इस पर कमेंट किया है।

## अमेरिका में फ्लू से करीब 154 बच्चों की मौत

**लॉस एंजिल्स, (एजेंसी)।** अमेरिका में इस मौसम में अब तक कुल 154 बच्चों की फ्लू से मौत हो चुकी है।

अमेरिकी सेंटर फॉर डिसीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन (सीडीसी) की ओर से जारी नवीनतम आंकड़ों के मुताबिक इस मौसम में अब तक कम से कम 2.7 करोड़ लोग फ्लू बीमारियों से पीड़ित हैं। इनमें से करीब तीन लाख लोग अस्पताल में भर्ती हैं और इस बीमारी से अब तक लगभग 19 हजार मौतें हो चुकी हैं। गत 20 मई को नौ सौ से अधिक लोगों को फ्लू के साथ अस्पताल में भर्ती कराया गया था। आंकड़ों में बताया गया कि मौसमी इन्फ्लूएंजा गतिविधि राष्ट्रीय स्तर पर कम रहती है।

### इस मौसम में अब तक कम से कम 2.7 करोड़ लोग फ्लू बीमारियों से पीड़ित

सीडीसी ने सभी से आग्रह किया कि छह महीने और उससे अधिक उम्र के सभी लोगों को फ्लू की गतिविधि जारी रहने तक वार्षिक फ्लू का समय पर टीका लगवाना चाहिए।

**इवेंट** राष्ट्रीय योग संस्थान द्वारा योग दिवस समारोह का आयोजन किया गया

## हैदराबाद में योग महोत्सव में जुटे 50,000 लोग

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2023 के 25 दिन पूर्व हैदराबाद में शनिवार को 'योग महोत्सव' आयोजित किया गया जिसमें 50 हजार से अधिक लोगों ने भाग लिया। आयुष मंत्रालय ने यहां बताया कि योग दिवस समारोह में तेलंगाना की राज्यपाल तमिलिसाई सुंदरराजन समारोह की मुख्य अतिथि रही।

केंद्रीय आयुष मंत्री सर्बानंद सोनोवाल, केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन राज्य मंत्री जी. किशन रेड्डी और केंद्रीय आयुष राज्य मंत्री मंजुपारा महेंद्रभाई भी इस अवसर पर उपस्थित रहे। हैदराबाद के एनसीसी परेड ग्राउंड में आयोजित 'योग महोत्सव' में 50,000 से अधिक लोगों की लोगों की भागीदारी रही। योग दिवस समारोह का आयोजन मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान (एमडीएनआईवाई) ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के 25 दिन पूर्व 'योग महोत्सव'का आयोजन किया।

योग महोत्सव में अनेक हस्तियां भी उपस्थित थीं जिनमें पद्म भूषण विजेता और जाने-माने बैडमिंटन खिलाड़ी तथा कोच पुलेला गोपीचंद, अभिनेता विश्वकसेन के अलावा कृष्ण चैतन्य आदि भी शामिल हैं। योग संस्थान के निदेशक डॉ ईश्वर बासवरेड्डी ने इस कार्यक्रम में कॉमन योगा प्रोटोकॉल (सीपीपी) का संचालन किया।

### बंदरगाहों, जहाजों पर होगा योग ओशन रिंग ऑफ योग बनाया जाएगा

श्री सोनोवाल ने कहा कि इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने के लिए अंतरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय तथा स्थानीय स्तरों पर कई नई पहल की गई हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर, 21 जून को रक्षा मंत्रालय, विदेश मंत्रालय और बंदरगाह, जहाजरानी एवं जलमार्ग मंत्रालय की मदद से कई बंदरगाहों, जहाजों पर प्रमुख भव्य योगाभ्यास किया जाएगा और 'ओशन रिंग ऑफ योग'बनाया जाएगा। अनेक देशों के भी इस कार्यक्रम में शामिल होने की संभावना है। इसी तरह, आर्कटिक से अंटार्कटिका में भी योगाभ्यास का प्रदर्शन होगा जिसमें भूमध्य रेखा पर या उसके आसपास के देश भी योगाभ्यास में शामिल होंगे। आईएनएस विक्रांत तथा आईएनएस विक्रमादित्य के फ्लाइट डैक्स पर योग होगा।

## 29 को लांच होगा इसरो का एनवीएस-01 उपग्रह

### साल का पहला जीएसएलवी मिशन

**चेन्नई, (एजेंसी)।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) सोमवार को श्रीहरिकोटा के स्पेसपोर्ट से जीएसएलवी-एफ12, एनवीएस-01 उपग्रह स्थापित करेगा।

यह जियोसिंक्रोनस सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल मिशन एनवीएस-01 नेविगेशन उपग्रह को तैनात करने के लिए डिज़ाइन किया गया है, जिसका वजन लगभग 2,232 किग्रा है। उसे जियोसिंक्रोनस ट्रांसफर ऑर्बिट में रखा गया है। इसके बाद की कक्षा को ऊपर उठाने की तकनीक का इस्तेमाल उपग्रह को इच्छित कक्षा में ले जाने के लिए किया जाएगा।

इसरो के सूत्रों ने कहा कि उपग्रह को ले जाने वाला तीन चरणों वाला रॉकेट श्रीहरिकोटा के दूसरे लॉन्च पैड से सोमवार सुबह एसडीएससी-शार रेंज से 10 बजकर 42 मिनट पर प्रक्षेपित किया जायेगा। जीएसएलवी-एफ12, एनवीएस-01 को जियोसिंक्रोनस ट्रांसफर ऑर्बिट में तैनात करेगा। एनवीएस -01 भारतीय नक्षत्र सेवाओं के साथ नेविगेशन के लिए परिकल्पित दूसरी पीढ़ी के उपग्रहों में से पहला है।

# आईपीएल फाइनल : धोनी की विदाई मैच में 'रन मशीन' गिल की चुनौती, मोटेरा में 1.32 लाख दर्शक बनेंगे गवाह

*अहमदाबाद। चेन्नई सुपर किंग्स के करिश्माई कप्तान महेंद्र सिंह धोनी पांचवां आईपीएल खिताब जीतकर अपनी 'विदाई' को यादगार बनाना चाहेंगे लेकिन उनकी राह में गुजरात टाइटंस के शुभमन गिल के रूप में ऐसी 'रन मशीन' है जिसके बल्ले पर अंकुश लगाना इस सत्र में गेंदबाजों के लिए टेढ़ी खीर साबित हुआ है। आईपीएल फाइनल में 'मिडास टच' के लिए मशहूर एक अनुभवी कप्तान का सामना एक ऐसे युवा बल्लेबाज से है जो तकनीक में भी माहिर है लिहाजा दर्शकों को मनोरंजन की पूरी सौगात मिलेगी। एक भारतीय क्रिकेट का सुनहरा इतिहास है तो दूसरा आने वाले उज्ज्वल कल। करीब 19 साल पहले जब युवा धोनी भारतीय टीम में पदार्पण की तैयारी कर रहे थे तब चार साल का गिल पाकिस्तान सीमा पर पंजाब के फजिल्का गांव में अपने दादा द्वारा हाथ से बनाए गए बल्ले से अपने बड़े से खेत में खेल रहा था। रविवार को नरेंद्र मोदी स्टेडियम पर जब 132000 दर्शक जल्दी ही 42 वर्ष के होने जा रहे धोनी को शायद आखिरी बार पीली जर्सी में देखेंगे।*

### गिल ने बनाए 851 रन

भारतीय क्रिकेट का भावी सुपरस्टार गिल अपने हाथ में आईपीएल की ट्रॉफी थामने को बेताब होगा। तीन शतक और 851 रन बना चुके गिल के बल्ले पर अंकुश लगाना धोनी की सीएसके के सामने सबसे बड़ी चुनौती होगी। दीपक चाहर की स्विंग या रविंद्र जडेजा की विकेट पर गेंदबाजी। मोईन अली की आफ स्टम्प से बाहर जाती गेंद या मथीषा पथिराना की सीधे पैर पर पड़ती गेंद, कोई नहीं जानता कि तकनीक के धनी गिल की एकाग्रता किस गेंद पर भंग होगी।

**खिताबी मुकाबले का प्रसारण स्टार स्पोर्ट्स पर शाम 7.30 बजे से**





*दूसरी ओर गुजरात के पास हार्दिक पंड्या के रूप में ऐसा कप्तान है जिसका मानना है कि टीम की कप्तानी का एक ही तरीका है जो धोनी से उन्होंने सीखा है। बल्लेबाजी में गिल के अलावा*

### पंड्या में धोनी की झलक

*पंड्या ने 325 रन बनाए हैं। बल्लेबाज मैच जीतते हैं लेकिन गेंदबाज टूर्नामेंट जीतते हैं और यह टाइटंस ने साबित कर दिया है। मोहम्मद शमी (28 विकेट), राशिद खान (27 विकेट) और मोहित शर्मा (24 विकेट) ने अपने काम को बखूबी अंजाम दिया है।*

### कभी खत्म नहीं होगा धोनी का करिश्मा

धोनी के प्रशंसक उन्हें अगले साल फिर खेलते देखना चाहेंगे लेकिन पूरा आईपीएल उन्होंने बाएं घुटने पर पट्टी बांधकर खेला है लिहाजा उनके लिए अगले सत्र में फिर खेलना मुश्किल लग रहा है। इसलिए 'थाला' के प्रशंसकों के लिए यह धोनी के आखिरी मैच के हर पल को यादों में कैद करने का अवसर है। वह अधिकांश मैचों में आठवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे हैं लेकिन तुषार देशपांडे जैसे अनुभवहीन गेंदबाज और शिवम दुबे जैसे युवा बल्लेबाज को उन्होंने आत्मविश्वास दिया है। धोनी का करिश्मा कभी खत्म नहीं होगा। उनकी कप्तानी भारतीय क्रिकेट की किवदंतियों का हिस्सा रहेगी।

### फार्म में सीएसके के बल्लेबाज

चेन्नई के लिए डेवोन कोंवे (625 रन), रुतुराज गायकवाड़ (564 रन), अजिंक्य रहाणे 13 मैचों में 299 रन बना चुके हैं जबकि दुबे ने 386 रन बनाए हैं। इस आईपीएल में दुबे 33 छक्के लगा चुके हैं। गेंदबाजी में श्रीलंका के पथिराना ने 17 और देशपांडे ने 21 विकेट लिए ।

### खिताबी मैच की टीमें

**चेन्नई सुपर किंग्स**

*एमएस धोनी (कप्तान एवं विकेटकीपर), आकाश सिंह, मोइन अली, भगत वर्मा, दीपक चाहर, डेवोन कॉनवे, तुषार देशपांडे, शिवम दुबे, रुतुराज गायकवाड़, राजवर्धन हैंगरगेकर, रवींद्र जडेजा, सिसंडा मगाला, अजय मंडल, मथीशा पथिराना , ड्वेन प्रीटोरियस, अजिंक्य रहाणे, शैक रशीद, अंबाती रायडू, मिचेल सेंटनर, सुभ्रांशु सेनापति, सिमरजीत सिंह, निशांत सिंधु, प्रशांत सोलंकी, महेश तीक्ष्णा।*

**गुजरात टाइटन्स**

*हार्दिक पंड्या (कप्तान), शुभमन गिल, डेविड मिलर, अभिनव मनोहर, साईं सुदर्शन, रिद्धिमान साहा, मैथ्यू वेड, राशिद खान, राहुल तेवतिया, विजय शंकर, मोहम्मद शमी, अल्जारी जोसेफ, यश दयाल, प्रदीप सांगवान, दर्शन नलकंडे , जयंत यादव, आर. साई किशोर, नूर अहमद, दासुन शनाका, ओडियन स्मिथ, केएस भरत, शिवम मावी, उर्विल पटेल, जोशुआ लिटिल और मोहित शर्मा।*

---

## खबर संक्षेप



### जल्द विकल्प तलाशेगा मुंबई इंडियंसः बाउचर

**अहमदाबाद।** मुंबई इंडियंस के मुख्य कोच मार्क बाउचर ने कहा कि प्रमुख गेंदबाजों के समय रहते फिट नहीं होने पर उनकी टीम विकल्प तलाशेगी। पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह, जोफ्रा आर्चर और झाय रिचर्डसन के इस सत्र में नहीं खेलने के बावजूद प्लेआफ तक पहुंची। उसे दूसरे क्वालीफायर में हालांकि गुजरात टाइटंस ने हरा दिया। बाउचर ने कहा कि टीम के प्रदर्शन की समीक्षा बाद में की जाएगी क्योंकि वह अभी विवादों को जन्म नहीं देना चाहते। उन्होंने कहा, 'कई चीजों पर बात करनी होगी लेकिन अभी कुछ कहना बेवकूफी होगी।'

### सूर्या के सामने प्रयोग नहीं करना चाहता था

**अहमदाबाद।** गुजरात टाइटंस के गेंदबाज मोहित शर्मा ने कहा कि सूर्यकुमार यादव के सामने प्रयोग नहीं करने की उनकी रणनीति मुंबई इंडियंस के खिलाफ आईपीएल के दूसरे क्वालीफायर में कारगर साबित हुई। मोहित ने 2.2 ओवर में 10 रन देकर पांच विकेट लिए। मोहित ने कहा, 'मैं खुशकिस्मत हूं कि पांच विकेट मिले। बाद में गेंद फिसल रही थी और सूर्य और तिलक के क्रीज पर रहते लग रहा था कि मैच निकल जाएगा।' तिलक वर्मा ने 14 गेंद में 43 और सूर्यकुमार ने 38 गेंद में 61 रन बनाये लेकिन उनके आउट होने के बाद मुंबई की टीम 18.2 ओवर में 171 रन पर आउट हो गई।



### लानिंग एशेज महिला क्रिकेट श्रृंखला से बाहर

**मेलबर्न।** आस्ट्रेलिया की कप्तान मेग लानिंग मेडिकल कारणों से इंग्लैंड में महिलाओं की एशेज क्रिकेट श्रृंखला से बाहर हो गईं। क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने शनिवार को जारी बयान में कहा कि लानिंग ने मेडिकल सलाह के बाद बाहर होने का फैसला किया है। इससे ज्यादा कोई जानकारी नहीं दी गई। आस्ट्रेलिया के महिला क्रिकेट परफार्मेंस के प्रमुख शॉन फ्लेगलेर ने कहा, 'यह मेग के लिए निराशाजनक है कि वह एशेज नहीं खेल पाएगी। टीम के लिए यह अहम श्रृंखला है और उसकी कमी खलेगी। लेकिन उसे पता है कि सेहत सबसे पहले है। वह घर पर मेडिकल स्टाफ के साथ काम करेगी और जल्दी वापसी की कोशिश करेगी।'



---

# जीत से फाइनल में पहुंचे प्रणय क्वार्टर फाइनल में हारी सिंधू

एजेंसी ▶▶ कुआलालंपुर

भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी एच एस प्रणय मलेशिया मास्टर्स में पुरुष एकल फाइनल में पहुंच गए जब उनके प्रतिद्वंद्वी इंडोनेशिया के क्रिस्टियन एडिनाटा ने घुटने में चोट लगने के कारण सेमीफाइनल मैच छोड़ दिया। दुनिया के नौवें नंबर के खिलाड़ी प्रणय उस समय 19-17 से आगे चल रहे थे जब एडिनाटा को चोट लगी।

■ **मलेशिया मास्टर्स : ग्रेगोरिया के खिलाफ सिंधू की लगातार दूसरी हार**

विश्व जूनियर चैंपियनशिप 2019 विजेता एडिनाटा को प्रणय और इंडोनेशियाई कोच ने संभाला। इसके बाद उन्हें कोर्ट से बाहर ले जाया गया। प्रणय का सामना अब चीन के वेंग होंग यांग और चीनी ताइपै के लिन चुन यि के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा। यह इस सत्र में उनका पहला फाइनल होगा और पिछले साल स्विस ओपन फाइनल हारने के बाद से दूसरा फाइनल है। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधू सेमीफाइनल में इंडोनेशिया की ग्रेगोरिया मरिस्का टी से 14-21, 17-21 से हारकर बाहर हो गई। ग्रेगोरिया के खिलाफ सात मैच जीतने के बाद सिंधू की यह लगातार दूसरी हार थी।




### चोट लगने से हटे एडिनाटा

*प्रणय ने अपने मैच में शानदार शुरुआत करके 11-1 की बढ़त बना ली। ब्रेक के बाद एडिनाटा ने अगले नौ में से सात अंक बनाए। प्रणय ने क्रॉसकोर्ट पर स्मैश लगाकर आत्मविश्वास वापिस हासिल किया लेकिन सहज गलतियों और एडिनाटा के शानदार खेल के दम पर स्कोर 10-14 हो गया। एक समय स्कोर 16-16 था लेकिन प्रणय ने जल्दी ही 19-17 की बढ़त बना ली। एडिनाटा को चोट लगने से मुकाबला खत्म हो गया।*

### नहीं दिखा आक्रामकता


दूसरे मैच में सिंधू आक्रामक खेल नहीं दिखा सकी और ग्रेगोरिया के शानदार डिफेंस का उनके पास कोई जवाब नहीं था। कोच विधि चौधरी उनका हौसला बढ़ाती रही लेकिन उसका कोई असर नहीं हुआ। ग्रेगोरिया लगातार उन पर दबाव बनाती रही।



### दीक्षा बेल्जियन ओपन में दूसरे स्थान पर

एंटवर्प। भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर ने दूसरे दौर में शानदार प्रदर्शन करते हुए पांच अंडर 67 का कार्ड खेला जिससे वह बेल्जियन लेडीज ओपन में दूसरे स्थान पर पहुंच गई। लेडीज यूरोपियन टूर का खिताब जीतने वाली एकमात्र भारतीय महिला खिलाड़ी दीक्षा ने पहले दौर में 71 का कार्ड खेला था। इस तरह से अब उनका कुल स्कोर छह अंडर पर है। वह शीर्ष पर चल रही मारिया हर्नाडिज से दो शॉट पीछे हैं। दीक्षा ने जहां शानदार खेल दिखाया वहीं अन्य भारतीयों को संघर्ष करना पड़ा। पहले दौर में 72 का कार्ड खेलने वाली अमनदीप द्राल ने दूसरे दौर में पहले सात होल में इवन पार का स्कोर बनाया जबकि वाणी कपूर छह होल के बाद दो ओवर पर हैं। सेहर अटवाल और त्वेसा मलिक का कट से चूकना तय है।

# शॉटगन विश्व कप में पांचवें स्थान पर रहे ट्रैप निशानेबाज भवनीश



एजेंसी ▶▶ अलमाटी

पेरिस ओलंपिक का कोटा हासिल कर चुके भारतीय निशानेबाज भवनीश मेंदीरत्ता को शनिवार को यहां आईएसएसएफ शॉटगन विश्व कप की ट्रैप स्पर्धा के फाइनल में कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा और आखिर में वह पांचवें स्थान पर रहे। फरीदाबाद के रहने वाले 23 वर्षीय भवनीश शुक्रवार को क्वालिफिकेशन के पहले तीन दौर में 75 में से 73 अंक बनाकर चार अन्य निशानेबाजों के साथ संयुक्त बढ़त पर थे। उन्होंने शनिवार को अगले दो दौर में 24 का सामान स्कोर बनाया। भवनीश ने इस तरह से दो दिन में 125 में से 121 अंक बनाकर संयुक्त चौथे स्थान पर रहकर छह खिलाड़ियों के फाइनल में जगह बनाई। फाइनल में हालांकि यह भारतीय निशानेबाज अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाया। वह 30 में से 24 अंक बनाकर बाहर होने वाले दूसरे खिलाड़ी बने। इटली के निशानेबाज निशानेबाज और दो बार के विश्व चैंपियन फैब्रीज़ी मास्सिमो ने ऑस्ट्रेलिया के 27 वर्षीय विश्व चैंपियन जेम्स विलेट को हराकर स्वर्ण पदक जीता। कुवैत के निशानेबाज खालिद अल्मुधाफ ने कांस्य पदक हासिल किया।

# 400 मीटर दौड़ की सबसे तेज धाविका बनना चाहती हैं प्रिया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय महिला एथलीट प्रिया एच मोहन देश की 400 मीटर दौड़ की सबसे तेज धाविका बनना चाहती हैं। प्रिया चोट से ठीक होने के बाद अभ्यास पर लौट चुकी हैं और एशियाई खेलों में क्यूबा के कोच एनियेर गार्सिया के मार्गदर्शन में पदक जीतना चाहती हैं। 2021 में प्रिया 52.77 सेकंड के समय के साथ देश की सबसे तेज 400 मीटर की धाविका बनी थीं और उस समय उनकी उम्र 18 साल की थी। इसके बाद वह दो विश्व अंडर 20 विश्व चैंपियनशिप में पदक नहीं जीत पाई थीं। उन्होंने कहा, 'मेरे कॅरिअर में कई उतार-चढ़ाव आए हैं। कई बार आप ऊपर जाते हैं और फिर नीचे जाते हैं। खिलाड़ियों की जिंदगी में नीचे आना जरूरी है क्योंकि फिर वह मजबूती के साथ वापसी कर सकता है।



# महिला हॉकी टीम ने ऑस्ट्रेलिया-ए को हराया

एजेंसी ▶▶ एडिलेड

भारतीय महिला हॉकी टीम ने ऑस्ट्रेलिया के अपने दौरे के पांचवें और अंतिम मैच में शानदार प्रदर्शन करते हुए शनिवार को यहां करीबी मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ए को 2-1 से हराया। भारत के लिए नवनीत कौर (10वें मिनट) और दीप ग्रेस एक्का (25वें मिनट) ने गोल किए। ऑस्ट्रेलिया ए की तरफ से एकमात्र गोल अबीगैल विल्सन (22वें) ने किया।

पिछले मैच में 3-2 से जीत दर्ज करने वाली ऑस्ट्रेलिया ए की टीम ने विश्वसनीय शुरुआत की लेकिन भारतीय रक्षा पंक्ति में गुरजीत कौर मुस्तैद थी और उन्होंने विरोधी टीम को सर्कल में नहीं घुसने दिया। भारत ने इसके बाद लगातार तीन पेनल्टी कॉर्नर हासिल करके ऑस्ट्रेलिया ए पर दबाव बना दिया। नवनीत कौर ने रिवर्स हिट से भारत के लिए पहला गोल किया। भारत ने दूसरे क्वार्टर में अपनी लय बनाए रखी लेकिन ऑस्ट्रेलियाई टीम में जवाबी हमला किया। भारतीय गोलकीपर सविता ने हालांकि उसके प्रयासों पर पानी फेर दिया।



ऑस्ट्रेलिया ए ने इसके बाद पहला पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया जिसे अबीगैल ने गोल में बदलने में कोई गलती नहीं की। तीसरे क्वार्टर में काई गोल नहीं हुआ। वंदना ने अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखा तथा चौथे क्वार्टर के शुरू में भारतीय टीम पूरी तरह से हावी रही। भारत को इसके बाद पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन ऑस्ट्रेलिया की रक्षा पंक्ति ने उसका अच्छी तरह से बचाव किया।

### यूनाइटेड को मिला चैंपियंस लीग का टिकट

*लंदन। मैनचेस्टर यूनाइटेड ने दो साल बाद फिर से चैंपियंस लीग के लिए क्वालिफाई कर लिया है। यूनाइटेड ने चेल्सी को 4-1 से हराकर इंग्लिश प्रीमियर लीग की शीर्ष चार टीमों में जगह पक्की कर ली। चैंपियंस लीग का टिकट हासिल करने के लिए ईपीएल की शीर्ष चार टीमों में शामिल होना जरूरी था। मैनेचेस्टर को सिर्फ ड्रॉ खेलने की जरूरत थी, लेकिन केशमीरो और ब्रूनो फर्नांडीज के शानदार प्रदर्शन की बदौलत यूनाइटेड ने अपने घरेलू मैदान ओल्ड ट्रैफर्ड पर शानदार जीत हासिल की। यूनाइटेड को छठे ही मिनट में ब्राजीली मिडफील्डर केशमीरो ने हेडर के जरिए गोल कर बढ़त दिला दी। क्रिस्टियन एरिक्सन के क्रास पर केशमीरो ने हेडर जमाया। पहला हाफ के इंजुरी टाइम में एंथोनी मार्शल ने जाडेन सांको के पास पर गोल किया। दूसरे हाफ में यूनाइटेड के लिए ब्रूनो फर्नांडीज ने पेनाल्टी पर और चोटिल हो गए एंटोनी की जगह पर मार्कस रशफोर्ड ने चौथा गोल किया। चेल्सी के लिए 89वें मिनट में जेआओ फेलिक्स ने सांत्वना देने वाला गोल किया।*

# भदोही के यशस्वी जायसवाल टीम इण्डिया में डब्लूटीसी के लिए चयनित

## ऋतुराज गायकवाड़ की जगह लेंगे यशस्वी जायसावल, भदोही का लाल यशस्वी देश का नाम कर रहा रौशन : विनय चौरसिया

प्रखर भदोही। भदोही के यशस्वी जायसवाल का चयन भारतीय क्रिकेट टीम में डब्लूटीसी के लिए स्टैंडबाय खिलाड़ी के तौर पर हुआ है। वह ऋतुराज गायकवाड़ की जगह लेंगे। यशस्वी के चयन से परिवार और गृहनगर सुरियावां में खुशी का माहौल है। यशस्वी आईपीएल क्रिकेट में दन-दनादन रन बनाने को लेकर वह सुर्खियों में रहा। उसका बल्ला सिर्फ चौका और छक्का उगल रहा था। क्रिकेट को बिंदास अंदाज में खेलने वाला यह नौजवान क्रिकेट की पसंद बनता दिख रहा है। राजस्थान रॉयल्स की तरफ से खेल रहे यशस्वी जायसवाल ने बढ़िया प्रदर्शन किया। पिछले दिनों क्रिकेटर रवि शास्त्री और हरभजन सिंह ने यशस्वी और रिंकू सिंह को भारतीय टीम में टी-20 के लिए चयनित करने की जोरदार वकालत की थी। उत्तर प्रदेश के भदोही के सुरियावां जैसे छोटे नगर से निकल कर यशस्वी अपनी मेहनत के बल पर भविष्य की उम्मीद गढ़ रहा है। आने वाले दिनों में वह बीसीसीआई की एक उम्मीद बन सकता है। उसकी इस उपलब्धि से भदोही और गृहनगर सुरियावां में बेहद खुशी है।




डब्लूटीसी के लिए ऋतुराज गायकवाड़ का टीम में चयन किया गया था लेकिन जून के पहले सप्ताह में उनकी शादी है जिसकी वजह से उन्होंने टीम में शामिल होने से असमर्थता भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बॉर्ड से जातायी थी, जिसके बाद उनके स्थान पर स्टैंडबाय खिलाडी के रूप में यशस्वी जायसवाल का चयन किया गया है। आईपीएल में यशस्वी की उपलब्धियों को लोग सोशल मीडिया पर खूब शेयर कर थे। पिता भूपेंद्र जासवाल उर्फ गुड्डन बेटे की इस उपलब्धि से बेहद खुश हैं। उन्होंने कहा है कि यह हमारे और परिवार के लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि यशस्वी जायसवाल अपने उत्कृष्ट क्रिकेट खेल से भारतीय टीम का बुलंद सितारा बने यह मेरी शुभकामना है। सुरियावां नगर के नव निर्वाचित अध्यक्ष विनय चौरसिया ने यशस्वी की इस उपलब्धि पर खुशी जाहिर किया है। उन्होंने कहा कि यह भदोही के साथ उत्तर प्रदेश के लिए गौरव का क्षण है। पूरा सुरियावां नगर और भदोही इस खबर को सुनने के बाद जश्न में डूबा है। हम यशस्वी को बधाई देते हैं। सोमवार को पूरे नगर में विशेष जश्न मनाया जाएगा। यशस्वी की उपलब्धि से पूरा नगर पोस्टर से अटा दिखेगा।

# चेन्नई सुपर किंग्स आईपीएल फाइनल के लिए बेहतर तैयारः स्टीफन फ्लेमिंग

चेन्नई सुपरकिंग्स के मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने शनिवार को कहा कि उनकी टीम गुजरात टाइटंस के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के फाइनल के लिए पूर्व की तुलना में बेहतर तैयार है। उन्होंने कहा कि उनकी टीम किसी भी परिस्थिति में खेलने के लिए तैयार रहेगी तथा अतीत में उन्होंने परिस्थितियों और पिचों का आकलन करने में गलती की थी। रविवार को फाइनल के दिन बारिश की संभावना जताई गई है। फ्लेमिंग ने मैच की पूर्व संध्या पर कहा, हमने चेन्नई के लिए खुद कोइतनी अच्छी तरह से तैयार किया कि कुछ अवसरों पर हमें विरोधी टीम के मैदानों पर जूझना पड़ा। इसलिए फाइनल में थोड़ी चुनौती होगी लेकिन फाइनल में जीत दर्ज करने का हमारा रिकॉर्ड 50 प्रतिशत है। उन्होंने कहा, हमें फाइनल में किस तरह की परिस्थितियां मिलेंगी हम इसको लेकर चिंतित नहीं हैं। दो पिच में से किसी एक का चयन किया जाएगा लेकिन हम चिंतित नहीं हैं। हम अतीत की तुलना में इस बार फाइनल के लिए बेहतर तैयार हैं। इस बीच गुजरात टाइटंस के टीम निदेशक विक्रम सोलंकी ने कहा कि घरेलू परिस्थितियों की अच्छी समझ होने से उनकी टीम को फायदा मिलेगा। सोलंकी ने कहा, हमने यहां कई मैच खेले हैं और इस मामले में हम निश्चित तौर पर बेहतर स्थिति में है। हमने पिछले साल यहां फाइनल खेला था और बड़े मैचों में सफल रहे हैं।





हर साल पूरी दुनिया में 15 से 20 फीसदी लोग पैसिव स्मोकिंग का शिकार होते हैं और इनमें सबसे ज्यादा संख्या पत्नियों की होती है।

विशेषज्ञों के मुताबिक फर्स्ट हैंड स्मोकिंग से भी ज्यादा सेकेंड हैंड स्मोकिंग यानी पैसिव स्मोकिंग खतरनाक होती है।



नो टोबैको डे-31 मई स्पेशल

स्मोकिंग करने का बुरा असर केवल उस व्यक्ति के हेल्थ पर नहीं पड़ता, जो स्मोकिंग करता है बल्कि उसके आस-पास रहने वाले लोगों और खासकर फैमिली पर भी इसका घातक असर पड़ सकता है। डब्ल्यूएचओ के तमाम आंकड़े बताते हैं कि पैसिव स्मोकिंग किस तरह हर उम्र के लोगों को गंभीर रूप से बीमार बनाती है। यह कई बार असमय मृत्यु की ओर भी धकेल देती है।

## नॉनस्मोकर्स के लिए भी घातक

# स्मोकर्स का धुआं

**डब्ल्यूएचओ के** मुताबिक हर साल 6 लाख ऐसे लोगों की सिगरेट के कारण मौत होती है, जिन्होंने अपनी पूरी जिंदगी में कभी सिगरेट को हाथ नहीं लगाया होता है।

**तंबाकू में** 4000 से ज्यादा जहरीले केमिकल्स होते हैं, जो स्मोकर्स से ज्यादा, उनके फेफड़ों पर असर डालते हैं, जो स्मोकर्स के साथ रहते हैं।

**पैसिव स्मोकिंग** की शिकार पत्नियां, सामान्य महिलाओं के मुकाबले हार्ट अटैक, ब्रेन स्ट्रोक और दिल की अन्य बीमारियों का 20-25 फीसदी ज्यादा शिकार होती हैं।

**दुनिया में** हर साल दो लाख से ज्यादा बच्चे इसलिए विकलांग हो जाते हैं, क्योंकि वे मां के गर्भ में रहने के दौरान या शिशु अवस्था में पैसिव स्मोकिंग का शिकार होते हैं।

**पैसिव स्मोकिंग** के शिकार बच्चों के खून में निकोटीन, कार्बन मोनोऑक्साइड और फॉर्मेल्डिहाइड जैसे जहरीले तत्व घुल जाते हैं। जिस कारण ऐसे बच्चों के मस्तिष्क का विकास रुक जाता है।

अवेयरनेस / वीना गौतम

भले आपने कभी इस नजरिए से ना सोचा हो, लेकिन अगर आप सिगरेट पीते हैं और बेडरूम में पत्नी की मौजूदगी में भी सिगरेट पीते हैं, तो एक तरह से आप उसे मौत की सजा दे रहे होते हैं, वह भी बिना किसी गुनाह के। जी हां, ऐसा हम नहीं विश्व स्वास्थ्य संगठन मानता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक हर साल 6 लाख ऐसे लोगों की सिगरेट के कारण मौत हो जाती है, जिन्होंने अपनी पूरी जिंदगी में कभी सिगरेट को अपनी अंगुलियों में भी नहीं थामा होता है। ये वो लोग हैं, जो सिगरेट तो नहीं पीते, लेकिन दुर्भाग्य से ऐसे बीड़ी, सिगरेट पीने वालों के साथ रहते हैं, जो इन्हें बिना कोई गुनाह किए मौत की सजा देते हैं। इसे ही पैसिव स्मोकिंग का शिकार होना कहते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन का कहना है कि तंबाकू में 4,000 से ज्यादा जहरीले केमिकल्स होते हैं और ये तंबाकू पीने वालों से ज्यादा, उन्हें अपनी गिरफ्त में लेते हैं, जो खुद तो तंबाकू नहीं पीते, लेकिन तंबाकू पीने वालों के साथ रहते हैं। जिस कारण ना चाहने पर भी तंबाकू का धुआं उनके फेफड़ों में पहुंचता है।

### पत्नी पर पड़ता है घातक असर

पैसिव स्मोकिंग का सबसे ज्यादा बुरा असर पत्नियों को झेलना पड़ता है। जब पत्नी गर्भवती होती है और पति उस समय भी बेडरूम में सिगरेट पीना नहीं छोड़ता, तब इस सिगरेट के जहरीले धुएं का शिकार एक नहीं दो लोग होते हैं, गर्भवती पत्नी और उसके पेट में पल रहा बच्चा। हर साल पूरी दुनिया में 15 से 20 फीसदी लोग पैसिव स्मोकिंग का शिकार होते हैं और इनमें सबसे ज्यादा संख्या पत्नियों की होती है और सबसे बुरा शिकार गर्भवती पत्नियां होती हैं। सिगरेट पीने वाले पतियों के साथ रहने वाली पैसिव स्मोकिंग की शिकार पत्नियां दूसरी महिलाओं के मुकाबले हार्ट अटैक, ब्रेन स्ट्रोक और दिल की दूसरी बीमारियों का 20 से 25 फीसदी ज्यादा शिकार होती हैं, उन महिलाओं के मुकाबले, जो ऐसी खतरनाक संगति से बची होती हैं। विशेषज्ञों के मुताबिक सेकेंड हैंड स्मोकिंग या पैसिव स्मोकिंग, फर्स्ट हैंड स्मोकिंग से भी ज्यादा खतरनाक है।

### पैसिव स्मोकर्स को करना चाहिए विरोध

विश्व स्वास्थ्य संगठन का कहना है कि ऐसी पत्नियों को या ऐसे दूसरे रिश्तेदारों को, जो पैसिव स्मोकर हों, अपने साथ रह रहे एक्टिव स्मोकर से कह देना चाहिए कि वह किसी भी कीमत पर हमारी मौजूदगी में धूम्रपान ना करें। दुनिया के अनेक देशों में ऐसे स्मोकर्स के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई के कानून हैं। अगर कोई पैसिव स्मोकिंग का शिकार व्यक्ति अदालत में अपने स्मोकर के विरुद्ध शिकायत करता है, तो उसे इसकी सजा भी मिल सकती है। लेकिन हैरानी की बात यह है कि चाहे भारत हो, अमेरिका हो, इंग्लैंड हो या दुनिया का कोई भी सभ्य और विकसित समझा जाने वाला देश, कहीं पर भी धूम्रपान करने वाले लोग अपने परिजनों का ख्याल नहीं रखते। जब तक कोई कुछ कहे ना, वे उनकी मौजूदगी में ही स्मोकिंग करते हैं।



### बच्चों के लिए बेहद खतरनाक

पैसिव स्मोकिंग का बुरा असर, पत्नियों की तरह ही पेट में पल रहे बच्चे और गोद में रहने वाले बच्चे पर भी पड़ता है। कई बार तो यह मांओं से भी ज्यादा बच्चों के लिए खतरनाक होता है; क्योंकि बच्चों की इम्यूनिटी मांओं के मुकाबले बहुत कमजोर होती है। एक तरह से नवजात शिशुओं के लिए धूम्रपान का धुआं जहर देकर उन्हें मार डालने जैसा होता है। बच्चों का शरीर अभी पूरी तरह से विकसित नहीं हुआ होता, अभी वह विकसित हो रहा होता है। इसलिए उन्हें पापा या मम्मी या इर्द-गिर्द के किसी दूसरे व्यक्ति के धूम्रपान करने की वजह से जिस धुएं का शिकार होना पड़ता है, वह जानलेवा होता है। वास्तव में बच्चों का शरीर कोमल होता है। उनके ब्लड में बहुत तेजी से धूम्रपान का धुआं जहरीला असर करता है। दुनिया में हर साल दो लाख से ज्यादा बच्चे इसलिए विकलांग हो जाते हैं; क्योंकि जब वे मां के गर्भ में होते हैं या तो तब या फिर जब वे शिशु अवस्था में होते हैं, उनके इर्द-गिर्द के लोग धूम्रपान करते हैं और उन्हें उस जहरीले धुएं से दो-चार होना पड़ता है। उनमें इतनी इम्यूनिटी नहीं होती कि वो धुएं को बर्दाश्त कर सकें। इसलिए इसका नुकसान उनके किसी अंग के या कई अंगों के स्थायी रूप से खराब हो जाने के रूप में भुगतना पड़ता है। ऐसे बच्चों के खून में निकोटीन, कार्बन मोनोऑक्साइड और फॉर्मेल्डिहाइड जैसे जहरीले तत्व घुल जाते हैं। जिस कारण ऐसे बच्चों का मस्तिष्क का विकास रुक जाता है। उनका ओवरऑल शारीरिक विकास भी लगातार इस जहरीले धुएं की जद में रहने के कारण प्रभावित होता है। ऐसे बच्चों को बड़े होकर उन्हीं बीमारियों का खतरा झेलना पड़ता है, जो बीमारियां चेन स्मोकर पतियों की पत्नियों को झेलना पड़ता है। इसलिए जब भी धूम्रपान करें, पहले तो यह सोचें कि आप अपने दुश्मन हैं और बिना आत्महत्या के भी धीमी स्टाइल की आत्महत्या कर रहे हैं। फिर इसके आगे अपने इस कृत्य को लेकर इस नजरिए से भी सोचें कि आप खुद का नाश तो कर ही रहे हैं, अपने प्रियजनों का विनाश क्यों कर रहे हैं? इसलिए ना सिर्फ अपने लिए बल्कि अपने प्रियजनों के लिए भी इस धूम्रपान दिवस पर धूम्रपान से तौबा करने की शपथ लें। *

### दूसरों की हेल्थ का रखें ध्यान

हालांकि यह जगह-जगह पर लिखा होता है और दफ्तरों से लेकर सभी सार्वजनिक जगहों पर इसे बरतने का एक सामान्य एटीकेट होता है कि आप लोगों के बीच में धूम्रपान ना करें, अगर आस-पास के किसी एक भी व्यक्ति को दिक्कत हो। लेकिन धूम्रपान करने वाला व्यक्ति अकसर इसकी जरा भी परवाह नहीं करता। वह सभ्यता के नाते भी अपने इर्द-गिर्द के लोगों से यह नहीं पूछना चाहता कि अगर वह स्मोक करेगा तो क्या उनको दिक्कत होगी? यह बात सिर्फ पुरुष स्मोकर्स पर ही नहीं लागू होती, जो महिलाएं स्मोकिंग करती हैं, वो भी ऐसे लोगों की परवाह नहीं करतीं, जो उनके इर्द-गिर्द धूम्रपान ना करने वाले होते हैं। वास्तव में इस स्वार्थभरी दुनिया में किसी को दूसरे की परवाह नहीं होती। दफ्तरों, सार्वजनिक स्थानों में यह स्पष्ट लिखा होता है कि धूम्रपान करना हो तो स्मोकिंग एरिया में ही जाकर करें। विदेशों में इस शिष्टता को ज्यादातर लोग मानते हैं, जो नहीं मानते उन्हें कानून के कारण मानना पड़ता है। लेकिन हमारे यहां तो यह स्मोकर्स के विवेक और मूड पर निर्भर है कि वह अपनी तलब के समय शिष्टाचार की कोई बात सुनना भी चाहता है या नहीं। *

## पर्यावरण को भी नष्ट कर रहा तंबाकू



तंबाकू सेवन से जुड़ी सबसे चिंता की बात यह है कि केवल इंसानी स्वास्थ्य के लिए ही नहीं, पर्यावरण के लिए भी यह बेहद खतरनाक है। इसका खामियाजा सभी को भुगतना पड़ता है, चाहे वो तंबाकू का सेवन करते हों या ना करते हों।

**घटती है धरती की उर्वरक क्षमता:** तंबाकू की वजह से हमारा पर्यावरण बुरी तरह से जहरीला हो रहा है। इससे हर साल लगभग 45 लाख हेक्टेयर जमीन नष्ट हो जाती है; क्योंकि जिस जमीन में तंबाकू उगायी जाती है, वो इसके तमाम जहरीले रासायनिक तत्वों के कारण अनुपजाऊ हो जाती है। हालांकि जमीन का यह अनुपजाऊपन जमीन को खाली छोड़ दिए जाने के बाद कुछ सालों में फिर लौट आता है। लेकिन दुनिया के कई देशों में आतंकी गतिविधियों या स्मगलिंग के लिए चोरी छिपे लाखों हेक्टेयर के जंगलों को काटकर तंबाकू की खेती की जाती है, ताकि उसे बेचकर मुनाफा कमाया जा सके, इससे भी धरती का गंभीर पर्यावरणीय नुकसान हो रहा है। भारत के लैंडफिल में हर साल 100 अरब से ज्यादा सिगरेट बड्स इकट्ठे हो रहे हैं। जिससे धरती की उर्वरा शक्ति कम हो रही है, वो जहरीली हो रही है। सिगरेट के बड्स नॉन बायोडिग्रेडेबल प्लास्टिक से बनते हैं और इसके विघटित होने में कई साल लग जाते हैं।



### डराते हैं ये फैक्ट्स

- **45 लाख** हेक्टेयर जमीन तंबाकू की खेती की वजह से हर साल नष्ट हो जाती है।
- **60 करोड़** से ज्यादा पेड़ हर साल सिगरेट को तैयार करने के लिए दुनिया भर में काटे जाते हैं।
- **2,200 करोड़** लीटर साफ पीने का पानी प्रतिवर्ष सिगरेट उद्योग की भेंट चढ़ जाता है।
- **8.40 करोड़** टन कार्बन डाइऑक्साइड सिगरेट के विभिन्न उत्पादों से हर साल वातावरण में जमा होती है।
- **100 अरब** से ज्यादा सिगरेट बड्स भारत के लैंडफिल में हर साल इकट्ठे हो रहे हैं।

**ग्लोबल वॉर्मिंग में हो रहा इजाफा:** तंबाकू उद्योग के कारण हर साल वातावरण में 84 मीट्रिक टन कार्बन डाइऑक्साइड का उत्सर्जन होता है। निश्चित रूप से यह जलवायु परिवर्तन में एक बेहद सक्रिय और खतरनाक भूमिका निभाता है। अगर कहा जाए कि तंबाकू के कारण ग्लोबल वार्मिंग बहुत तेजी से हो रहा है तो गलत नहीं होगा क्योंकि तंबाकू के कारण वनों की अवैध कटाई भी होती है।

**बर्बाद होता बेशुमार पानी:** तंबाकू के उत्पादन और इसकी प्रोसेसिंग में अरबों लीटर पानी का इस्तेमाल होता है। तंबाकू के कारण पारिस्थितिकी तंत्र का विनाश होता है। अगर गहराई से देखें तो तंबाकू ने इंसान के जीवन को ही नहीं बल्कि इंसान जिस वातावरण में जीवित रहता है, उसको भी बहुत बुरी तरह से प्रभावित किया है। तंबाकू के कारण धरती की मिट्टी का डीएनए बदल रहा है। इसके विभिन्न उत्पादों के वेस्ट से पारिस्थितिकी तंत्र बहुत बुरी तरह से छिन्न-भिन्न हो रहा है। विशेषज्ञों का अनुमान है कि सिगरेट को तैयार करने के लिए हर साल दुनिया से 60 करोड़ से ज्यादा पेड़ काटे जाते हैं। 2,200 करोड़ लीटर साफ पीने का पानी सिगरेट उद्योग की भेंट चढ़ जाता है। सिगरेट के विभिन्न उत्पादों से हर साल वातावरण में 8.40 करोड़ टन कार्बन डाइऑक्साइड जमा होती है। ये तीनों चीजें पर्यावरण के विनाश की भयावह तस्वीर पेश करती हैं।

कहने का सार यही है कि तंबाकू सिर्फ इंसानी स्वास्थ्य के लिए ही नहीं बल्कि समूचे वातावरण के लिए बेहद खतरनाक है। *



नवगीत

सतीश उपाध्याय

## और तपती पुरवाई

दूर-दूर तपते सन्नाटे
और तपती पुरवाई,
धरती के उजले पांवों में
फिर से फटी बिवाई।।
सहमे-सहमे कुएं, बावड़ी
रोते ताल-तलैया,
गौशाला में बिरजू हांफे
और चौखट पर गैया।
बूढ़े बरगद के अंतस में
किसने आग लगाई।।
बूंद-बूंद का कत्ल हुआ है
सूरज की तलवारों से,
लहरें सारी खफा हो गईं
जालिम नदी किनारों से।
चट्टानों की धड़कन चट-चट
पड़ने लगी सुनाई।।
खोज रही है गर्म हवाएं
संदूक, देह की खोलकर,
लाल सलाखें लेकर आया
सूरज हल्ला बोल कर।
मन दर्पण भी चटक गया
लुप्त कहीं परछाई।
दूर-दूर तपते सन्नाटे
और तपती पुरवाई।।

व्यंग्य

सुधा रानी तैलंग

भले ही बच्चा किसी तरह बस पास हुआ हो लेकिन पूरे विश्वास से आंख मटकाते हुए यह कहने में हमें कोई परेशानी नहीं होती है कि हमारे बच्चों के अठानवे परसेंट मार्क्स आए हैं। इसी तरह पति की कमाई और अपनी उम्र छिपाने में भला हम महिलाओं से ज्यादा भरोसेमंद झूठ कौन बोल सकता है!

## झूठ बोले बिना मनवा लागे ना




बहुत कोशिश की पर 'बॉबी' फिल्म का गीत 'झूठ बोले कौव्वा काटे..' आज तक मेरे पल्ले नहीं पड़ा। बचपन में कई बार झूठ बोलने के बाद हम बच्चों के मन में यही डर समाया रहता था कि कहीं छत की मुंडेर पर बैठा कौव्वा आकर काट ना ले। मेरा छोटा भाई मेरे डर को यह कहकर बढ़ा देता, 'दीदी बिल्कुल सच बात है, इसलिए कभी झूठ मत बोलना।' लेकिन झूठ बोलने के इतने फायदे होते हैं कि इससे दूरी रखना किसी के लिए भी बहुत कठिन होता है। यही वजह रही कि हम बच्चे भी झूठ बोलने से नहीं चूकते थे। आए दिन स्कूल में मास्टर जी की छड़ी की पिटाई से बचने के लिए झूठ का मजबूरन सहारा लेना ही पड़ता। लेट होने पर या होम वर्क ना कर पाने पर सजा से बचने के लिए कभी पेट दर्द तो कभी मां की बीमारी तो कभी दादी की बीमारी का बहाना बना देती थी। बात-बात पर हम सब- 'तेरी कसम', 'तेरे सर की कसम', 'भगवान की कसम' झूठ-मूठ में खा लेते थे। आज भी मुझे याद है, हमारे पड़ोसी मन्नू अंकल की मित्र मंडली जब भी शतरंज खेलने के लिए उनके घर पहुंचती तो उनकी पत्नी, बिना दरवाजा खोले खिड़की से ही कह देतीं, 'भाई साहब वो तो अभी-अभी सब्जी लेने मंडी गए हैं।' इसी तरह हमारे पड़ोस के कल्लू चाचा के घर जब भी कोई दुकानदार उधारी का तगादा करने आता तो वो रोना-सा चेहरा बनाकर कहते, 'काका क्या करूं, इस महीने की तो तनखा आधी खर्च हो गई। पता है, सास बीमार थीं मैं ससुराल चला गया, सासू मां की सेवा करने। अगले महीने मैं खुद आकर पक्का आपके पैसे दे जाऊंगा।'


ऐसे संस्कारों के बीच पली-बढ़ी मैं, नौकरीशुदा होते-होते झूठ बोलने में पक्की हो गई। दरअसल, सरकारी नौकरी होती ही ऐसी है कि बिना झूठ के काम नहीं चलता। हमारे स्कूल के चपरासी रामू काका तो छुट्टी लेने के लिए कभी दादा-दादी तो कभी नाना-नानी के मरने का बहाना बनाते रहते हैं। हम टीचर्स को भी छुट्टी के लिए बहाने तो बनाने ही पड़ते हैं। जरा भी लेट हो गए तो प्रिंसिपल के सामने सौ बहाने हाजिर कर देते हैं, कभी ट्रैफिक जाम का तो कभी गाड़ी में पेट्रोल खत्म होने का तो कभी बच्चों, सासू-मां, पतिदेव की बीमारी का बहाना। शासन ने भी ऐसी नीति बनाई है कि हमें मजबूरन झूठ बोलना पड़ता है। मां, बाप या पति बीमार हो, घर की मरम्मत करवानी हो या फिर अपने ही बच्चों की शादी के लिए पैसे चाहिए तो खुद की बीमारी का मेडिकल सर्टिफिकेट बनवाना पड़ता है। अपने ही जी.पी. एफ. से पैसे निकलवाने के लिए हमें तरह-तरह के हथकंडे अपनाने पड़ते हैं। डॉक्टर से ऑपरेशन या लंबे इलाज के लिए फर्जी सर्टिफिकेट बनवाने पड़ते हैं। मेरा सुझाव तो यह है कि सरकारी नौकरी लगते ही शुरू में एक शपथ पत्र यह भी भरवाना चाहिए कि आज के बाद सच बोलना वर्जित रहेगा। जो कुछ बोलेंगे झूठ ही बोलेंगे।

झूठ बोलने की दौड़ में हम महिलाएं, पुरुषों से जरा भी पीछे नहीं रहतीं। ट्रेन सफर में अगर ऊपर की बर्थ मिल गई तो सौ बहाने हाजिर कर देती हैं- अभी-अभी ऑपरेशन करवाया है, मुझे हार्ट की बीमारी है या घुटनों में तेज दर्द है। इसी तरह सासू मां के आने की खबर सुनते ही कभी बच्चों की पढ़ाई तो कभी खुद की बीमारी का बहाना बनाने में देर नहीं करतीं। पड़ोसनों के सामने रौब झाड़ने के लिए अपने चुन्नू-मुन्नू और मुनिया को सुपर इंटेलिजेंट बताने में कोई हिचक नहीं होती है। भले ही बच्चा किसी तरह बस पास हुआ हो, लेकिन पूरे विश्वास से आंख मटकाते हुए यह कहने में हमें कोई परेशानी नहीं होती है कि हमारे बच्चों के अठानवे परसेंट मार्क्स आए हैं। इसी तरह पति की कमाई और अपनी उम्र छिपाने में भला हम महिलाओं से ज्यादा भरोसेमंद झूठ कौन बोल सकता है!

हमसे ही प्रेरणा लेकर हमारी काम वाली बाइयां, मेड झूठ बोलने की कला में हमसे भी चार कदम आगे निकल जाती हैं। एक महीने में चार छुट्टियों के अलावा आए दिन वो कभी बच्चों की बीमारी का बहाना तो कभी पति का दारू पीकर लड़ाई करने का बहाना, कभी सास बीमार और खुद की बीमारी तो कभी पास पड़ोस के झगड़े निपटाने के साथ कभी पानी भरने नल की लंबी कतार में लगने का बहाना, राशन लाने या बैंक जाने के नाम पर महीने में आठ-दस छुट्टियां जबरन हथिया ही लेती हैं। लेकिन ये मुआ मोबाइल फोन जब से आया है तब से झूठ बोलना भी रिस्की हो गया है। अब तो दो मिनट में सामने वाला आदमी लोकेशन ट्रेस करके पता लगा लेता है कि हम किस जगह हैं। ऐसे में झूठ बोलते समय अब तो हमें हजार बार सोचना पड़ता है। लेकिन बचपन से अगर झूठ बोलने की आदत लग गई तो हजार रिस्क उठाकर भी झूठ बोलने वाले बोल ही लेते हैं। सच तो यह है कि आज के दौर में झूठ बोले बिना मनवा लागे ना.. । *

लघुकथा / अलका 'सोनी'

## माई



माई, जिद छोड़ दे..। अब तेरी उम्र नहीं रही कि तू इतनी दूर से पानी लाकर प्याऊ चलाए। मुझे भी काम की वजह से सुबह-सुबह निकलना पड़ता है। अब तू अकेले यह काम मत कर।' सुवेश ने अपनी मां को समझाने की कोशिश की, लेकिन उसने एक ना सुनी, उसे तो प्यासे लोगों को पानी पिलाने की जैसे एक धुन सी सवार थी। 'तुझे फुर्सत नहीं तो ना सही। मैं यह काम नहीं छोड़ सकती।' सुवेश को चुप करा, पानी भरा घड़ा सिर पर रख मां चल पड़ी प्याऊ की ओर। साथ ही वह अपने अतीत में खोती गई। 'अरे, कोई तो दे दो चुल्लू भर पानी.. ! बच्चे का मुंह सूखा जा रहा है।' एक व्याकुल मां, तपते रेगिस्तान में करुण गुहार लगा रही थी। लेकिन दूर तक कोई सुनने वाला नहीं था। उसने भागकर आस-पास देखा, शायद किसी ने प्याऊ लगा रखा हो। लेकिन वहां कोई प्याऊ नहीं दिखा। मां हताश थी, करे तो क्या करे? बच्चे को वहीं छोड़ सामने की ओर भागी। कुछ दूर जाने के पर एक घर नजर आया। वहां से गिलास भर पानी मांग कर बच्चे के पास भाग कर आई। लेकिन बहुत देर हो चुकी थी। बच्चे ने हमेशा के लिए आंखें बंद कर ली थीं। मां चीत्कार कर उठी। उसने मन ही मन प्रण किया- अपने जीते जी वह किसी को प्यासा नहीं रहने देगी। अपना एक बेटा खो चुकी थी वह। अब किसी दूसरे का बेटा नहीं खोने देगी। बस, तब से घर से कुछ दूर पर उसने प्याऊ लगाना शुरू कर दिया था। आज जब छोटे बेटे ने मना कर दिया, तब उसका यह प्रण टूटने की जगह और मजबूत हो गया- किसी को प्यासा नहीं रहने दूंगी।

प्याऊ के चबूतरे पर आकर उसने पानी का घड़ा रखा और पास ही बैठ गई। तभी एक प्यासा राहगीर वहां आकर रुका। माई उसे शीतल जल पिलाने लगी। जैसे-जैसे राहगीर की प्यास बुझ रही थी, माई के मन को खुशी और तृप्ति मिल रही थी। *

# टीम घर पर जाए तो जरूर पिलाएं पोलियो की दवा

## पूरे जिले में रविवार को मनाया गया पल्स पोलियो अभियान का बूथ दिवस, सीएमओ ने जिला महिला अस्पताल से किया मुख्य कार्यक्रम का शुभारंभ

प्रखर कुशीनगर । पल्स पोलियो अभियान का जिले में रविवार से शुरू हुआ । पहले दिन जिले में बने 1553 बूथ पर पांच साल तक के बच्चों को दवा पिला कर बूथ दिवस मनाया गया । कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.सुरेश पटारिया ने जिला महिला अस्पताल में बने बूथ पर फीता काट कर खुशी ( 3 साल) को दवा पिलाकर किया । सोमवार से पांच दिनों तक लगातार पल्स पोलियो की टीम घर घर जाकर बच्चों को दवा पिलाएंगी । सीएमओ ने जनपदवासियों से अपील की है कि अगर उनका बच्चा पोलियो की दवा पीने से छूट गया है तो टीम के जाने पर दवा अवश्य पिलवा दें ।



सीएमओ ने बताया कि जिले में 1057 हाउस टू हाउस टीम बनाई गई हैं जो घर घर जाकर बच्चों को दवा पिलाएंगी । इनके अलावा 55 ट्रांजिट टीम और 24 मोबाइल टीम भी दवा पिलाएंगी । जिले के करीब 6 लाख बच्चों को दवा पिलाई जानी है । यह अभियान 324 सुपरवाइजर के पर्यवेक्षण में चलेगा। पांच जून को बी टीम चलेगी और छूटे हुए बच्चों को दवा पिलाई जाएगी ।

जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ.संजय गुप्ता ने बताया कि पोलियो का उन्मूलन देश से हो गया है लेकिन हाल ही में मोजाम्बिक देश में पोलियो के वायरस मिले हैं। पड़ोसी देशों में पहले से इसके वायरस मौजूद हैं। वहां के लोग दवा के प्रति उदासीन भी हैं। अब हर भारतीय नागरिक की जिम्मेदारी बनती है है कि वह अपने बच्चों को दवा अवश्य पिलवाएं। लोगों को इस अभियान की महत्ता समझनी चाहिए और दवा अवश्य पिलानी चाहिए।

सीएमओ ने कहा कि ईंट भट्ठों के श्रमिकों, मलिन बस्तियों और घूमंतू प्रजाति के लोगों के बच्चों को भी दवा पिलवाने में समाज के प्रबुद्ध लोग योगदान दें क्योंकि यह समूह उच्च जोखिम समूह है । इनका प्रतिरक्षण नितांत आवश्यक है। इस मौके पर अपर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ.दिलीप ,डब्ल्यूएचओ के विनय यादव, यूनिसेफ के डीएमसी शाहबाज मिनहाज, यूएनडीपी के सत्य प्रकाश द्विवेदी, बीएमसी पियूष, एएनएम पुनीतासुमन, बिन्दू और स्काउट से श्री बंका और अन्य बच्चे व स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

**नियमित टीकाकरण में भी है शामिल–** सीएमओ ने बताया कि पांच साल तक के बच्चों का सात बार नियमित टीकाकरण आवश्यक है । नियमित टीके के साथ भी पोलियो की खुराक दी जाती है । जिन बच्चों को नियमित टीके के साथ इसकी खुराक मिली है उन्हें भी अभियान के दौरान दवा का सेवन करना है।

**दो वषीर्या अर्पिता को पिलाया पोलियो ड्राप–** ग्राम पंचायत सुकरौली निवासी मनोज (30) ने बताया कि वह अपनी दो वषीर्या पुत्री अर्पिता को पोलियो ड्राप पिलाने अम्बेडकर पार्क पोलियो बूथ पर गए और पोलियो का ड्राप पिलाया। उन्होंने यह भी बताया कि वह समय समय पर नियमित टीकाकरण भी कराते रहते हैं, ताकि बच्चों को विभिन्न बीमारियों से बचाया जा सके।

## बाइक की टक्कर से अधेड़ की मौत

प्रखर गंभीरपुर /आजमगढ़। गंभीरपुर थाना क्षेत्र के मुड़हर चिरकिहिट रोड पर हरईराम पुर गांव के पास शनिवार की रात लगभग 10 बजे मोटरसाइकिल की धक्के से एक 58 वर्षीय व्यक्ति की मृत्यु हो गई। स्थानीय लोगों की मदद से समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र टिकरगाढ ले गए, हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने जिला अस्पताल आजमगढ़ के लिए रेफर कर दिया, जहां पर इलाज के दौरान देर रात्रि उसकी मौत हो गई प्राप्त जानकारी के अनुसार गंभीरपुर थाना क्षेत्र के हरईरामपुर गांव निवासी यूनुस उम्र 58 वर्ष पुत्र अज्ञात अपने घर से रात्रि लगभग 10:00 बजे लालगंज बाजार जा रहे थे कि चिरकिहीट गांव से पहले हरईराम पुर गांव के पास बुलेट मोटरसाइकिल से आमने सामने टक्कर लग गई जिससे युनूस रोड पर छिटक कर गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पाकर मौके पर पुलिस पहुंची तथा स्थानीय लोगों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र टिकर गाढ ले गए।जहाँ पर प्राथमिक उपचार के बाद स्थित गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया और उपचार के दौरान जिला अस्पताल मे उसकी मृत्यु हो गई सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के पुत्र इसरार अहमद ने बाइक चालक बरदह थाना क्षेत्र के बरसवा गांव निवासी राजदेव पुत्र विक्की के खिलाफ गंभीरपुर थाने में लिखित तहरीर देकर मुकदमा पंजीकृत कराया।

# वीर सावरकर को अपने जीवन मे आत्मसात करने की जरूरत है : अर्जुन शर्मा योगी

प्रखर रामनगर वाराणसी। वीर सावरकर वाहिनी सम्पूर्ण भारत के राष्ट्रीय कार्यकारिणी के नेतृत्व में श्री राम एकेडमी रामपुर रामनगर जनपद वाराणसी में स्वतंत्र्यवीर विनायक दामोदर सावरकर जी के 140वीं जन्मजयंती को प्रतिमा पर माल्यार्पण कर जयंती को मनाया गया जिस कार्यक्रम में वीर सावरकर वाहिनी के संस्थापक अर्जुन शर्मा योगी ने वीर सावरकर जी के जीवनी पर चर्चा की व सभा पटल पर रखते हुए कहा कि सावरकर जी ने माता भूमिः पुत्रोऽहं पृथिव्याः को आत्मसात कर आजीवन मां भारती की सेवा में समर्पित रहे, भारतीय स्वाधीनता संग्राम के महानायक, दूरदर्शी विश्लेषक, लेखक, समाज सुधारक और हिन्दू हृदय सम्राट 'वीर' विनायक दामोदर सावरकर जी ने सबसे पहले पूर्ण स्वतंत्रता को भारत के स्वतंत्रता आंदोलन का



लक्ष्य घोषित किया और राष्ट्रध्वज तिरंगे के बीच में धर्मचक्र लगाने का सर्वप्रथम सुझाव भी वीर सावरकर ने ही दिया था वहीं राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य सुचित पाठक ने अपने विचारों को रखते हुए कहा की आज वीर सावरकर को आत्मसात करके एक हिन्दू राष्ट्र की परिकल्पना कर सकते है सावरकर ने राष्ट्र के सर्वांगीण विकास का चिंतन किया, वे एक ऐसे प्रथम राजनीतिक बंदी थे, जिन्हें विदेशी (फ्रांस) भूमि पर बंदी बनाने के कारण हेग के अंतरराष्ट्रीय न्यायालय में मामला पहुंचा और बंदी जीवन समाप्त होते ही उन्होंने अस्पृश्यता आदि कुरीतियों के विरुद्ध आंदोलन शुरू किया कार्यक्रम में मुख्य रूप से अर्जुन शर्मा योगी सूचित पाठक विकास बघेल अविनाश सिंह ऋतुराज चौबे आनंद शर्मा चंदन जायसवाल एवं अन्य वीर सावरकर वाहिनी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## ईजा के प्रमुख राष्ट्रीय महासचिव ने समाजसेवी व पूर्व मंत्री को किया सम्मानित

प्रखर आजमगढ़। डिप्टी लेबर कमिश्नर स्टेनो प्रमुख समाज सेवी अनिल सिंह के आवास निबि पर पूर्व दर्जा प्राप्त मंत्री समाज सेवि तारकेश्वर उपाध्याय एवं टुनटुन



उपाध्याय एवं समाजसेवी बलवीर पुर अनिल सिंह को आइडियल जर्नलिस्ट एसोसिएशन के प्रमुख राष्ट्रीय महासचिव साहित्यकार संजय कुमार पांडे ने एसोसिएशन की वार्षिक पत्रिका आइडियल इंडिया एवं माल्यार्पण कर सम्मानित किया। अपने संबोधन में पूर्व मंत्री समाजसेवी तारकेश्वर उपाध्याय उर्फ टुनटुन उपाध्याय ने कहा कि आइडियल जर्नलिस्ट एसोसिएशन द्वारा जो हमें सम्मानित किया गया किसके लिए मैं सदैव आभारी रहूंगा श्री उपाध्याय ने कहा एसोसिएशन बराबर समाज में अच्छे कार्य करने वालों को सम्मानित करने का काम करता है और पत्रकारों के मान सम्मान एवं अधिकारों की लड़ाई लड़ता है। इस अवसर पर समाजसेवी बलवीर पुर अनिल सिंह ने कहा एसोसिएशन पत्रकारों के हितों के लिए लड़ाई लड़ने के साथ-साथ जो रचनात्मक कार्य करता है बहुत ही सराहनीय है मैं आइडियल जर्नलिस्ट एसोसिएशन की पूरी टीम को बधाई देता हूं। अंत में एसोसिएशन के राष्ट्रीय महासचिव साहित्यकार संजय कुमार पांडे ने कहा कि एसोसिएशन पत्रकारों के हितों के लिए बहुत ही जीवंतता एवं जिम्मेदारी के साथ आवाज को उठाता है इसके साथ साथ समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित करने का काम करता है। इस अवसर पर मंडल संयोजक मनोज पांडे प्रधान दुवार्सा रामकवल तिवारी एवं प्रेमचंद गिरी महंत शंकर जी मंदिर दुवार्सा इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

## मिस यूपी को द मर्सी क्लब ने किया सम्मानित



प्रखर जौनपुर। मिस यूपी खुशबू प्रजापति को द मर्सी क्लब ने उनके आवास पर पहुंच कर सम्मानित किया। द मर्सी क्लब के चेयरमैन एजाज अहमद ने कहा की ये क्षेत्र के लिए गौरव की बात है की खुश्बू मिस यूपी चुनी गई, द मर्सी क्लब ने परिवार के सम्बन्ध में पता किया तो पता चला की खुश्बू के पिता जी एक निजी दो पहिया कम्पनी में मिस्त्री है और खुशबू पांच बहनों में तीसरे नम्बर पर है और खुशबू खुद ब्यूटी पार्लर में काम करती है उपस्थित क्लब मेम्बर पवन कुमार प्रजापति ने मिस यूपी से कहा की किसी भी प्रकार की जरुरत के लिए आप क्लब को याद कर सकती है ,जिला प्रवक्ता रियाजुल हक ने मिस यूपी से कहा की आपको इस क्षेत्र में आगे जाने के लिए जो जरुरत पड़ेगी हमारा क्लब आपको सहयोग करेगा। कार्यकारी सदस्य रतन लाल मौर्या ने खुशबू के इस तरह से समाज में एक अलग मुकाम कायम करने के लिए विशेष बधाई देते हुए कहा की जौनपुर की महिलाएं युवतियां अब हर क्षेत्र में अग्रसर है उक्त अवसर पर कार्यकारी सदस्य राजेश सिंह, नगर अध्यक्ष अब्दुल सलाम, मोहमद खालिक, मनोज सेठ, जय सिंह राजपूत , फिरोज , सब्बीर आदि लोग मौजूद रहें।

### आल इण्डिया कवि सम्मेलन व मुशायरा आज

प्रखर खेतासराय जौनपुर। कस्बे में स्थित भारतीय विद्यापीठ कॉलेज में ऑल इण्डिया मुशायरा एंव कवि सम्मेलन सोमवार को आयोजित किया गया है।पिछले 17 वर्षों से प्रति वर्ष से यहां आयोजित होने वाले मुशायरे में देश के नामचीन शायर, कवि, कवियत्री शिरकत करते हैं।इस बार हाशिम फिरोजाबादी , मीसम गोपालालपुरी , चांदनी शबनम , अली बाराबंकवी , राधिका मित्तल , बिहारीलाल अम्बर , डंडा बनारसी , अय्यूब वफा , सुलतान जहां , हारून आजमी आदि अपनी रचनाएं प्रस्तुत करेंगे। संयोजक पत्रकार खुर्शीद अनवर खान ने बताया कि पूर्व सांसद धनंजय सिंह कार्यक्रम के अतिथि होंगे और अध्यक्षता एनसीपी अल्पसंख्यक सेल के राष्ट्रीय अध्यक्ष सिराज मेहदी करेंगे।इसके अलावा एमएलसी बृजेश सिंह प्रिंशु , बसपा नेता जुल्फिकार अहमद गामा, शमीम अहमद , नगर पंचायत अध्यक्ष वसीम अहमद विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे।

# चेयरमैन अध्यक्ष सुनील अग्रहरी एवं सभासदों को दिलाया गया शपथ

प्रखर पूर्वांचल सिद्धार्थ नगर। सिद्धार्थनगर जनपद के नगर पंचायत बढ़नी बाजार के रामलीला मैदान में सुनील अग्रहरि नवनिर्वाचित नगर पंचायत अध्यक्ष चेयरमैन एवं सभी सभासदो को शपथ ग्रहण कराया गया हजारों लोगों के बीच प्रदेश का ऐतिहासिक जनसैलाब उमड़ा पड़ा शपथ ग्रहण समारोह में संपन्न हुआ। उप जिलाधिकारी उत्कर्ष श्रीवास्तव ने गोपनीयता की शपथ दिलाई। मुख्य अतिथि सांसद जगदंबिका पाल,विशिष्ट अतिथि विधायक विनय वर्मा एवं नेपाल के पूर्व सांसद अभिषेक प्रताप शाह मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथियों ने अपने संबोधन में लोगों से कहा कि नगर पंचायत बढ़नी बाजार के विकास के लिए जिले से लेकर प्रदेश तक नगर पंचायत द्वारा प्रस्तुत किए गए कार्य में धन की कमी नहीं आने दी जाएगी चेयरमैन सुनील अग्रहरि ने कहा कि नगर पंचायत की सम्मानित जनता ने हमको अपना महत्वपूर्ण मत देकर महान योगदान किया है मतदान बहुत बड़ा दान होता है। इसे मैं कभी अपने जीवन में नहीं भूलूंगा बढ़नी नगर पंचायत के समस्त मतदाताओं की आन मान शान और विकास के लिए मेरा दरवाजा रात दिन खुला रहेगा जहां भी



आवश्यकता पड़ेगा उनके लिए अपने संपूर्ण जीवन का एक-एक क्षण आपके सुख दुख में निभाने का कार्य करूंगा आए हुए सभी लोगों का आभार प्रकट किया उन्होंने कहा कि मैंने अपना पूरा जीवन नगर वासियों के लिए सेवा करता चला आ रहा हूं आजीवन करता रहूंगा शपथ ग्रहण समारोह में श्रीमती साधना चौधरी,गीता अग्रहरि पूर्व नगर पंचायत बढ़नी बाजार प्रत्याशी, भानु प्रताप सिंह,गणेश अग्रहरि, विनोद अग्रहरि, आर्यन उर्फ उदय नारायणन अग्रहरि,अनिल अग्रहरी, सूरज अग्रहरि,गुड्डू अग्रहरि, राजू अग्रहरि, तन्मय अग्रहरि,यस अग्रहरि, विष्णु अग्रहरि, सरदार बिल्लू सिंह, मनोज पाण्डेय, त्रिजुगी अग्रहरी, सीए अमित कुमार अग्रहरी, सरदार हरभजन सिंह, त्रियुगी अग्रहरि, दिलीप अग्रहरि, रेशु अग्रहरि, राधेश्याम अग्रहरि, पटनेश्वरी अग्रहरि, राजकुमार अग्रहरि, राहुल अग्रहरि, विष्णु कुमार मित्तल, बृजेश अग्रहरि, कैंम्पियरगंज से राधेश्याम जायसवाल, आशीष कुमार अग्रहरी, विकास जायसवाल, श्रीप्रकाश शंभू अग्रहरी तथा बृजेशबारी, महेश चौधरी,सचिन चौधरी, मयंक, संजय चुड़ी वाले, अकाश, सहित नगर के हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रही।

# टीडी कालेज: छात्रा से सेक्स की डिमांड करने वाला प्रोफेसर सस्पेंड

## पाँच सदस्यीय टीम करेगी जाँच, 15 दिन बाद रिपोर्ट देगी प्रबन्धक को, पुलिस खुद दर्ज करा चुकी है एफआईआर

प्रखर जौनपुर। महाविद्यालय की गरिमा को तार-तार करने वाले टीचर के खिलाफ तिलकधारी सिंह महाविद्यालय के प्रबन्ध समिति ने कठोर निर्णय लेते हुए उन्हें आज तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया साथ ही पूरे मामले की जांच के लिए 5 सदस्य टीम गठित कर दी गई। यह टीम 15 दिन के भीतर अपनी रिपोर्ट प्रबन्धक को सौपेगी। मालूम हो कि बीते 25 मई की शाम से सोशल मीडिया में टीडी कालेज के प्रचीन इतिहास विभाग के एचओडी डॉ प्रदीप सिंह का एक वीडियों सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में आरोपी शिक्षक एक छात्रा को बीएड कराने तथा टीईटी परीक्षा पास करने का लालच देकर उसके साथ हम विस्तर होने के लिए प्रेररित कर रहे है। इसके अलावा तमाम तरह की



आपत्तिजनक बाते कह रहे है। यह वीडियों वायरल होते ही प्रिंसपल प्रोफेसर डॉ आलोक सिंह ने आरोपी टीचर से स्पष्टीकरण मांग लिया। इसकी जानकारी होते ही छात्रों में भारी आक्रोश व्याप्त हो गया। छात्रो ने प्राचार्य का घेराव करके आरोपी शिक्षक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने तथा उन्हे बरखास्त करने की मांग किया। आज एबीवीपी के छात्र-छात्राओं ने प्रिंसपल का घेराव करके आरोपी शिक्षक के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने की मांग किया। छात्रो के आक्रोश को देखते हुए लाइनबाजार पुलिस ने खुद संज्ञान लेते हुए थाने के दारोगा आशुतोष कुमार गुप्ता की तहरीर पर आरोपी टीचर प्रदीप कुमार सिंह के खिलाफ धारा 509, 67 के तहत मुकदमा दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। उधर कालेज की गरिमा तार तार होते देख कालेज प्रंधक तंत्र ने एक आपातकाल बैठक रविवार को बुलाई थी। बैठक में आरोपी शिक्षक को निलंबित करते हुए पांच सदस्यीय टीम गठित की गई है। यह टीम 15 दिन में पूरे मामले की जांच करके कालेज के प्रबंधक को सौपेगी।

## श्री भारतवर्षीय बरनवाल वैश्य महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव सकुशल संपन्न

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। श्री भारतवर्षीय बरनवाल वैश्य महासभा का त्रिवर्षीय चुनाव रविवार को बरनवाल सेवा समिति वाराणसी में सकुशल संपन्न हुआ जिसमे महासभा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी साथियों के द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष शशि भूषण प्रसाद को निर्विरोध अध्यक्ष बनाया गया जिसमें संरक्षक दीनानाथ बरनवाल ,शिव कुमार व उपाध्यक्ष विजय प्रकाश , डॉक्टर ओमशंकर , महामंत्री प्रदीप कुमार, संगठन मंत्री गोपीनाथ व ज्योति प्रकाश कोषाध्यक्ष मुकुंद लाल अंकेक्षक , अशोक कुमार, प्रेमचंद ,प्रधान संपादक प्रबोध चंद्र व कार्यकारिणी सदस्य के रूप में गोपाल प्रसाद, रमेश कुमार गुप्ता ,ललिता लाल, हर्ष चंद्र प्रसाद ,डॉक्टर विजय कुमार, उदय शंकर गुप्ता, शिव पूजन ,बाल्मिकी प्रसाद ,गणेश प्रसाद ,बालेश्वर प्रसाद ,मुगुनाथ प्रसाद चुने गए । इस कार्यक्रम का नेतृत्व बरनवाल सेवा समिति वाराणसी के द्वारा किया गया व मुख्य रूप से बरनवाल सेवा समिति के अध्यक्ष राजेंद्र बरनवाल ,मंत्री विनोद कौशिक, जिलाध्यक्ष



मोहन लाल बरनवाल ,मनोज जी ,घनश्याम दास , रमेश चंद्र ,शिवाजी बरनवाल ,शिवाकांत आर्य, अरुण ,नंदलाल , अशोक , शरद , मनोज ,नवयुवक संघ से विनोद कुमार बरनवाल ,रौशन कुमार बरनवाल, शुभम बरनवाल व पूरे भारत देश के बरनवाल साथियों का चुनाव के समय पुरा सहयोग रहा।

## संक्षिप्त खबरें

### धूमधाम से मनाई गई ग्रापए के संस्थापक की 36वीं पुण्यतिथि



प्रखर दानगंज वाराणसी। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के संस्थापक बाबू बालेश्वर लाल की 36वी पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया गया और उनके द्वारा ग्रामीण पत्रकारों के हित के लिए किए गए प्रयास की सराहना की गई। क्षेत्र के दानगंज स्थित उमा मेमोरियल पब्लिक स्कूल में ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन जनपद इकाई वाराणसी की तरफ से एक संगोष्ठी का आयोजन कर उपस्थित साथियों के बीच ग्रामीण इस दिन को ग्रामीण पत्रकारिता दिवस के रूप में मनाया गया। ग्रामीण पत्रकारिता दिवस पर संगठन के जिलाध्यक्ष सी बी तिवारी,बरिष्ठ पत्रकार अजय सिंह, देवमणि त्रिपाठी, अमित वर्मा, राहुल चौबे ने संबोधित किया। इस अवसर पर अभय यादव, आर डी यादव, विजय शंकर चौबे, नित्यानंद चौबे, दीपक सिंह, राजकुमार मिश्रा, अतुल सोनी, दुर्गेश यादव, महेश यादव, अतुल राय, अनुराग जायसवाल सहित अन्य सहयोगी साथी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता रामकुमार पाण्डेय ने किया। कार्यक्रम आयोजक चंद्रप्रकाश सिंह ने उपस्थित पत्रकार साथियों को मोमेंटो और कैलेंडर देकर स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया।

### नवागत प्रभारी निरीक्षक ने पत्रकारों के साथ की परिचयात्मक बैठक



प्रखर केराकत जौनपुर। कोतवाली परिसर में प्रभारी जय प्रकाश यादव की अध्यक्षता में रविवार को पूर्वान्ह साढ़े ग्यारह बजे एक परिचयात्मक बैठक की गयी। बैठक में उन्होंने सभी पत्रकारों के साथ परिचय प्राप्त करने उपरान्त उन्होंने पत्रकारों से कोतवाली क्षेत्र में शान्ति व्यवस्था बनाये रखने कर लिये अपील किया। साथ ही होने वाले भ्रष्टाचार और क्षेत्र को अपराध मुक्त कराने में हर सम्भव मदद मांगी। इस अवसर पर केराकत पत्रकार संघ अध्यक्ष अमित सिंह, केतन विश्वकर्मा, फिरोज अंसारी, रामदास यादव, डॉ फिरोज, प्रवीन कुमार, अरविंद कुमार यादव, अवनीश वर्मा, अब्दुल हक अंसारी, पुष्पेंद्र सिंह, सन्तोष विश्वकर्मा समेत अन्य पत्रकार साथी मौजूद रहे।

### संसद के नए भवन का प्रधानमंत्री द्वारा लोकार्पण पर अंतर्राष्ट्रीय हिंदु महासभा ने दी बधाई

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। अंतर्राष्ट्रीय हिंदु महासभा के प्रदेश महासचिव संपूर्णा नंद पाण्डेय ने नए संसद भवन के उद्घाटन देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कर कमलों द्वारा होने पे पूरे देश को दी बधाई और कहा की यह संसद भवन लोकतंत्र का मंदिर है यहां पे एकता और अखंडता की भावना को मजबूत करेगा यह स्वतंत्र भारत का प्रथम लोकतंत्र मंदिर है यहां सभी को गौरान्वित होना चाहिए न की विरोध करना चाहिए ऐसा संसद भवन बनाने वाले श्रमिको को भी बधाई देता हु और उन्हे प्रणाम करता हुं।




### पीएम के मन की बात को बीजेपी कार्यकर्ताओं ने सुना




प्रखर खेतासराय जौनपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात 101 वे प्रसारण रविवार को बीजेपी नेता संजय विश्वकर्मा के प्रतिष्ठान पर कार्यकताओं ने सुना । पीएम ने संग्रहालयो के महत्व के साथ ही जलसंचय, युवा संगम को लेकर बात की और सावरकर को भी याद किया । वरिष्ठ भाजपा नेता संजय विश्वकर्मा ने कहा कि मन की बात का प्रसारण बेमिसाल है । आज पूरा विश्व प्रधानमंत्री जी का कायल है । इस मौके पर कपूर चंद जायसवाल, जगदंबा प्रसाद पांडे, कृष्ण मुरारी मौर्य, उषा मौर्य, अनिल प्रजापति, विनीता मौर्य, अमित जायसवाल, विकास पांडे, जयसिंह सोनकर, समेत अन्य लोग शामिल रहे ।

प्रखर पूर्वांचल

RNIUPHIN/2016/68754

मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह' द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस' सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित

सम्पादकीय कार्यालयः 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001

सम्पर्क सूत्रः 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802

सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होंगें।

ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं